खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C न्यूनतम: 12°C
सेंसेक्स 77,414.92 निफ्टी 23,519.35
सोना 92,115 चांदी 1,04,000

नई दिल्ली, रविवार 30 मार्च 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 363 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## म्यांमार त्रासदी: मौत का आंकड़ा 1644 पहुंचा

### 3400 घायल, म्यांमार में फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, दो दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता के भूकंप आए

नेपीदा, वार्ता

**म्यांमार में** शनिवार दोपहर 3.30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने जताई है।

भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग लापता हैं, उनमें से कई बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत के मलबे में फंसे हुए हैं। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,644 हो चुका है, जबकि 3400 से ज्यादा लोग घायल हैं। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है। संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपये) दिए। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा है। चीन की रेस्क्यू टीम सबसे पहले पहुंची। हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भेजेंगे। थाईलैंड में आए भीषण भूकंप के दौरान बैंकॉक के डाक्टरों ने हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर एक बच्चे को जन्म दिलवाया। महिला बच्चे को जन्म देने के लिए हॉस्पिटल गई हुई थी, इसी दौरान भूकंप आ गया। इसके बाद डाक्टरों को हॉस्पिटल को खाली करना पड़ा। बैंकॉक शहर के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। इसके लिए वे 100 से ज्यादा इंजीनियरों को तैनात करने जा रहे हैं।



- यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे को आशंका, 10 हजार से ज्यादा हो सकता है मौत का आंकड़ा
- पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए और 100 से अधिक लोग लापता

### भारत ने म्यांमार के लिए सहायता की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार के लोगों के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि वायुसेना का सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट लेकर जा रहा है। इस उड़ान के साथ एक खोज और बचाव दल और चिकित्सा दल भी है। हम घटनाक्रम पर नज़र रखना जारी रखेंगे और आगे और सहायता भेजी जाएगी।

### मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से बात कर एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण भूकंप से तबाह म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग फ्लाइंग से बात कर कहा है कि भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ खड़ा है और राहत सामग्री के साथ-साथ बचाव अभियान में भी मदद कर रहा है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग फ्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

### यूपी से म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 मेडिकल स्टाफ

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। यूपी के आगरा से 118 सदस्यों वाला फील्ड अस्पताल म्यांमार जाएगा। ऑपरेशन ब्रह्मा पर विदेश मंत्रालय ने बताया कि म्यांमार में भारत के राजदूत राहत और बचाव कार्यों का बेहतर समन्वय करने के लिए फिलहाल नेपीदा में हैं। सरकार के मुताबिक भारतीय समुदाय के किसी सदस्य के हताहत होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, 17 नक्सली ढेर

सुकमा, वार्ता

- इंसॉस और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद दो जवान भी घायल

**छत्तीसगढ़ के** सुकमा जनपद में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में अब तक 17 नक्सली मारे गए हैं। इंसास और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। एक साल के अंदर अब तक 410 नक्सली मारे जा चुके हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने अपडेट देते हुए बताया कि 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। खबर है कि इस मुठभेड़ में डीवीसीएम जगदीश ढेर हो गया है। वहीं सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि हमने अब तक 17 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। बड़ी संख्या में एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में हुई है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। आगे बताया कि केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात को अभियान शुरू हुआ। अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति की सूचना परब 28 मार्च को जिला सुकमा डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए हुई। अभियान के दौरान शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल और आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग जारी है।

### हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ में 17 नक्सलियों को ढेर किए जाने पर सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए शनिवार को संकल्प व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने हथियार रखने वालों से अपील की है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता। केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

## 29वां रोज़ा

### दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।




### सऊदी अरब में हुआ चांद का दीदार भारत में कल मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी में ईद का चांद नजर आ गया है। सऊदी अरब में अब 30 मार्च (आज) को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। 29 मार्च को सऊदी अरब में ईद का चांद नजर आने का लोगों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था, जो कि अब खत्म हुआ और ईद का चांद नजर आ गया। वहीं, भारत में 30 मार्च को चांद नजर आएगा और ईद-उल-फितर 31 मार्च 2025, सोमवार को मनाई जाएगी। हर बार भारत से एक दिन पहले सऊदी अरब में ईद मनाई जाती है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि सऊदी अरब में रमजान एक दिन पहले यानी 1 मार्च से शुरू हुआ था, तो वहीं, भारत में रमजान की शुरुआत 2 मार्च से हुई थी। इस्लामिक कैलेंडर चांद के मुताबिक चलता है और हर हिजरी महीने की शुरुआत चांद दिखने से तय होती है। ईद-उल-फितर इस्लामी महीने शव्वाल की पहली तारीख को मनाई जाती है।

### आयुष्मान भारत योजना में 36.9 करोड़ कार्ड बने

**नई दिल्ली।** देश की स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रमुख आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत 36.9 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संसद में पेश एक रिपोर्ट में कहा है कि आयुष्मान भारत योजना देश में स्वास्थ्य सेवा का परिदृश्य बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ।

## डिजिटल अरेस्ट में बुजुर्ग दंपति ने की आत्महत्या

बेंगलुरु, वार्ता

- ठगों ने कर्नाटक में दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन 50 लाख ठगे सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

**कर्नाटक के** बेलगावी में एक बुजुर्ग दंपति ने डिजिटल अरेस्ट में 50 लाख रुपये की साइबर ठगी होने के बाद आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जबकि उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की।

पुलिस के मुताबिक, ठगों ने बुजुर्ग दंपति से वीडियो कॉल पर संपर्क किया और खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उन्होंने दंपति को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपये ठग लिए। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेद ने बताया कि पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है और ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है और इसकी जांच की जा रही है। ठगों ने खुद को दिल्ली के टेलीकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपति को कॉल -शेष पृष्ठ दो पर

## प. बंगाल के मालदा में हिंसा 34 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं।

हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।



- उपद्रवियों ने दुकानें- गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट




## यूपी में यकायक बदला मौसम का मिजाज

- पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चलीं

**लखनऊ।** उप्र में एक बार फिर से मौसम ने यू-टर्न लिया है। शनिवार की सुबह से पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चल रही हैं। शुक्रवार की आंधी रात को कई जिलों में धूल भरी हवाएं चली थीं।

मौसम विभाग ने पहले ही शनिवार को मौसम में बदलाव की भविष्यवाणी की थी। देश के दूसरे राज्यों में हुए मौसम का बदलाव भी यहां देखने को मिल रहा है। प्रदेश में बीते दो से तीन दिनों में चुभने और जलने वाली गर्मी पड़ी थी। कई जिलों में तापमान 40 के आसपास पहुंच गया था। शुक्रवार को प्रयागराज और हमीरपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया और लू जैसी स्थितियां रहीं। कई जिलों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। वाराणसी, सुल्तानपुर, अमेठी जैसे शहरों में भी उष्ण दिवस रहा और तपिश से लोग बेहाल रहे। हालांकि 30 से 40 किमी रफ्तार से चली पछुआ के असर से तीखी गर्मी और तपिश बर्दाश्त करने लायक रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक रविवार को भी पछुआ की रफ्तार बनी रहेगी और पारे में थोड़ी सी गिरावट आएगी और तात्कालिक तौर पर तपिश से थोड़ी राहत मिलेगी। सोमवार से गर्मी फिर से सिर उठाएगी। अप्रैल की शुरुआत तपिश भरी धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के साथ होगी।

## कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई में तीन नए केस दर्ज

**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं।

मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। केस में मुंबई पुलिस कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है।



## नदियों की हालत देख चिंता होती है: जस्टिस नाथ

### दिल्ली पॉल्यूशन को लेकर कहा: बच्चे बाहर खेलने के लिए भी मास्क लगाएं, ये मंजूर नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि देश की नदियां देखकर चिंता होती है। वे गंदगी से भरी पड़ी हैं। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम इनका गौरव बचाने में असमर्थ हैं, ये चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में पॉल्यूशन का लेवल हर रोज हाई होता है। हम सभी का मानना है कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना कतई मंजूर नहीं, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए भी मास्क की जरूरत, कम उम्र में सांस संबंधी बीमारियों की चिंता हो। शनिवार को जस्टिस नाथ दिल्ली में विज्ञान भवन में पर्यावरण पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन- 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी थीं। कार्यक्रम में देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी भी मौजूद थे। जस्टिस नाथ ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने की जरूरत है, जो आर्थिक विकास और पर्यावरण की भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें। सरकारी नीतियों को ग्रीन टेक्नॉलोजिस पर फोकस करना चाहिए। हमें एमिशन को रेग्यूलेट करने, क्लीन टेक्नॉलोजिस में इंवेस्ट करने और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट ऑप्शन के लिए साथ आना चाहिए। जिससे हमें सांस लेने वाली हवा से समझौता नहीं करना पड़े और आर्थिक प्रगति हो। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं चिंता होती है। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम उन्हें उनकी नेचुरल प्राइड में कंजर्व करने में असमर्थ हैं। ये चिंता का विषय है।



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत-2082 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है। अपने बधाई सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बासंतीय नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपा. सना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। बासंतीय नवरात्रि की प्रतिपदा से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में एक नई उमंग, एक नए उत्साह के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो, नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।

### जामिया में नमाज पर प्रतिबंध, एमएमयू ने की निंदा

**श्रीनगर।** मुत्ताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) ने शनिवार को यहां ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शब-ए-कद्र और जुमात-उल- विदा की नमाज की अनुमति नहीं देने और कश्मीर के प्रमुख मौजवी मीरवाइज उमर फारूक को घर में नजरबंद किए जाने की कड़ी निंदा की और इसे क्षेत्र में मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में खुला हस्तक्षेप बताया। एमएमयू जम्मू-कश्मीर में 45 धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधि मंच है, जिसका नेतृत्व मीरवाइज उमर फारूक करते हैं। एमएमयू ने एक बयान में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि जहां युद्धग्रस्त क्षेत्रों और संघर्ष क्षेत्रों सहित दुनिया के हर हिस्से में लोगों को इन पवित्र प्रार्थनाओं को शांतिपूर्वक करने के लिए इकट्ठा होने की अनुमति दी गई थी, वहीं केवल कश्मीर में मुसलमानों की सबसे बड़ी सभा को जानबूझकर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और यह जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने और उन पर अंकुश लगाने की नीति को प्रदर्शित करता है।

### वक्फ बिल को लेकर तनाव फैलाना खतरनाक: कलराज

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि वक्फ बोर्ड विधेयक को राजनी. तिक स्वरूप देकर इस पर साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की को. शिश करना देश के लिए खतरनाक है। उत्तर प्रदेश के देवरिया में शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता मिश्र ने बातचीत में कहा कि मुझे लगता है कि वक्फ बोर्ड का जो विधेयक लाया जा रहा है। उस विधेयक को विरोधी दल एक धर्म का विधेयक मानकर उसका राजनीतिकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोधी दल इसे राजनीति से प्रेरित होकर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि यह कोई धर्म विधेयक नहीं है। हमेशा से कानून के दृष्टिकोण से सुधार करने करने के लिए विधेयक लाए जाते रहे हैं और समय-समय पर कानून में संशोधन भी हुए हैं, उसी प्रक्रिया के तहत यह विधेयक लाया गया है।

# एयरफोर्स के इंजीनियर की हत्या

**प्रयागराज, वार्ता**



■ प्रयागराज में घर में घुसकर मारी गोली

भारतीय वायु सेना के इंजीनियर की घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और वायुसेना दोनों पारिवारिक रंजिश का एंगल, विभाग की रंजिश के एंगल समेत कई एंगल पर जांच कर रही हैं। चीफ इंजीनियर का नाम एसएन मिश्रा है। उन्हें जब गोली मारी गइ, तब वह घर में सोए हुए थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हत्या की यह वारदात सुबह करीब तीन बजे हुई। अज्ञात हमलावर ने बाहरी खिड़की से गोली मार दी।

घटना पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बम्हरौली इलाके में स्थित कॉलोनी की है। पुलिस को शुरुआती जांच में आपसी रंजिश में हत्या की आशंका लग रही है। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के साथ-साथ वायुसेना भी इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बम्हरौली इलाके में स्थित एयरफोर्स कॉलोनी में एसएन मिश्रा अपने परिवार के साथ रहते थे। शनिवार सुबह करीब तीन बजे कुछ लोग घर की खिड़की पर पहुंचे। ऐसे में जैसे ही मिश्रा ने खिड़की खोली, हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए, तो उन्होंने देखा कि मिश्रा जमीन में लहूलुहान पड़े थे। मिश्रा को तुरंत सेना के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर फॉरेंसिक की टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से सबूत एकत्र किए। मिश्रा के कमरे को भी सील कर दिया गया है। वायुसेना ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा आसपास के सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर हमलावरों का पता लगा रही है।

# नई पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पर्यावरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का आह्वान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत सौंपना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

मुर्मू ने शनिवार को यहां 'पर्यावरण-2025' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पर्यावरण से जुड़े सभी दिवस यह संदेश देते हैं कि हमें उनके उद्देश्यों और कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर यथासंभव अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सभी की भागीदारी पर आधारित सतत सक्रियता से ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन संभव होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों और युवा पीढ़ी को व्यापक स्तर पर पर्यावरण परिवर्तन का सामना करना होगा और उसमें योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों के स्कूल, कॉलेज और करियर की चिंता के साथ साथ यह यह भी सोचना होगा कि बच्चे कैसी हवा में सांस लेंगे, उन्हें कैसा पानी पीने को मिलेगा, वे पक्षियों की मधुर आवाज सुन पाएंगे या नहीं, वे हरे-भरे जंगलों की खूबसूरती का अनुभव कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इन विषयों के आर्थिक, सामाजिक और वैज्ञानिक पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी विषयों से जुड़ी चुनौतियों का एक नैतिक पहलू भी है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवे. दनशील जीवनशैली अपनानी होगी, ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो बल्कि संवर्धित भी हो और पर्यावरण अधिक जीवंत बन सके। स्वच्छ पर्यावरण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाना एक अवसर और चुनौती दोनों है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि प्रकृति एक मां की तरह हमारा पोषण करती है और हमें प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहींद्ध संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। इसी परंपरा का पालन करते हुए हम विक. सित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले एक दशक में भारत ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों के अनुसार अपने निर्धारित योगदान को समय से पहले पूरा किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने देश के पर्यावरण शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने पर्यावरण न्याय या जलवायु न्याय के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाई है। एनजीटी द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का जीवन, स्वास्थ्य और पृथ्वी के भविष्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पर्यावरण प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी संस्थाओं और नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि देश और पूरे विश्व समुदाय को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी हरित पहलों के माध्यम से विश्व समुदाय के सामने कई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों की भागीदारी से भारत वैश्विक स्तर पर हरित नेतृत्व की भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जहां हवा, पानी, हरियाली और समृद्धि पूरे विश्व समुदाय को आकर्षित करती है।

## एटीएम निकासी शुल्क बढ़ाना जनविरोधी: खड़गे

# बैंकों के जरिये जनता को लूट रही सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मोदी सरकार देश के बैंकों को कलेक्शन एजेंट बना दिया, केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी लगता है शुल्क

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एटीएम से पैसे निकालने पर शुल्क बढ़ाने के सरकार के निर्णय को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि सरकार बैंकों के माध्यम से देश की जनता को लूटने का काम कर रही है।

खड़गे ने कहा कि बैंक एटीएम, केवाईसी, वहाट्सएप पर निकाशी तथा जमा संबंधी संदेश देने, ग्राहक का अपने खाते का विवरण हासिल करने आदि पर पैसे वसूल कर आम लोगों को लूटने में लगी है। पहले बैंक इसका डाटा देते थे लेकिन अब सरकार यह कहते हुए डाटा देने से इनकार कर दिया कि रिजर्व बैंक डाटा नहीं रखता है। उन्होंने एटीएम पर शुल्क बढ़ाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि दुर्भाग्य से मोदी सरकार ने हमारे बैंकों को 'कलेक्शन एजेंट' बना दिया है। एटीएम निकासी शुल्क महंगा होगा। मोदी सरकार ने 2018 से 2024 के बीच बचत खातों और जन धन खातों से न्यूनतम शेष राशि न रखने के कारण कम से कम 43,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। बैंकों पर नागरिकों को लूटने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैंकों द्वारा वसूले जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए कहा कि बैंकों को सालाना निष्क्रियता शुल्क 100-200 रुपए है। स्टेटमेंट जारी करने का शुल्क 50-100 है। एसएमएस अलर्ट के लिए प्रति तिमाही 20-25 का शुल्क लिया जाता है। ऋण प्रसंस्करण शुल्क के रूप में 1.3 प्रतिशत शुल्क लेते हैं। एनईएफटी, डिमांड ड्राफ्ट शुल्क अतिरिक्त बोझ हैं। केवाईसी अपडेट जैसे हस्ताक्षर परिवर्तन पर भी शुल्क लगता है। पहले केंद्र सरकार इन शुल्कों से एकत्रित राशि का डेटा संसद में उपलब्ध कराती थी, लेकिन अब यह प्रथा भी यह कहकर बंद कर दी गई है कि 'रिजर्व बैंक' ऐसा डेटा नहीं रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो डॉलर के मुकाबले उस समय 60 रुपए थे और वह कहते थे रुपया आईसीयू में चला गया है लेकिन आज डॉलर की तुलना में रुपया 89 पर है। रुपया वेंटिलेटर पर लेकिन श्री मोदी खामोश हैं।

### केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा बाधित कर रही है: प्रियंका

**वायनाड, (केरल)।** कांग्रेस महासचिव एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच से बचने के लिए संसद में चर्चा को जानबूझकर बाधित कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने यहां दिशा बैठक में भाग लेने के बाद कलपेटा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी संसद में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सक्रिय रूप से बाधित कर रही है और यह हमारे (सांसदों के) लिए बहुत दुखद है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सत्तारूढ़ सरकारों की नीति लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करना है। आमतौर पर ऐसी धारणा है कि विपक्ष पर संसद की प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की ओर से एक नए प्रकार की है और मैंने संसद के पिछले कुछ सत्रों में ऐसा देखा है।

### सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नियामक कुप्रबंधन तथा सरकार के नजदीकी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले कदमों के कारण देश के बैंकिंग सिस्टम को बर्बाद कर दिया है और बैंक गंभीर संकट में आ गए हैं। गांधी ने कहा कि बैंकों में भाई-भतीजावाद चल रहा है और सरकार के करीबी उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनका ऋण माफ किया जा रहा है। संसद परिसर में उनसे मिलने आए आईसीआई सीआई बैंक के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत में उनकी शिकायतों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की कीमत कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है और उनका शोषण तथा उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने शोषण का शिकार लोगों से उनसे मिलकर अपनी पीड़ा व्यक्त करने भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने अरबपति मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए हैं। नियामक कुप्रबंधन के साथ-साथ भाई-भतीजावाद ने भारत के बैंकिंग क्षेत्र को संकट में डाल दिया है। इसका बोझ अंततः जूनियर कर्मचारियों पर पड़ता है, जो तनाव और विषाक्त कार्य स्थितियों को झेलते हैं। गांधी ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक के 782 पूर्व कर्मचारियों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने कल संसद में मुझसे मुलाकात की।

# शाहवर शोहरत जैदी को राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ सीएम योगी को अब मठ में जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए

**अमरोहा।** अल्पसंख्यकों की सहभागिता और सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अमरोहा ज़िले की शाहवर शोहरत जैदी को भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है।

एक गतिशील उद्यमी, परोपकारी और महिला सशक्तिकरण की पैरोकार सुश्री जैदी लंबे समय से समावेशी विकास को बढ़ावा देने और हाशिए पर पड़े समुदायों, खास तौर पर अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि की महिलाओं के उत्थान के लिए समल्पत रही हैं। उनकी नियुक्ति सार्थक बदलाव को आगे बढ़ाने और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समूहों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आभार व्यक्त करते हुए, सुश्री जैदी ने समावे. शिता और सामुदायिक उत्थान में उनके नेतृत्व के लिए एनसीएम के माननीय अध्यक्ष इकबाल सिंह लाल. पुरा की सराहना की। उन्होंने एक मजबूत और टिकाऊ सशक्तिकरण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में निरंतर समर्थन के लिए रमणीक सिंह मोंगिया, सुश्री शैलजा नारंग और सुश्री शिखा की भी सराहना की। सुश्री जैदी की नियुक्ति समानता, आर्थिक अवसर और सामाजिक विकास में अंतर को पाटने के उनके चल रहे प्रयासों को रेखांकित करती है। अपनी नई भूमिका में, उनका लक्ष्य उन पहलों को आगे बढ़ाना है जो स्थायी प्रभाव डालें और पूरे भारत में अल्पसंख्यक समुदायों का उत्थान करें। उनके नामांकन का सामाजिक विकास, उद्यमिता और अल्पसंख्यक मामलों के हितधारकों द्वारा व्यापक रूप से स्वागत किया गया है, जो उन्हें प्रगति और सकारात्मक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में पहचानते हैं।

## अर्थ व्यापार

# ऊर्जा आपूर्ति व खपत में बढ़ोतरी जारी

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारत ने 2047 तक विकसित बनने के स्वप्न को साकार करने के लिए वैश्विक महामारी पर नियंत्रण पाकर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा आपूर्ति और खपत दोनों में स्थिर और स्वस्थ वृद्धि दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वार्षिक प्रकाशन 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025' शनिवार को जारी किया जिसके अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऊर्जा के मामले में स्वस्थ वृद्धि देखा है, जिसमें कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (टीपीईएस) में पिछले वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 9,03,158 केटीओई (किलो टन तेल समतुल्य) पर पहुंच गई। भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावना है, जो 31 मार्च 2024 तक 21,09,655 मेगावाट है। पवन ऊर्जा से ऊर्जा उत्पादन की क्षमता में सबसे अधिक 11,63,856 मेगावाट (लगभग 55 प्रतिशत) की हिस्सेदारी है, इसके बाद सौर ऊर्जा (7,48,990 मेगावाट) और बड़ी पनबिजली (1,33,410) का स्थान आता है। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की आधी से ज्यादा क्षमता भारत के चार राज्यों में केंद्रित है जिनमें राजस्थान (20.3 प्रतिशत), महाराष्ट्र (11.8 प्रतिशत), गुजरात (10.5 प्रतिशत) और कर्नाटक (9.8 प्रतिशत) शामिल है। नवीकरणीय संसाधनों से बिजली उत्पादन (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता सहित) की स्थापित क्षमता में भी पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2015 को 81,593 मेगावाट से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 1,98,213 मेगावाट हो गई है, जो पिछले वर्षों में 10.36 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। नवीकरणीय संसाधनों (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता दोनों को मिलाकर) से बिजली का सकल उत्पादन भी पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान उत्पादित 2,05,608 जीडब्ल्यूएच बिजली की मात्रा से, यह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 3,70,320 जीडब्ल्यूएच हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 6-76 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान 14,682 मेगा जूल प्रति व्यक्ति से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 18,410 मेगा जूल प्रति व्यक्ति हो गई है, जो पिछले कुछ वर्षों में 2. 55 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि है।

### 100 करोड़ से अधिक के अल्ट्रा लक्जरी होम मार्केट में आया उछाल

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख महानगरीय केंद्रों मुंबई और दिल्ली एनसीआर में पिछले तीन सालों में 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक कीमत वाले 49 अल्ट्रा लग्जरी घर बेचे गए हैं, जो देश के लग्जरी रियल एस्टेट बाजार में मजबूत मांग का प्रतीक है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी कंपनी जेएलएल ने शनिवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में कहा कि घर खरीदने वालों के कुलीन वर्ग ने सामूहिक रूप से इन आलीशान घरों में 7,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिनमें से आधे लेन-देन - कुल 3,652 करोड़ रुपए - अकेले 2024 में हुए हैं। इसने कहा कि गति धीमी होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि 2025 के पहले दो महीनों में पहले ही चार अल्ट्रा-लक्जरी घरों की बिक्री हो चुकी है, जिनका कुल मूल्य 850 करोड़ रुपए है। जेएलएल के मुख्य अंर्थशास्त्री एवं अनुसंधान और आरईआईएस, भारत के प्रमुख सामंतक दास ने कहा कि पिछली धारणाओं के विप. रीत बंगले और विला जैसे स्वतंत्र घर अब ट्रॉफी आवासीय निवास के पर्याय नहीं रह गए हैं। इस तरह के ऊंचे अपार्टमेंट इस विशिष्ट क्षेत्र में एक विशेष आवासीय अनुभव प्रदान करते हैं।

# स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त, जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5450-5550, दाल चना 6450- 6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विटल पर रहा है।

# माटी कला पुरस्कार समारोह में पारंपरिक कारीगरों को किया सम्मानित

■ इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने शनिवार को मिट्टी के बर्तन और ग्रामोद्योग के क्षेत्र में योगदान देने वाले उत्कृष्ट शिल्पियों और उद्यमियों को सम्मानित किया। लखनऊ के गांधी भवन सभागार में आयोजित 'राज्य स्तरीय माटी कला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार समारोह 2025' के दौरान ये पुरस्कार वितरित किए गए। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल कारीगरों को वित्तीय सशक्तीकरण प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करना भी है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और कारीगरों ने इस पहल की सराहना की तथा इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया है। समारोह का उद्घाटन खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। सचान ने पर्यावरणं संरक्षण, जन स्वास्थ्य में सुधार और रोजगार सृजन के लिए मिटी के बर्तनों और खादी उद्योगों को बढ़ावा देने की योगी सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में मिटी से बने उत्पादों कुल्हड़, गिलास, प्लेट और बोतल का उपयोग करने को प्रोत्साहित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**डिजिटल अरेस्ट...** किया। उन्होंने दावा किया कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है, जो अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। पहले सुमित बिर्रा नामक ठग ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताकर धमकाया और फिर अनिल यादव नाम के शख्स से कॉल ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया। ठगों ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली। डर और घबराहट में आकर, दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई। बुजुर्ग दंपति लगातार मिल रही धमकियों और ठगी की वजह से मानसिक रूप से टूट गए और उन्होंने घर में आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने ठगी की सारी जानकारी दी है। शुरुआत में पुलिस को हत्या का संदेह हुआ, लेकिन जब दंपति का सुसाइड नोट और मोबाइल फोन रिकॉर्ड खंगाले गए, तो साइबर ठगी का मामला सामने आया। बुजुर्ग दंपति महाराष्ट्र सचिवालय में कार्यरत रह चुके थे और सेवानिवृत्त जीवन जी रहे थे। उनकी कोई संतान या करीबी रिश्तेदार नहीं थे। वे डर और शर्मिंदगी के कारण किसी को अपनी परेशानी नहीं बता सके।

# दिल्ली जीत गए, अब बिहार की बारी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार से मिली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली जीत गए हैं, अब बिहार की बारी है।

नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्च की ओर से यहां के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव पर तीखा प्रहार किया और कहा कि उनके (यादव के) शासनकाल में बिहार जंगलराज में तब्दील हो गया था। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा आया था कि शाम पांच बजे के बाद लोगों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था। लालू राज ने बिहार को डूबता हुआ बिहार बना दिया था। डॉक्टर, उद्योग. पति और अन्य पेशेवर लोग बिहार से पलायन करने लगे थे, लेकिन अब स्थित बदल चुकी है। बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली है। दुनिया के किसी भी कोने में जाएंगे, तो मैथिली, मगही या भोजपुरी बोलने वाले मिल जाएंगे। ईमानदारी से अपने काम को करने की ताकत इसी बिहार की धरती के लोगों में हैं। उन्होंने कहा कि जहां पूर्वांचल चल पड़ता है, वहां से देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है। बिहार चाणक्य की भूमि रही है, तो महात्मा गांधी और लो. कनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने बचपन के दौरान मैंने गंगा किनारे महात्मा गांधी सेतु को बनते हुए देखा है, निर्माण कार्य कई दशकों तक चलता रहा। आज बिहार में गंगा किनारे मरीन ड्राइव बन चुका है। सड़क और रेल के बड़े ब्रिज बन चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2005 में बिहार में ग्रामीण क्षेत्र में सड़क केवल 384 किलोमीटर की थी, लेकिन इस समय एक लाख 12 हजार किमी सड़क बन चुकी है। बिहार में राजमार्ग बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना की सौगात बिहार को दी है। उन्होंने कहा कि श्री लालू से लोग सड़क बनाने की बात करते थे, तो वह कहते थे कि सड़क बन जाएगी, तो पुलिस आ जाएगी, ए बेवकूफी ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि कभी आपने सोचा था कि पूर्णिया, सारण, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई जैसे शहरों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप



खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## दुश्मनों को फंसाने के लिए रची साजिश

# मुख्य आरोपी समेत तीन दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संगम विहार में अपने दुश्मनों को फायरिंग के मामले में फंसाने की साजिश रचने वाले आरोपित को पुलिस ने उसके दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनसे एक पिस्तौल और बाइक बरामद की है। मुख्य आरोपित ने अपने दुश्मनों को फंसाने के लिए साथियों से घर पर गोली चलवाई थी। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपितों की पहचान संगम विहार निवासी दिनेश उर्फ अमित, शाहरुख उर्फ गहिया और नासिर के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि २१ मार्च को संगम विहार आइ ब्लाक में गोली चलने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। यहां पर शिकायतकर्ता नासिर ने पुलिस को बताया कि दो अज्ञात लड़के उसके घर आए और दो राउंड फायरिंग की। साथ ही उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें पता चला कि दो युवक बाइक पवर आए थे।

पुलिस को मौके से दो खोखे भी मिले थे। फुटेज में दोनों आरोपितों के चेहरे कपड़े से ढके थे। तब पुलिस ने अन्य जगहों की फुटेज देखी। इस दौरान पता चला कि आरोपितों ने पुलिस से बचने के लिए अपने कपड़े बदल लिये। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक के नंबर का पता लगाया। यह नासिर के नाम पंजीकृत मिली। तब पुलिस ने मुखबिर के आधार पर दिनेश और और शाहरुख को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपितों ने बताया कि शिकायतकर्ता नासिर ने अपने दुश्मनों को फंसाने के लिए खुद के घर पर गोली चलवाई थी।

पूर्व में दिनेश पर तीन, शाहरूख पर एक और नासिर पर दो मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अप्रैल २०२४ में नासिर के भाई अजरूद्दीन उर्फ अज्जू और उसके साथियों जावेद, अमित ठाकुर, वारिस, मनीष, आरिफ। शाहरुख और दूसरे पक्ष सोहेल उर्फ जीसन, राहुल, इरसाद और साहिल से झगड़ा हो गया था। इसमें दोनों पक्षों की तरफ से क्रॉस केस दर्ज किया गया था।

## बाजारों में दिखने लगी नवरात्रि की रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाजारों में चमकते मुकुट और सूरत की चुनरियों के साथ नवरात्रि की रौनक दिखने लगी है। मंदिरों से लेकर घरों तक नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। राजधानी के सदर बाजार, चांदनी चौक, करोल बाग, लाजपत नगर, सरोजिनी नगर, कनॉट प्लेस, राजेंद्र नगर, लक्ष्मी नगर, मायापुरी, साकेत और शाहदरा जैसे प्रमुख बाजारों की दुकानों पर सजी देवी प्रतिमाएं और साज-सज्जा के सामान लोगों का मन मोह रहे हैं। इसके अलावा, सिंदूर, बताशा, लौंग, इलायची, पान, फूल माला कलश, चुन्नी समेत पूजा सामग्री समेत कई चीजों की मांग बढ़ी है।

नवरात्रि पर भक्तजन देवी मां की आराधना में जुटे हैं। लेकिन इस बार पूजा के साथ पर्यावरण संरक्षण की भावना भी देखने को मिली है। बाजारों में इको-फ्रेंडली मूर्तियों की मांग बढ़ी है। बीते कुछ वर्षों से मिट्टी, गोबर, और प्राकृतिक रंगों से बनी प्रतिमाओं को प्राथमिकता दी गई है। प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों की जगह अब जल में आसानी से घुलने वाली और जैविक सामग्री से बनी प्रतिमाएं भक्तों की पहली पसंद बनी हैं।

# आठ से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल चोर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**■ पुलिस ने आरोपी के पास से 5000 नकद, एक चोरी हुआ मोबाइल फोन व आभूषण किए बरामद**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के कंझावला थाने के स्टाफ ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से ५००० नकद ,एक चोरी हुआ मोबाइल फोन और चोरी हुए आभूषण बरामद किया है।आरोपी राकेश उर पहले चोरी और सेंधमारी के आठ से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त विष्णु कुमार ने बताया कि २५.मार्च को कंझावला थाने में चोरी की एक घटना की सूचना मिली थी।

इसके बाद कंझावला थाने में मामला दर्ज किया गया, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि किसी ने उसके घर में घुसकर वहां से गहने और अन्य सामान चुरा लिए है। इसके बाद एसीपी बेगमपुर मोहिंदर सिंह की देखरेख में एसएचओ/कंझावला राजीव कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल राजेश, रवि दत्त, हिम्मत राम और कांस्टेबल सचिन और सुनील की एक टीम का गठन किया गया।

नामित टीम ने क्षेत्र में कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर मानव खुफिया जानकारी एकत्र की और बीसी और जेल से रिहा हुए अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी। पुलिस टीम ने अपराधी के बारे में सुराग खोजने के लिए स्थानीय मुखबिरों को भी शामिल किया। इसके बाद तकनीकी निगरानी और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर, पुलिस टीम ने मामले में शामिल एक संदिग्ध की पहचान की। एक गुप्त सूचना पर, पुलिस टीम ने राकेश उर्फ गोलू (२४) को कराला के पास से गिरफ्तार कर लिया।

लगातार पूछताछ करने पर, उसने उक्त मामले में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया। अनुवर्ती जांच के दौरान, उसके पास से चोरी के गहने, ५००० नकद और एक चोरी का मोबा. इल फोन बरामद किया गया। आगे की जांच जारी है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी राकेश उर्फ घ्गोलू पूठ खुर्द, पहले चोरी और सेंधमारी के ०८ से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है

## एक नजर

### एमसीडी ने 25.75 करोड़ रुपये का बकाया संपत्ति कर वसूला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने बकाया संपत्ति कर का भुगतान न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए ८८ संपत्तियों को सील और ८७ बैंक खातों को अटैच किया। इन सभी संपत्तियों से लगभग २५.७५ करोड़ रुपये का बकाया संपत्ति कर वसूला गया है। एमसीडी कर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी संपत्ति मालिकों व कब्जाधारियों से आग्रह करती है कि वे ३१ मार्च २०२५ तक अपना बकाया संपत्ति कर जमा कर दें। किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए करदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द अपने संपत्ति कर का भुगतान करें। करदाताओं की सुविधा हेतु निगम के सभी जोनल और मुख्यालय स्तर के संपत्ति कर कार्यालय ३१ मार्च २०२५ तक प्रतिदिन सुबह १०:०० बजे से शाम ५:०० बजे तक खुले रहेंगे।

### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के रोजा इफ्तार में दिखा गंगा जमुनी तहजीब का खूबसूरत नजारा



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा द्वारा लोधी स्टेट स्थित उनके निवास पर आयोजित रोजा इफ्तार समारोह ने आपसी भाईचारे और सद्भाव का अनूठा माहौल देखने को मिला। इस पावन मौके पर विभिन्न धर्मों के लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया।

इफ्तार के इस यादगार कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें जकी अहमद (आईपीएस, एडीजी, सीआरपीएफ), पद्मश्री डॉ. एम. वली, डॉ. शमामा अहमद, इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के पूर्व चेयरमैन सिराजुद्दीन कुरैशी, सर्वोकॉन के सीएमडी हाजी कमरुद्दीन सिद्दीकी, फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, प्रेरणा शर्मा, आसिफ सिद्दीकघ्, हाजी रियाजुद्दीन अंसारी, मौलाना मोहम्मद आरिफ कघसमी, शिरोमणि अकाली दल दिल्ली विंग के उपाध्यक्ष अमनजीत सिंह, मुफ्ती मोहम्मद अरशद नदवी, जीनत अमान, मोहम्मद इलियास सैफी और मोहम्मद अखघ्लाकघ् जैसे गणमान्य लोग शामिल रहे। इकबाल सिंह लालपुरा ने सभी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस अवसर पर भाईचारे और सौहार्द का संद. ेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस पूरे आयोजन का संचालन और प्रबंधन जाहिद हुसैन ने बखूबी संभाला।

### 150वां आर्य समाज स्थापना दिवस का मनाया



**नई दिल्ली।** सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा एवं आर्य प्रतिनिधि सभा संयुक्त तत्वावधान में सिडको प्रदर्शनी केन्द्र, नवी मुम्बई में 150वें आर्य समाज स्थापना दिवस पर दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सभा प्रधान सुरेश चन्द्र आर्य ने बताया इस अवसर पर गुजरात के माननीय राज्यपाल, आचार्य देवव्रत, सहित देश-विदेश से वैदिक विद्वान, आर्य नेता, प्रचारक, कार्यकर्त्ता महान सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती का सन्देश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लेंगे।उल्लेखनीय है कि सन् 1875 में सुप्रसिद्ध समाज सुधारक, महर्षि दयानंद सरस्वती ने मानव उत्थान, व वेदों के प्रचार के लिए आर्य समाज की स्थापना की थी। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य के अनुसार चौत्र शुक्ल प्रतिपदा नव सम्वत्सर 2082, नव रात्रे, उगाडी, गुड़ी पड़वा, वैशाखी, चेत्री चाँद, भारतीय नव वर्ष समस्त देशवासी धूमधाम से मनाते हैं।

### तीन किशोरियों को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ल।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने लापता तीन किशोरियों को उनके परिजनों से मिलवाया है। जिसमें से एक किशारी को दो साल बाद तलाशा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २६ मार्च को भलस्वा डेयरी इलाके से १७ साल की किशोरी लापता हुई थी। एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में एएसआई गोपाल कृष्ण और महिला हेड कांस्टेबल मोनिका ने किशोरी के माता-पिता, पीडिघ्ता के रिश्तेदारों और उसके दोस्तों से जानकारी एकत्र की। तकनीकी निगरानी और मैनुअल जानकारी के आधार पर किशोरी को जहांगीर पुरी इलाके से ढूंढ निकाला गया।

पूछताछ से पता चला कि वह १०वीं कक्षा की छात्रा है। उसके पिता ड्राइवर हैं और मां गृहिणी हैं। उसके माता-पिता परीक्षा के बाद उसका स्कूल बदलना चाहते हैं। वह अपना स्कूल नहीं बदलना चाहती थी और अपने माता-पिता के फैसले से नाखुश थी। वह अपने माता-पिता को बताए बिना घर से निकल गई थी। बीते १७ फरवरी को बवाना से लापता १५ साल की किशोरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से तलाशा। जिससे पता चला कि वह अनपढ़ है। उसके पिता की मृत्यु ७-८ साल पहले हो गई थी और उसकी माँ अलग-अलग घरों में नौकरानी का काम करती है। वह एक लडके के संपर्क में आई। १७ फरवरी को, वह संदिग्ध के साथ ट्रेन से पश्चिम बंगाल के खरकपुर पहुँची। जहाँ वह संदिग्ध के घर पर रुकी थी। इसी तरह से १३ सितम्बर २०२२ से १६ साल की किशोरी शालीमार बाग से लापता था। जिसको पंजाबी बाग इलाके से ढूंढ निकाला गया। पता चला कि उसका पिता बहुत शराब पीता है और उसे डांटता है। वह अपने घर से बिना बताए घर से चली गई थी।



पत्रकारों की मांगों का पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंपते हुए समिति के संयोजक रवींद्र गुप्ता।

# पत्रकारों की अहम मांगों का पत्र विधानसभाध्यक्ष को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने और उनसे जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु मान्यता प्राप्त पत्रकार कल्याण समिति, दिल्ली के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से मुलाकात की। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष से उनके कार्यालय में मुलाकात करने उनको पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं और उनकी मांगों संबंधी एक ज्ञापन पत्र भी सौंपा।

समिति के संयोजक रवींद्र गुप्ता की अध्यक्षता में मुलाकात करने वाले प्रति. निधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को सौंपे मांग पत्र में 9 मांगां को प्रमुख रूप से शामिल किया है। इसमें कई राज्यों खासकर असम, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, केरल आदि राज्यों की ओर से दी जाने वाली मासकि पेंशन राशघ्ि से अवगत कराया है।

समिति ने अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि इस तरह का प्रस्ताव सूचना एवं प्रचार निदेशालय, दिल्ली सरकार की ओर से गठित दिल्ली प्रेस एक्रीडिटेशन कमेटी की ओर से पूर्व में किया जा चुका है। इसके अलावा मान्यता प्राप्त पत्रकारों को दिल्ली सरकार के ग्रुप 'ए' यानी क्लास वन राजपत्रित अधिकारी के बराबर सुविधा प्रदान करने की मांग भी की गई है जिसका प्रावधान दिल्ली सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए २१ सितंबर,1995 को जारी अधिसूचना के बिंदु 4 एवं 6 में भी किया गया है।

## लूटने के लिए आंखों में फैंकता था लाल मिर्ची पाउडर, धरा

**नई दिल्ली।** रात के अंधेरे में निकलकर सूनसान इलाके में अपने शिकार पर काबू करने के लिये पहले पीडिघ्त की आंखों में लाल मिर्ची पाउडर डालकर लूटने वाले एक बदमाश चिरंजीव उर्फ वीरू को पश्चिम विहार ईस्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी १२ अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। जो थाने का घोषित बदमाश भी है। आरोपी से पीडिघ्त का फोन और वारदात में इस्तेमाल लाल मिर्च पाउडर से भरा एक पॉलीथीन बैग बरामद किया गया। बीते मंगलवार को थाने में पीडिघ्त ने फोन छीनने की एफआईआर दर्ज करवाई थी। जिसने बताया कि आरा. ेपी स्कूटी पर सवार था। जिसने उसकी आंख में लाल मिर्ची पाउडर डाल दिया था।

# केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर भाजपा सांसद ने हमला बोला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को विपक्षी आम आदमी पार्टी) पर निशाना साधते हुए उन पर पिछले एक दशक में ष्अपनी मर्जी से काम करनेष् का आरोप लगाया।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ एफआईआर पर प्रतिक्रिया देते हुए खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली को ष्लूटाष् गया और पिछले १० सालों में घोटाले हुए।

आप जो बोते हैं, वही काटते हैं। पिछले १० सालों में दिल्ली को लूटा गया, घोटाले हुए और उन्होंने (आप) अपनी मर्जी से काम किया। चूंकि अब एफआईआर दर्ज हो गई है, इसलिए एजेंसियां घ्ड्सी के अनुसार अपना काम करेंगी। जिसने भी गलत किया है, उसे भुगतना होगा। सजा से कोई नहीं बचेगा।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि उन्होंने केजरीवाल और अन्य के खिलाफ शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। शिकायतकर्ता ने द्वारका इलाके में सार्वजनिक संपत्ति विरूपण अधिनियम के उल्लंघन का आरोप लगाया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने ११ मार्च को दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नेहा मित्तल की अदालत के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट पेश की और बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दिल्ली पुलिस ने यह भी कहा कि जांच जारी है और यह एक पुराना मामला है, और उन्हें मामले की जांच के लिए कुछ समय चाहिए।

मामले की अगली सुनवाई १८ अप्रैल, २०२५ को होगी। अदालत ने ११ मार्च को दिल्ली पुलिस को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व विधायक गुलाब सिंह और एमसीडी पार्षद नितिका शर्मा के खिलाफ २०१९ में द्वारका इलाके में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित एक मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया।

## सर्विस चार्ज कोई टैक्स नहीं, ग्राहकों पर न थोपें रेस्तरां: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में होटल और रेस्टोरेंट अब ग्राहकों पर सर्विस चार्ज नहीं लगा पाएंगे। दिल्ली हाईकोर्ट ने होटल और रेस्टोरेंट को ग्राहकों पर सर्विस चार्ज न थोपने के निर्देश दे दिए हैं। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने फैसला सुनाते हुए रेस्तरां निकायों की दो याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में होटलों और रेस्तरां को खाद्य बिलों पर अनिवार्य रूप से सर्विस चार्ज लगाने से प्रतिबंधित किया गया था।अदालत ने कहा कि खाद्य बिलों पर सर्विस चार्ज को अनिवार्य तौर पर वसूली उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन है। उपभोक्ताओं को स्वेच्छा से टिप देने से नहीं रोका जा सकता है, लेकिन उन पर सर्विस चार्ज लगाना गलत है।

# घरेलू सहायकों व किराएदारों का सत्यापन नहीं कराने पर पुलिस करेगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हाल के दिनों में हो रहीं आपराधिक वारदात में घरेलू सहायकों, किरायेदारों और कर्मचारियों के शामिल पाए जाने के बाद पुलिस सत्यापन नहीं करवाने वाले मालिकों पर सख्त हो गई है। पुलिस ऐसे मकान मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर रही है।

सभी जिलों के अधिकारियों ने बीट अफसरों को गश्त के दौरान इसकी जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कोताही बरतने वाले मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस ने सत्यापन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इस साल के तीन माह में पुलिस ने हजारों लोगों का सत्यापन करने का दावा किया है, लेकिन हाल के दिनों में जो वारदात सामने आई हैं, उसमें शामिल सहायकों और कर्मचारियों का सत्यापन नहीं हुआ था। अशोक विहार में सेवानिवृत प्रोफेसर के घर लूटपाट हो या फिर पीतमपुरा के कोहाट एन्कलेव में दंपती की हत्या, दोनों ही मामलों में वारदात को अंजाम देने वाले केयर टेकर और घरेलू सहायक ही थे। जांच में पाया गया कि दोनों ने कुछ दिन पहले ही घर में काम करना शुरू किया था। परिवार वालों ने दोनों का सत्यापन नहीं करवाया था जिसका फायदा उठाकर घरेलू सहायक और केयर टेकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पहचान नहीं होने से आरोपी भाग निकलते हैं, जबकि पुलिस का साफ तौर पर निर्देश है कि मालिक कोई भी सहायक या कर्मचारी रखने के बाद उनका सत्यापन अवश्य करवाएं।

## अग्नाशय के कैंसर से पीड़ित बच्ची की बचाई जान, साढ़े आठ घंटे चली सर्जरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एम्स ने दुर्लभ कीहोल सर्जरी कर अग्नाशय के कैंसर पीड़ित ११ वर्षीय लड़की की जान बचाई। टोटल लेप्रोस्कोपिक व्हिपल ऑपरेशन के माध्यम से सर्जरी करवाने वाली यह दुनिया के मेडिकल हिस्ट्री में सबसे छोटी मरीज बन गई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अभी सामान्य तौर पर सर्जरी की जाती है। इसमें पेट पर बहुत लंबे कट लगाए जाते हैं। इस सर्जरी के मरीज को दर्दनाक स्थिति से गुजरना पड़ता है। साथ ही पेट पर एक बड़ा निशान बन जाता है। जबकि दुर्लभ कीहोल सर्जरी में ऑपरेटिंग टीम ने केवल चार छोटे चीरों का उपयोग करके सर्जरी करी। यह दो चीरा केवल ५ मिमी माप के और अन्य दो चीरा १० मिमी माप के रहे। इस सर्जरी में केवल ८० मिलीलीटर रक्त की हानि हुई। जबकि दूसरी सर्जरी में रक्त की हानि होती है। यह पूरी सर्जरी साढ़े आठ घंटे चली।

एम्स के बाल चिकित्सा सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. अंजन कुमार ने बताया कि झारखंड के गढ़वा के रहने वाली इस बच्ची को लगातार पेट में दर्द हो रहा था। जांच के बाद एक दुर्लभ अग्नाशय ट्यूमर का पता चला। इसे सॉलिड स्यूडोपैपिलरी एपिथेलियल नियोप्लाज्म कहा जाता है। इसके इलाज के लिए जटिल व्हिपल प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। इसमें अग्नाशय और पाचन तंत्र के एक महत्वपूर्ण हिस्से को शल्य चिकित्सा से निकालना और पुनर्निर्माण करना होता है। अग्नाशय पेट के अंदर स्थित एक छोटा महत्वपूर्ण अंग है। यह शरीर में महत्वपूर्ण अंगों को आपूर्ति करने वाली कई प्रमुख रक्त वाहिकाओं को घेरे रहता है।



मनजिंदर सिंह सिरसा गुरुग्राम-दिल्ली हाईवे पर चल रहे कंस्ट्रक्शन वर्क ट्रैफिक जाम वाले पॉइंट्स का निरीक्षण करते हुए।

## मनजिंदर सिंह ने गुरुग्राम-दिल्ली हाईवे पर चल रहे कंस्ट्रक्शन वर्क ट्रैफिक जाम वाले पॉइंट्स का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशानुसार, राजधानी को विकसित एवं स्वच्छ दिल्ली बनाने के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज धौला कुआं से शिव मूर्ति इंटरचेंज तक गुरुग्राम-दिल्ली हाईवे पर चल रहे कंस्ट्रक्शन वर्क, ट्रैफिक जाम वाले पॉइंट्स एवं ग्रीन स्ट्रेच का ऑन ग्राउंड निरीक्षण किया।

इस दौरान मंत्री के साथ दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने कंस्ट्रक्शन वर्क से होने वाले वायु प्रदूषण व इस सड़क पर ट्रैफिक मूवमेंट का निरीक्षण किया और जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हित किया एवं संबधित अधिकारीयों को आवशयक निर्देश जारी किये गए।

इस दौरान मंत्री ने महिपालपुर फ्लाईओवर और रोहतक/चंडीगढ़ रोड पर अधिक ट्रैफिक को देखते हुए सम्बंधित अधिकारीयों को जाम की वजहों के कारण का आकलन करने को कहा, इसके साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन शिव मूर्ति इंटरचेंज और एयरपोर्ट अंडरपास का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण मानकों के उल्लंघन, ग्रीन बेल्ट की कमी और डस्ट को कंट्रोल करने के उपायों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

# लूट का विरोध करने पर चाकू गोदकर कर दी हत्या, तीन आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में बीते बुधवार रात को एक युवक की लूट का विरोध करने पर तीन नशेडियों ने नशा करने के लिये पैसा जुटाने के लिये चाकू गोदकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों शकूरपुर के रहने वाले रोहित उर्फ निमज,अरुण उर्फ लब्बू और विकास उर्फ फौजी को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू आदी सामान जब्त किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस को बुधवार रात भगवान महावीर अस्पताल से एक युवक को खून से लथपथ हालत में लाने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के पेट और छाती के बीच में चाकू मार रखा था,जिसको डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। एसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ महेश कसाना के निर्देशन में एसआई जितेन्द्र, एसआई रोहित चाहर, हेड कांस्टेबल परवेश, आशीष, अमित जावला,अंशुल,जितेन्द्र,विनोद, कांस्टेबल शुभम, बालकिशन और श्यामवीर को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। शुरूआती जांच में मृतक की पहचान भागलपुर बिहार के रहने वाले शोभन

मोहम्मद के रूप में हुई। जिसके परिवार वालों को वारदात की जानकारी दी। पुलिस को वारदात वाली जगह पर एक चश्मदीद मिला,जिससे पता चला कि तीन आरो. पियों ने युवक को जबरन पकड़ा था और उससे लूटपाट की थी। हाथापाई के बीच आरोपियों ने उसके चाकू मार दिया था। पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह से फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये।

सीसीटीवी कैमरों और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की। कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) को भी खंगाला। कई संदिग्धों पर निगाह भी रखी,जिसमें पता चला कि आरोपी इलाके की ही रहने वाले हैं। संदिग्धों के बारे में एक एक करके जानकारी ली,जिसके बाद तीनों आरोपियों के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद उनको उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## रोहतक रोड जिमखाना 70 रन से जीती


**गाजियाबाद।** अल्फा क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे ऑल इंडिया राजपति मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को रोहतक रोड जिमखाना ने ध्रुव कौशिक के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर तिलक नगर कोल्ट्स को 70 रन से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच बने ध्रुव ने 128 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी लिए। रोहतक रोड जिमखाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 40 ओवर में आठ विकेट पर 392 रन का विशाल स्कोर बनाया। अंकुश बैंस ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 159 रन की शानदार पारी खेली। वहीं ध्रुव कौशिक ने भी कई शानदार शॉट लगाते हुए 128 रन बनाए। विरोधी टीम की तरफ से राघव सिंह को तीन विकेट और हृदय को दो विकेट प्राप्त हुए। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी तिलक नगर कोल्ट्स की टीम पूरे 40 ओवर खेल कर आठ विकेट खोकर 322 रन ही बना सकी। कनव गंभीर के 76 रन, हितेश के 68, आर्यन अरोड़ा के 49 और आदित्य शर्मा के 47 रन भी टीम को जीत नहीं दिला सके

### एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में

# बी.टेक के बाद 'कैरियर' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी स्कूल ने अपने छात्रों के लिए T.I.M.E गाजियाबाद द्वारा 'बी.टेक के बाद कैरियर' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस अतिथि व्याख्यान में T.I.M.E गाजियाबाद प्रख्यात वक्ता श्रीवंती श्री ने छात्रों को अपनी इच्छा के अनुसार उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक प्रतियोगी परीक्षाओं के विकल्प चुनने और उनमें सफल होने के लिए उचित माध्यमों के बारे में बताया।



यह आयोजन सहायक प्रोफेसर रोहित राणा एवं राजेंद्र राजौरिया की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की निदेशक प्रो. (डॉ.) मोनिका सेंगर ने बताया कि इस अतिथि व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों को बीटेक के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

इससे छात्रों को बीटेक के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वास्तविक और सही मार्ग चुनने में मदद मिलेगी। एसडीजीआई के चां. सलर श्री महेंद्र अग्रवालजी के अनुसार इस तरह की अतिथि व्याख्यान सभी छात्रों के लिए सीखने का एक मूल्यवान अनुभव है, जो उन्हें नवीनतम तकनीकी की प्रगति में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ. ) प्रसन्नजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों को अपनी इच्छा के अनुसार उच्च शिक्षा के विकल्प चुनने में मदद करती हैं और उन्हें आईटी उद्योग में नवीनतम रुझानों से भी अवगत कराती हैं।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने छात्रों को इस प्रकार के तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन एक संक्षिप्त फीडबैक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को अपने क्षेत्रों में खोज और नवाचार जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### फैक्टरी में हुए हादसे के बाद

# परिजनों का हंगामा, 50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग

■ श्रमिकों ने कई बार प्रबंधक मनीष कुमार और फॉरमैन कुलदीप से मरम्मत की मांग की थी, लेकिन प्रबंधन ने इसे नजरअंदाज किया

**गाजियाबाद।** जिले के मोदीनगर के भोजपुर ब्लॉक स्थित एक फैक्टरी में हुए एक दुखद हादसे में श्रमिक की मौत के बाद उसके परिजनों ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मृतक के परिजनों ने फैक्ट्री मालिक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर 12 घंटे तक शव नहीं उठने दिया। पुलिस प्रशासन और फैक्ट्री मालिक के बीच हुई लंबी वार्ता के बाद मृतक के परिजनों ने 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। तीन घंटे तक चली बातचीत के बाद परिजनों ने 2 लाख रुपये नकद और कुल 5.5 लाख रुपये मुआवजे पर सहमति जताई। शेष राशि का भुगतान बाद में करने का आश्वासन दिया गया।

चश्मदीद श्रमिक लक्की के अनुसार, फैक्ट्री में बायलर के नट-बोल्ट पिछले चार दिनों से खराब थे। श्रमिकों ने कई बार प्रबंधक मनीष कुमार और फॉरमैन कुलदीप से मरम्मत की मांग की थी, लेकिन प्रबंधन ने इसे नजरअंदाज किया। फैक्ट्री में दो शिफ्ट में काम होता है-दिन की शिफ्ट में 15 और रात की शिफ्ट में 5 श्रमिक कार्यरत होते हैं। मृतक श्रमिक अवधेश कुमार दिन की शिफ्ट में काम कर रहा था। शाम 6 बजे शिफ्ट खत्म होने के बाद वह घर जाने लगा, लेकिन दो श्रमिकों की छुट्टी के कारण प्रबंधक ने उसे जबरन रात की शिफ्ट में भी काम करने के लिए कहा। इस दौरान यह दर्दनाक हादसा घटित हुआ।

### कार्यकारिणी बैठक में पेश हुआ 3722 करोड़ का ऐतिहासिक बजट

# शहर हित में पार्षदों ने लगाई मोहर, महापौर तथा नगर आयुक्त को दी शुभकामनाएं

**गाजियाबाद।** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में निगम कार्यकारिणी बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, सभी अधिकारियों तथा कार्यकारिणी सदस्यों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के ऐतिहासिक बजट का स्वागत किया महापौर तथा नगर आयुक्त का शहर हित में लिए गए निर्णय के लिए भी धन्यवाद किया गया, वर्ष 2022-23 में बजट लगभग 1417 करोड़ रहा वर्ष 2023-24 में बजट 1684 करोड़ रहा वर्ष 2024-25 में बजट 2465 करोड़ रहा जिसको और अधिक बढ़ाते हुए महापौर तथा नगर आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025-26 बजट 3722 करोड़ पेश किया, सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने एक मत होकर ऐतिहासिक बजट का स्वागत किया शहर हित में सभी वार्डों में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ेगी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निर्णय लिया गया।

महापौर तथा नगर आयुक्त ने बारी बारी सभी मदों पर आय और व्यय पर चर्चा की गई, पार्षदों ने विज्ञापन से होने वाली आय पर गहनता से चर्चा करते हुए विज्ञापन से आय बढ़ाने के लिए प्रस्ताव रखा, गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट पर विस्तार से चर्चा की गईस लगभग 2754 करोड़ आय प्रस्तावित की गई जिसमें संपत्ति कर, लाइसेंस, विक्रय, किराया, ठेका, शुल्क विविध आय शासकीय अनुदान एवं अन्य मदों को सम्मिलित किया गया व्यय 3033 करोड़ का रखा गया जिसमें सार्वजनिक निर्माण, जल सन्मरण एवं निस्तारण, प्रकाश विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग, खेलकूद व पुस्तकालय विभाग, संपत्ति विभाग विधि विभाग नजारत विभाग, गौशाला पशुपालन विभाग, अधिष्ठान विभाग को सम्मिलित किया गया। महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 के ऐतिहासिक बजट पर मोहर लगी है जो की सभी शहर वासियों के लिए उत्साह का विषय है, जिसके क्रम में सभी वार्डों के आंतरिक क्षेत्र में तथा शहर के बाहरी क्षेत्रों में भी विकास के कार्य होंगे जिससे सभी को लाभ मिलेगा गाजियाबाद नगर निगम से जुड़े सभी विभागों में विकास के कार्यों को रफ्तार से कराया जाएगा जो की गाजियाबाद नगर निगम में पूरे शहर के लिए हर्ष का विषय है।

### अपर जिलाधिकारी (नगर) गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में

# खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग गाजियाबाद की जिला स्तरीय कमेटी बैठक संपन्न

**गाजियाबाद।** अपर जिलाधिकारी (नगर) गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औशधि प्रशासन विभाग, गाजियाबाद की जिला स्तरीय कमेटी बैठक विकास भवन रानी दुर्गावती सभागार, जनपद गाजियाबाद में सम्पन्न हुई। आरम्भ में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा 1107 नमूनें संग्रहीत किये गये जिसमें 51.7 प्रतिशत अवमानक पाये गये, 458 प्रकरण में सक्षम न्यायालय में वाद दायर किये गये। न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा रिकार्ड 36285500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया वहीं न्यायिक न्यायालय द्वारा 100000 रूपये का दण्ड एवं एक व्यक्ति को कारावास की सजा सुनायी गयी। भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के द्वारा क्रियान्वित नवाचार कार्यक्रमों में यथा ईट राइट कैम्पस, ईट राइट स्कूल, हाईजीन रेटिंग, पूजा स्थलों के भोग सम्बन्धी प्रमाणीकरण व फूड सेफ्टी ऑन व्हीलस् में विभाग शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गयी है।

अपर जिलाधिकारी (नगर), गाजियाबाद द्वारा यह सुझाव दिया गया कि स्ट्रीट फूड वेन्डर्स के उन्नयन हेतु नगर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक का सहयोग लिया जाये जिससे आमजमानस शुद्ध एवं साफ-सुथरे खाद्य पदार्थ आनन्द ले सके। मण्डी सचिव, साहिबाबाद सब्जी मण्डी साहिबाबाद के फ्रैश फ्रूट एण्ड वेजिटेबल मार्केट के प्रमाणीकरण में सहयोग की अपेक्षा की गयी है। आबकारी विभाग से यह अपेक्षा की गयी कि उनके द्वारा इस वित्तीय वर्ष में आवंटियों को आबकारी का लाइसेन्स निर्गत किया गया है उनके खाद्य सुरक्षा एवं मानक एवं अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अनुज्ञप्ति निर्गत कराने में सहयोग प्रदान करे। जिला कार्यक्रम अधिकारी को आगन बाडी केन्द्रो के निशुल्क पंजीकरण हेतु भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण द्वारा संचालित आधिकारिक वेब साइट विबवे.र्पि. हवअ.पद पर आवेदन करने के निर्देश दिये गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालय में संचालित मीड-डे-मील के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जा रहे खाद्य पदार्थ के सैम्पिलिग और खाद्य सुरक्षा जागरूक अभियान में सहयोग की अपेक्षा की गयी है।

### एक नजर

# अवैध हथियार के साथ रील बनाने वाला युवक गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ रील बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जावली गांव निवासी निशु कसाना के रूप में हुई है। दरअसल, थाना टीला मोड़ के चौकी रिस्तल प्रभारी धर्मेंद्र सिंह को सोशल मीडिया पर एक वीडियो मिला, जिसमें निशु कसाना राइफल के साथ पोज देते हुए नजर आ रहा था। जांच में यह सामने आया कि आरोपी के पास कोई वैध शस्त्र लाइसेंस नहीं था। पुलिस के अनुसार, निशु कसाना का आपराधिक इतिहास रहा है और उस पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

वह इस वीडियो के माध्यम से समाज में दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा था। वीडियो में दिखाई गई राइफल किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने निशु कसाना के साथ-साथ राइफल के लाइसेंस धारक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि राइफल किसके नाम पर पंजीकृत है। बिना वैध लाइसेंस के हथियार के साथ फोटो या वीडियो बनाना अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# साथी को शराब पिलाकर की हत्या खाना बनाने को लेकर हुआ था विवाद

**गाजियाबाद।** थाना खोड़ा क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां मधु विहार के किराए के कमरे में दो दोस्तों में से एक की हत्या दूसरे ने कर दी। पुलिस ने आरोपी सुधीर शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक नेतराम शर्मा और आरोपी सुधीर शर्मा दोनों फर्रुखाबाद के निवासी थे।

दोनों काम की तलाश में गाजियाबाद आए थे। जानकारी के अनुसार, नेतराम होटल से खाना मंग. वाता था, जबकि सुधीर कमरे में खाना बनाता था। इस बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था, खासकर यह मुद्दा उठता था कि कमरे में खाना बनाने से गर्मी होती है, जिससे नेतराम परेशान रहता था। एसीपी इंदिरापुरम, अभिषेक श्रीवास्तव के मुताबिक, 21 मार्च को पुलिस को एक मकान से तेज दुर्गंध आने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और वहां से नेतराम का शव बरामद किया। मकान का ताला बाहर से बंद था और सुधीर फरार था।

पुलिस की पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि सुधीर ने कहीं पढ़ा था कि दो तरह की शराब पीने से मौत हो सकती है। नेतराम के शराब पीकर गाली देने से परेशान सुधीर ने उसे पहले देशी और फिर अंग्रेजी शराब पिलाई। इसके बाद उसने मकान का ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी सुधीर को 29 मार्च को गिरफ्तार कर लिया है।

# भारत ने म्यांमार को भेजी 14 टन राहत सामग्री

### हिंडन एयरबेस से आईएएफ विमान ने भरी उड़ान

**गाजियाबाद।** भारत ने अपने पड़ोसी देश म्यांमार के भूकंप से प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। भारत ने म्यांमार को 14 टन राहत सामग्री भेजी है, जिसे भारतीय वायुसेना के विमान से हिंडन एयर बेस से रवाना किया गया है। राहत सामग्री को गाजियाबाद स्थित एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन द्वारा तैयार किया गया है। इसमें खाद्य पदार्थ, दवाइयां, टेंट और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं, साथ ही छोटे बच्चों के लिए विशेष खाद्य सामग्री भी भेजी गई है। गाजियाबाद में तैनात एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन के पीआरओ ने बताया कि भारत हमेशा अपने पड़ोसी देशों की संकट के समय में मदद करने के लिए तत्पर रहता है। राहत सामग्री की रवानगी के दौरान एनडीआरएफ और भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। यह राहत सामग्री म्यांमार को भूकंप से हुए नुकसान से उबरने में मदद करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड और म्यांमार में आए भूकंप के बाद की स्थिति पर गहरी चिंता जताई देते हुए कहा था कि "म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हमने अपने अधिकारियों को तैयार रहने को कहा है और विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों से संपर्क बनाए रखने की भी चर्चा की है।" म्यांमार, थाईलैंड और चीन में भूकंप के तेज झटकों ने इन देशों को हिलाकर रख दिया।

### मंडावर के चर्चित हिस्ट्रीशीटर मनोज नेवला को उम्र कैद

**बिजनौर।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नगीना ने मण्डावर के चर्चित हिस्ट्रीशीटर बदमाश मनोज उर्फ नेवला को हत्या व लूट के मामले में उम्र कैद एवं एक लाख रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। धामपुर के मौहल्ला नई सराय निवासी अफजाल पुत्र शौकत हुसैन की एक जून 2018 को बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। वह नहटौर में पीर की चुंगी स्थित वैस्टर्न यूनियन कार्यालय पर बाइक से जा रहा था। उससे छह लाख रुपए भी लूट लिए गए थे। इस मामले में मौहम्मद आरिफ उर्फ बकरी पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी मौहल्ला बैरमनगर, नहटौर, ओमकार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम पहाड़पुर व मनोज उर्फ नेवला पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम अंगाखेड़ी, थाना मण्डावर के नाम प्रकाश में आए थे।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में कॉम्प्रेहैन्सिव इम्प्लांट कोर्स के चौथे मॉड्यूल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में कॉम्प्रेहैन्सिव इम्प्लांट कोर्स के चौथे मॉड्यूल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह सीडब्ल्यूएम इम्प्लांट्स, साउथ कोरिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 59 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस के विद्यार्थी और विभिन्न कॉलेजों के अध्यापक शामिल थे। यह कार्यक्रम आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य मरीजों के बीच इम्प्लांट्स के महत्तव के बारे में जागरूकता बढ़ाना था जिसके माध्यम से मरीजों के लापता दांतों को इम्प्लांट्स के जरिए लगाया जा सकें एवं रोगी को समग्र उपचार प्रदान कर सकें।

इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर प्रसिद्ध वक्ता डॉ पुनीत आहूजा थे, जिन्हें ओरल इंप्लांटोलॉजी के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान प्राप्त है और वह नियमित रूप से इस तरह के कोर्स संच. ालित कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान डॉ पुनीत ने सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के उपचार की प्रक्रियाओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी प्रदान की। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के क्लीनिकल ज्ञान में वृद्धि करना तथा भविष्य में उन रोगियों में इम्प्लांट को सफलतापूर्वक स्थापित करने और लगाने के लिये तैयार करना था जिन रोगियों के दांत नहीं है। डॉ पुनीत ने पहले और दूसरे दिन एमडीएस के विद्यार्थियों और अन्य दंत चिकित्सकों को ओरल इम्प्लांटोलॉजी मे आने वाली समस्याओं तथा उनके निवारण के बारे में गहन जानकारी दी।

इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी प्रतिभागियों के लिए इम्प्लांटोलॉजी से जुड़े नवीन विषयों पर व्याख्यान भी दिये जैसे कि ऑल ऑन फॉर और ऑल ऑन सिक्स कॉन्सेप्ट शामिल थे। साथ ही साथ सर्जिकल गाइड सर्जरी का लाइव प्रदर्षन एवं बेसल इंप्लांट प्रोस्थेटिक फेस पर हैंड्स-ऑन भी किया गया। कार्यक्रम समापन समारोह में आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की उपस्थिति ने समारोह को गौरवान्वित किया। उनके अटूट समर्थन और दूरदर्षिता ने दंत चिकित्सा षिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाले वातावरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ0 देवी चरण शेट्टी के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एच0ओ0डी0 एवं फैकल्टी भी उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के बारे में नवीनतम ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर0पी0 चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# गाजियाबाद की बेटी ने अमेरिका में चुनाव जीतकर किया कमाल, देश का नाम रोशन

**गाजियाबाद।** जिले की रहने वाली सबा हैदर ने अमेरिका में ड्यूपेज काउंटी बोर्ड के चुनाव में शानदार जीत हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। यह चुनाव जीतने के बाद वह गाजियाबाद वापस लौट आई हैं, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। अमेरिका में इन दिनों राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चर्चा के साथ-साथ गाजियाबाद की बेटी सबा हैदर का नाम भी सुर्खियों में है। सबा ने डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में रिपब्लिकन पार्टी की पैटी गुस्टिन को 8,500 वोटों के अंतर से हराया। पिछली बार के चुनाव में वह केवल 1,000 वोटों से हार गई थीं, लेकिन इस बार उन्होंने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

सबा हैदर गाजियाबाद के संजयनगर स्थित अपने आवास पर लौटीं, जहां उनका हार्दिक स्वागत किया गया। इस मौके पर सबा के पिता अली हैदर ने कहा कि आज मैं अपनी बेटी पर गर्व महसूस कर रहा हूं। वह हमेशा मेहनत और बुद्धिमानी से काम करती रही है। उसकी सफलता में सभी का आशीर्वाद और उसकी मेहनत शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि सबा ने अपनी बीएससी में गाजियाबाद से टॉप किया और एएमयू से एमएससी में गोल्ड मेडल हासिल किया।

# मां की बीमारी का बहाना बनाकर बदमाशों ने युवक से लूटा फोन

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गो. विंदपुरी कॉलोनी से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है, जहां बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल लूट लिया। यह घटना रात लगभग 9 बजे की है, जब युवक आकाश पंत पार्क में जिम करके घर लौट रहे थे।

घटना के अनुसार, दो बाइक सवार बदमाशों ने आकाश से मदद मांगी और कहा कि उनकी मां बीमार हैं और उनका फोन डिस्चार्ज हो चुका है। बदमाशों ने यह बहाना बनाया कि वे घर पर दवाओं के बारे में बात करना चाहते हैं, जिसके चलते आकाश ने अपनी सहानुभूति जताते हुए अपना मोबाइल दे दिया।

लेकिन जब आकाश ने अपना मोबाइल दे दिया, तो बदमाशों ने मौका पाते ही उसे लेकर भागने की कोशिश की। आकाश ने उनका पीछा किया और एक बदमाश की टी-शर्ट का कॉलर पकड़ लिया। बदमाश ने आकाश को लात मारकर गिरा दिया, लेकिन आकाश ने हार नहीं मानी और टी-शर्ट को पकड़कर रखा।

इस दौरान बदमाश की टी-शर्ट फट गई और वह नग्न अवस्था में भागने लगा। घटना के बाद, आकाश ने पुलिस को सूचित किया और रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामले में जानकारी देते हुए एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### योगी सरकार के खिलाफ आप का प्रदर्शन कहा-

# 'शराब एक के साथ एक फ्री देकर युवाओं को नकारात्मक संदेश दे रही सरकार'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में 31 मार्च से नई शराब नीति लागू होने जा रही है, जिसके चलते शराब विक्रेताओं ने अपने स्टॉक को खत्म करने के लिए ग्राहकों को भारी छूट देना शुरू कर दिया है। कई स्थानों पर विक्रेता शराब की बोतल पर विशेष छूट दे रहे हैं, साथ ही कुछ दुकानों पर एक बोतल के साथ एक बोतल फ्री देने का आकर्षक ऑफर भी चल रहा है। इस प्रकार के ऑफरों के कारण विभिन्न जगहों पर शराब की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग छूट और ऑफरों का लाभ उठाने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे हैं, जिससे दुकानों के बाहर लंबी लाइनें लग रही हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी शराब की दुकानों पर लगी लोगों की लम्बी लाइन से परेशान है। जिसको लेकर वह प्रदेश की योगी सरकार पर हमला नजर आ रही है।




दरअसल, आज शनिवार को प्रदेश सरकार द्वारा शराब बिक्री पर भारी छूट के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ने जिला अध्यक्ष निमित यादव के नेतृत्व में सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

साथ ही राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन में जिलाध्यक्ष निमित यादव ने कहा कि प्रदेश की सत्तारूढ़ योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा शराब की एक बोतल के साथ दूसरी और तीसरी तक बोतल मुफ्त देने की योजना ने न केवल समाज को नैतिक रूप से कमजोर किया है, बल्कि यह राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है।

जिलाध्यक्ष निमित यादव ने आगे कहा कि यह योजना संदेश देती है कि शराब को एक प्रोत्साहन के रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे राज्य में शराब के सेवन को बढ़ावा मिलेगा। यूपी में पहले से ही सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बढ़ रही हैं, और इस तरह की योजनाएं केवल इन असमानताओं को और बढ़ा सकती हैं। यह योजना हमारे युवाओं के लिए एक नकारात्मक संदेश भेजती है और शराब की लत को बढ़ावा देती है, जो स्वास्थ्य और समाज के लिए घातक है।प्रदेश भर में कई शराब दुकानों पर लोगों में होड़ मच चुकी है। वे बंपर ऑफर का फायदा उठाना चाहते हैं। जिससे कानून व्यवस्था के बिगड़ने का भी लगातार खतरा बना हुआ है।

आपको बता दें कि जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के दौरान महासचिव शैलेश कुमार, विजय शर्मा, मुकेश प्रजापति, अधिवक्ता मनोज त्यागी, एस पी सिसौदिया, शिल्पी सचान, पुष्पलता, जया चौधरी, वीणा मुल्तानी, जतिन शर्मा, अनवर सैफी, वसीम खान, स्वतन्त्र यादव, अधिवक्ता इरफान, सोढ़ी सिंह, अधिवक्ता सुमित देशबंधु, मनोज गौड, रिंकू कुमार, रवि सिसोदिया, आदित्य, संजय कुमार मौजूर रहे।

### सूचना

मेरे क्लाइंट ऊषा यादव पत्नी सुभाष व उमेश यादव पुत्र सुभाष यादव नि. 7/18, सै-. 2, राजेन्द्र नगर जिला- गाजियाबाद मे अपर ग्राउंड 1360 sq ft ओपन स्पेस प्लाट नं- 7/18/1, G.P.A सतीश कुमार पुत्र होराम सिंह नि. फ्लैट सी- 6, 25, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन- 1, को दिनांक- 27.7.22 में क्रमांक 5531, बही सं- 4, जिल्द सं- 1924, पर की थी जो कि 12.3.25 सब रजिस्ट्रार द्वितीय गाजियाबाद के यहाँ क्रमांक 170 जिल्द सं.- 1717 पर GPA खारिज कर दी है ये जानकारी जीपीए रिकवेरी और ऑल पर्पस के लिए है।

**अशोक कुमार एडवोकेट।**

# हिंडन एयरपोर्ट से भुवनेश्वर की उड़ान आज से शुरू होगी

**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से रविवार को भुवनेश्वर की उड़ान भी शुरू हो रही। हिंडन से जुड़ने वाला भुवनेश्वर 12वां शहर होगा। लखनऊ, बनारस, प्रयागराज और अयोध्या की उड़ान के लिए भी कवायद चल रही। फरवरी तक हिंडन एयरपोर्ट से पांच शहरों की उड़ान मिल रही थी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मार्च महीने में छह शहरों के लिए व्यावसायिक उड़ान शुरू की। इसी कंपनी को भुवनेश्वर की उड़ान की भी अनुमति मिली है। हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि उड़ान की तैयारी पूरी है। हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान सुबह 9:20 बजे रवाना होगी और 11:45 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। वापसी की यात्रा दोपहर 12:15 बजे भुवनेश्वर से शुरू होगी और 2:30 बजे विमान हिंडन पहुंचेगा। एयरपोर्ट के निद. ेशक का कहना है कि बाकी शहरों के लिए कंपनियों ने सर्वे किया है, लेकिन अभी तक अनुमति किसी को नहीं मिली है।

# चैत्र शुक्ल नव संवत की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में 'चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर २०८२' के भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे ताकि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की जा सकें। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा के सांसद सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति अपेक्षित है। कुल मिलाकर १५०० से अधिक लोग इस आयोजन में शामिल होंगे।बैठक के दौरान अध्यक्ष ने सभी



संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सभी व्यवस्थाओं को कुशलतापूर्वक लागू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि आमंत्रित अतिथियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। दिल्ली पुलिस, जिसमें अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर), एसीपी ट्रैफिक, दिल्ली सशस्त्र पुलिस के एसीपी और सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हैं, ने आश्वस्त किया कि सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, दिल्ली विधानसभा परिसर के आसपास यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए विस्तृत यातायात योजना तैयार की गई है। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि आगंतुकों के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था की जाए। ऐतिहासिक दिल्ली विधानसभा भवन को विशेष रूप से फूलों से सजाया जाएगा और संपूर्ण परिसर को रोशनी से जगमग किया जाएगा। इसके अलावा, आयोजन स्थल की दृश्यता और भव्यता बढ़ाने के लिए दो बड़े गुब्बारे भी लगाए जाएंगे।कैट्स, अग्निशमन विभाग, उद्यान विभाग और अन्य प्रशासनिक इकाइयों के अधिकारियों को कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के बाद विधानसभा के स्पीकर ने पुलिस और इस कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों और अन्य कर्मियों के साथ आयोजन स्थल का जायजा भी लिया।

# एनसीईआरटी से तीन-चार गुना महंगी निजी प्रकाशकों की किताबें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों में एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ की शुरुआत होने जा रही है। सत्र की शुरुआत में ही फीस के साथ कॉपी-किताबों व स्टेशनरी की मुंहमांगी कीमतें अभिभावकों की जेब ढीली कर रही है। शिक्षा निदेशालय के आद. ेश की अवहेलना करते हुए स्कूल बच्चों को निजी प्रकाशकों की किताबें ही दे रहे हैं। जो एनसीईआरटी की किताबों के मुकाबले तीन से चार गुना महंगी है। एनसीईआरटी की जो किताबें ३० रुपये से लेकर १०० रुपये तक मिलती है, उसी विषय की निजी प्रकाश की किताब की कीमत २०० से ४०० रुपये तक है। स्कूलों ने अभिभावकों को बुलाकर किताबें, कॉपियां व स्टेशनरी देना शुरू कर दिया है। किताबों की कीमतें जो सामने आ रही हैं वह एलकेजी कक्षा के लिए आसमान

**■ शिक्षा निदेशालय के आदेश की अवहेलना करतेहुए स्कूल दे रहे निजी प्रकाशकों की ही किताबें**

छूने वाली हैं। महज तीन किताबें, आर्ट क्राफ्ट का सामान और स्टेशनरी, नोट बुक पांच हजार का पड़ रहा है। वहीं, कुछ स्कूलों में पूरा सेट लेने पर छूट जैसे ऑफर देकर अभिभावकों को लुभाने की भी कोशिश हो रही है। छठी कक्षा की किताबों व कॉपियों का सेट आठ हजार रुपये से अधिक का है। यदि किसी अभिभावक के दो बच्चे हैं तो उस पर किताबों व कॉपियों, स्टेशनरी के लिए कम से कम २० हजार रुपये का बोझ पड़ रहा है। इतना ही नहीं किताबों पर जिल्द (कवर) चढ़ाने के पैसे भी अभिभावकों से ही वसूले जा रहे हैं। दिल्ली अभिभावक संघ की अध्यक्ष अपराजिता गौतम का कहना है कि स्कूल निजी प्रकाशकों की पुस्तकें ९० फीसदी अभिभावकों को दे चुके हैं। अभी जो आदेश दिया गया है वह नई तिथि पर पुराना आदेश है। शिक्षा निदेशालय ने तीन दिन पहले आदेश क्यों निकाला जबकि एक अप्रैल से सत्र शुरू होना है। अभिभावकों से शिकायतें मिली हैं कि पांच विक्रेताओं की कोई सूची स्कूलों ने नहीं दी है। जहां सूची दी है वहां नंबर नहीं लगते। स्कूल एनसीईआरटी को अपनी किताबों की जरूरत नहीं भेजते हैं, वहीं एनसीईआरटी जब तक बाजार में किताबें लेकर आता है तब तक स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें दे चुके होते हैं। उन्होंने कहा कि निजी प्रकाशकों और स्कूलों के बीच कमीशन का खेल चलता है, लेकिन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं।

# विश्व को प्रजातंत्र देने का काम बिहार ने किया था: नड्डा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित एक भारत- श्रेष्ठ भारत के तहत बिहार दिवस का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज और दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद पूर्वांचलावसियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संयोजन पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने किया और कहा आज पूर्वांचल वासी दिल्ली एवं देश के आर्थिक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक उत्थान में पूर्ण सहयोग दे रहे और साथ प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार की डबल इंजन सरकार के द्वारा लाई प्रगति देख कर भी प्रसन्न हैं।कार्यक्रम में बिहार के लोक आस्था के पर्व छठ पर्व, लोकगीत, लोक कला, बिहार के अलग-अलग झाकियों का भव्य प्रदर्शनी लगाई गई।

मिथिला पेटिंग के साथ ही हस्तकला की प्रदर्शनी की भी खूब सराहना की गई, इसके साथ बिहार का स्वादिष्ट पारंपरिक भोजन लिट्टी चोखा भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, पूर्वांचल मोर्चा के प्रभारी विपिन बिहारी, सह-प्रभारी कौशल मिश्रा, सहित पूर्वांचल मोर्चा के सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जगत प्रकाश नड्डा ने आज अपने संबोधन में कहा कि आज हम बिहार दिवस मना रहे हैं लेकिन हमने लालू राज में एक डूबता हुआ बिहार देखा, लोग शाम में घर से बाहर निकलने से डरते थे।

उन्होंने कहा कि बिहार का अपना एक विशेष महत्व है चाहे वह जेपी आंदोलन की शुरुआत हो या फिर नालंदा विश्वविद्यालय की अपनी पहचान हो। विश्व को प्रजातंत्र देने का काम बिहार ने किया था इसलिए बिहार को विकसित बिहार बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है और हम सब को मिलकर उसके लिए काम करना होगा।



**भाजपा पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित एक भारत- श्रेष्ठ भारत के तहत बिहार दिवस का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें राष्ट्रीय भाजपाध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली भाजपाध्यक्ष सचदेवा आदि शामिल हुए।**

# हाईकोर्ट में याचिका लगाकर रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट में याचिका लगाकर रंगदारी मांगने वाले एक आरोपी को तिगड़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अदालत में सुनवाई के दौरान आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी ऐसी कई शिकायतों का खुलासा हुआ।

मामला अदालत के संज्ञान में आने पर एडिशनल सेशन जज रविंद्र कुमार पांडेय ने जिला पुलिस उपायुक्त से आरोपी के खिलाफ दाखिल अन्य शिकायतों पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। शिकायतकर्ता प्रॉपर्टी डीलर ने ओम प्रकाश नाम के एक व्यक्ति के खिलाफ एक करोड़ रुपये की रंगदारी और फ्लैट मांगने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि आरोपी ने मांग न माने जाने पर दिल्ली हाईकोर्ट में एक रिट पिटीशन भी दाखिल की और न्यायिक प्रक्रिया को आधार बनाकर रंगदारी की रकम बढ़ा दी। प्रॉपर्टी डीलर संजय ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी एक साइट पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान आरोपी ओम प्रकाश ने उससे १ करोड़ रुपये, एक फ्लैट और निर्माणाधीन प्रॉपर्टी में हिस्सेदारी की मांग की। धमकी दी कि यदि मांग पूरी नहीं की गई, तो वह उसकी इमारत के खिलाफ नागरिक निकायों में शिकायत करेगा और दिल्ली हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर इमारत तुड़वा देगा।

अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी और थाना प्रभारी को अगली सुनवाई में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

# मानसून से पहले सरकार की तैयारी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में जलभराव रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विभाग अब पंप हाउस प्लांट ऑटोमेशन प्रबंधन प्रणाली स्थापित करेगा। इसके लिए निविदा जारी की गई है।

परियोजना पर ५२ लाख खर्च किए जाएंगे। इसमें माइक्रोप्रोसेसर आधारित नियंत्रण पैनल, ऑनलाइन निगरानी, वायरलेस कनेक्टिविटी, वर्षा जल, डीवाटरिंग के लिए स्वचालन नियंत्रण और डाटा प्रणाली होगी। इनकी मदद से अधिक वर्षा होने पर पंप अपने आप चलने लगेंगे। सभी पंप हाउस की निगरानी भी हो सकेगी। पीडब्ल्यूडी का दावा है कि इन कदमों से इस बार मानसून में दिल्लीवासियों को जलभराव से काफी हद तक राहत मिलेगी। अधिकारियों का कहना है कि बारिश में पंप खराब होने के भी मामले सामने आते हैं। इसमें शॉर्ट सर्किट से खराबी के मामले अधिक होते हैं। ऐसे में इस तरह की समस्या न हो इसके भी उपाए किए गए हैं। साथ ही, विभाग ने राजधानी के ४३ अंडरपास आदि के आसपास कैमरे लगाए हैं। बीते दिनों जलभराव रोकने के लिए मानक संच. ालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की गई है। एसओपी सभी सबवे पर भी लागू होगी। नई व्यवस्था के तहत अभियंता जल पंपों के परिचालन की निगरानी रखेंगे व रखरखाव और समस्या निवारण करेंगे।

## किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में पकड़ा

**नई दिल्ली।** कल्याणपुरी इलाके में बीते फरवरी महीने में एक किशोरी से छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल वांछित शवि प्रकाश उर्फ गब्बार को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते आठ फरवरी को त्रिलोकपुरी इलाके में एक व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ की घटना की सूचना मिली थी।

पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था। जांच के दौरान, कोर्ट द्वारा आरोपी के गैर जमानती वारंट जारी किए गए। इंस्पेक्टर सुनील कुमार कालखंडे के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी के कई ठिकानों पर छापेमारी करते हुए उसे कोटला पटपडगंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

# तापमान बढ़ने के साथ बढ़ी बिजली की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तापमान बढ़ने के साथ ही दिल्ली में बिजली की मांग में भी होने लगी है वृद्धि। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या हो रही है। आम आदमी पार्टी इसे मुद्दा बनाकर दिल्ली की भाजपा सरकार को घेरने का प्रयास कर रही है।

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में तापमान बढ़ रहा है। इसका असर बिजली की मांग पर भी दिख रहा है। बीते दिन अधिकतम मांग ४३६१ मेगावाट पहुंच गई। अगले सप्ताह तक अधिकतम मांग पांच हजार मेगावाट से ऊपर पहुंचने की संभावना है। पर मरम्मत कार्य को लेकर बिजली के कट लगाए जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता इसे मुद्दा बनाकर दिल्ली सरकार को पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी सहित अन्य नेता लोगों के प्रदर्शन का वीडियो एक्स पर पोस्ट कर कहा, भाजपा की सरकार बनते ही बिजली की कटौती शुरू हो गई है।

अभी यह स्थिति है तो मई व जून में क्या स्थिति होगी? केजरीवाल ने कहा आप सरकार के समय बिजली आपूर्ति पर पूरी नजर रखी जाती थी। १० वर्षों में बिजली की कटौती नहीं हुई।

# सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बाहर से लानी पड़ रहीं दवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल व बाहरी दिल्ली के सत्यवादी राजा हरिशचंद्र अस्पताल में इलाज करवाने आ रहे मरीजों को दवाएं बाहर से खरीदकर लानी पड़ रही हैं। डीडीयू पश्चिमी दिल्ली का सबसे बड़ा अस्पताल हैं।

यहां रोजाना हजारों मरीज ओपीडी में इलाज करवाने आते हैं। इसके अलावा दूसरे अस्पतालों से भी मरीज रेफर होते हैं। अस्पताल में दवाओं की कमी की समस्या दिल्ली विधानसभा में उठी। हरिनगर से विधायक श्याम शर्मा ने सदन में नियम २८० के तहत मुद्दे को उठाते हुए विधानसभा अध्यक्ष को इस दिशा में आदेश देने की मांग रखी।

सदन में श्याम शर्मा ने कहा कि मरीजों को दवाएं बाहर से लानी पड़ती हैं। अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों का अभाव है। इसके अलावा अस्पताल में अन्य सुविधाएं भी नहीं हैं।

मरीजों का कहना है कि द्वारका स्थित इंदिरा गांधी, जाफरपुर स्थिति राव तुला राम, डाबड़ी स्थित दादा देव सहित अन्य अस्पतालों में आने वाले मरीजों की स्थिति गंभीर होने पर डीडीयू रेफर किया जाता है, लेकिन मौजूदा समय में यहां सुविधाएं नहीं हैं जिससे मरीजों को सफदरजंग या दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता है। डॉक्टरों का भी कहना है कि अस्पताल में दवाओं की समस्या को कई बार उठाया गया है, लेकिन पर्याप्त स्टॉक नहीं आता।

पश्चिमी दिल्ली में दुर्घटना सहित दूसरे कारणों से चोटिल हुए मरीजों को डीडीयू लाया जाता है, लेकिन लंबे समय से एमआरआई मशीन खराब होने के कारण मरीज की जांच नहीं हो पाती। गंभीर मरीजों को लोकनायक रेफर कर दिया जाता है।

डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में हार्ट अटैक के मरीजों को सीपीआर देने की भी व्यवस्था नहीं है। यह मशीन भी लंबे समय से खराब है, लेकिन कोई सुध नहीं लेता।



**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय व दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने राजधानी के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने की तैयारी में जुटा।**

# अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय व गुरुद्वारा समिति युवाओं के कौशल प्रशिक्षण को देंगे आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन को आगे बढ़ाते हुए, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने राजधानी के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए एक ऐतिहासिक पहल की है। यह योजना केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर, उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में १०० करोड़ रुपये की ऐतिहासिक योजना को मूर्त रूप देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस योजना के तहत लगभग २९,६०० युवाओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु वित्तीय सहायता दी जाएगी, जबकि २,००० छात्रों को शिक्षा में सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह पहल युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस अवसर पर केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, दिल्ली के उद्योग मंत्री मर्ना. जंदर सिंह सिरसा और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस अवसर पर कहा, यह पहल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। हम हर उस युवा को आर्थिक सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो रोजगारपरक स्किल को विकसित करना चाहता है, ताकि किसी की भी तरक्की पैसों की कमी के कारण न रुके। यह योजना सिर्फ दिल्ली ही नहीं, बल्कि देशभर के जरूरतमंद युवाओं के लिए एक नया अवसर साबित होगी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार की इस योजना को रोजगार बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, इस योजना के तहत न केवल छात्रों को वित्तीय सहायता दी जाएगी, बल्कि इसमें स्टाइपेंड देने का भी प्रावधान है। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों के छात्रों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है।ष

इसके आगे केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, केंद्र सरकार इस योजना को देशभर के छात्रों तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक चरण में हमारा लक्ष्य ३१,६०० युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर और रोजगार के योग्य बनाना है। आने वाले समय में इस योजना का विस्तार सभी राज्यों में किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

## वीआईपी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की होगी मनोवैज्ञानिक जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वीवीआईपी और वीआईपी की सुरक्षा में तैनात दिल्ली पुलिस कर्मियों की मनोवैज्ञानिक जांच की जाएगी। दिल्ली पुलिस किसी वीआईपी के साथ किसी तरह की अनहोनी व कर्मियों की बढ़ रही खुदकुशी की घटनाओं को रोकने के लिए ये कदम उठा रही है।

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की केंद्रीय गृहमंत्री के साथ अहम बैठक हुई, उसमें दिल्ली पुलिस की १० प्रमुख प्राथमिकताएं तय की गई हैं। उनमें से सुरक्षा यूनिट के कर्मियों की मनोवैज्ञानिक जांच प्रमुख है। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने १० प्रमुख प्राथमिकताओं वाला पत्र एक बार फिर सभी जिला व यूनिटों को भेजा है।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अक्तूबर, २०१८ में गुरुग्राम में सेशन जज की पत्नी व बेटे पर उनके सुरक्षा गार्ड महिपाल ने गोलियां बरसा दी थीं। पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी। बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके अलावा सुरक्षा कर्मी आए दिन खुदकुशी जैसा कदम उठा रहे हैं। इस सब घटनाओं को देखते हुए गृहमंत्रालय के आदेश पर दिल्ली पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा कर्मियों की मनोवैज्ञानिक प्रोफाइलिंग की जांच करने के आदेश दिए हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि देखने में आया है कि वीआईपी की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी किसी न किसी मानसिक तनाव से जूझ रहे होते हैं। इस कारण कई डिप्रेशन में चले जाते हैं। डिप्रेशन में किसी तरह का खतरनाक कदम उठा लेते हैं। ऐसे में वीआईपी की सुरक्षा खतरे में बनी रहती है।

# तिलक नगर में गैंगरेप के आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिलक नगर इलाके में गैंगरेप के आरोपी और आजीवन कारावास की सजा काट रहे वांछित आरोपी राजू पोरवाल उर्फ अनूप पोरवाल को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २०१३ में मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सितंबर-२०२३ में उसे ३ सप्ताह की पैरोल दी गई थी, लेकिन उसने जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया था। एसीपी रमेश चंद्र की देखरेख में इंस्पेक्टर पंकज मलिक और रोहित कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने हेड कांस्टेबल राजेन्द्र की पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी को रघुबीर नगर/ख्याला इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चल कि आरोपी राजू पोरवाल एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखता है और अपराध करने से पहले ख्याला इलाके में छोटे पैमाने पर कपड़ों का व्यवसाय करता था। अपनी फरार अवधि के दौरान, उसने अपने परिवार के साथ संपर्क तोड़ दिया और गिरफ्तारी से बचने के लिए अजीबो गरीब काम करने लगा।

# 'सशक्ति' आत्मरक्षा कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** छात्राओं की संरक्षा को बढ़ाने के लिए, बाहरी जिला पुलिस के सामुदायिक पुलिसिंग सेल ने मंगोल पुरी पुलिस थाने के सहयोग से सरकारी सह-शिक्षा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, के-२ ब्लॉक, मंगोल पुरी में ष्सशक्तीष आत्मरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि युवा दिमागों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को आवश्यक आत्मरक्षा कौशल से लैस करना है, ताकि वे किसी भी खतरनाक स्थिति का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। इस कार्यक्रम में कुल ४५ छात्राएं भाग ले रही हैं, जहां उन्हें अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कई तरह की शारीरिक तकनीकों और रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा



है।कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय पुलिस अधिकारियों, स्कूल अधिकारियों और छात्रों की उपस्थिति में किया गय। है।सशक्तीष कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने और छात्राओं के लिए सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास को दर्शाता है। अधिकारियों ने जोर देकर कहा है कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में आत्मविश्वास पैदा करने और व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं।इस पहल की सफलता के साथ, बाहरी जिले के अधिकार क्षेत्र में अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी इसी तरह के कार्यक्रम शुरू किए जाने की उम्मीद है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक छात्राएं किसी भी स्थिति में खुद की सुरक्षा के लिए तैयार रहें।

# जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को सभी विधानसभा में होंगे नोडल अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गर्मी में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जल बोर्ड का एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। इससे जल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का शीघ्र समाधान हो सकेगा।

प्रत्येक क्षेत्र में पानी का एक समान वितरण करने के लिए भी कदम उठाये जा रहे हैं। इससे गर्मी में जल आपूर्ति की समस्या हल करने में मदद मिलेगी। जल आपूर्ति को लेकर दिल्ली सरकार के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने जल बोर्ड के अधिकारियों और विधायकों के साथ बैठक की। विधायकों ने अपने क्षेत्र से संबंधित पानी की कमी व सीवर ओवरफ्लो की समस्या बताकर हल करने की मांग की। मंत्री ने प्रत्येक विधानसभा में एक नोडल अधिकारी तैनात करने का निर्देश दिया। अधिकारी जल आपूर्ति की स्थिति की निगरानी करेंगे और मंत्री को रिपोर्ट देंगे। इससे विधायक व जल बोर्ड के अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित हो सकेगा। बैठक के बाद उन्होंने कहा, समर एक्शन प्लान पूरी तरह से तैयार है। स्थिति के आकलन के लिए दो से तीन दिन में अधिकारियों के साथ बैठक होती है।दिल्ली में कई स्थानों पर जल स्तर और उसकी गुणवत्ता ठीक है। उन स्थानों पर ट्यूबवेल लगाकर पानी की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी। आवश्यकता अनुसार टैंकर की व्यवस्था और उनके फेरे बढ़ाए जाएंगे। प्रत्येक टैंकर में जीपीएस होगा, जिससे कि उसकी निगरानी हो सके।

# जिला पंचायत का 25 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पारित

## बोर्ड बैठक में सदस्यों ने किया हंगामा, कार्य योजना में संसोधन के लिए तीन सदस्य समिति गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जिला पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 करोड़ के कार्ययोजना के सापेक्ष वर्ष 2025-26 के लिए 25 करोड़ का बजट पैश किया गया जो बैठक में स्वीकृत कर लिया गया।

अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि जिला पंचायत की बैठक में शनिवार को 15 करोड़ की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। 15 करोड़ की कार्ययोजना के सापेक्ष वर्ष 2024-25 के लिए 25 करोड़ रूपयें का बजट पेश किया गया जिसे सदस्यों ने स्वीकार कर लिया। उन्होने बताया कि कार्ययोजना में सीसी रोड़, खडंजे, नाला निर्माण आदि का कार्य शामिल है। इसके अलावा जिला पंचायत का सौन्दर्यकरण और तालाबों का जीर्णोद्धार भी चालु वित्तिय वर्ष में कराया जाएग। इसके अलावा क्षेत्र में हाई मास्क लाईट लगवाने का प्रस्ताव भी प्रारित किया गया है। बोर्ड बैठक में 17 सदस्य मौजूद रहे। बैठक में कुछ सदस्यों ने कार्य में भेद भाव का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। जिला पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि कुछ सदस्यों की बैठक में हंगामा करने की प्रर्वति बन गई है। वह बिना किसी कारण के हर बैठक की कार्यवाही में व्यवधान डालने का काम करते है। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता जयकिशोर का कहना है कि विकास कार्यो में सभी वार्डो के सदस्यों को विकास कार्य कराने के लिए समान रूप से बजट आवंटित किया जाता है। उन्होने सदस्यो के आरोपो को निराधर बताया है। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष ने की तथा संचालन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिक.ारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य बसंत तोमर, रिता मलिक, गीता मलिक, जाहिदा, जेतुन, डा. जयकुमार, संजय डीलर, रविन्द्र बली, मनुपाल बंसल, संजीव प्रधन बसी, लक्ष्मण सिंह, तोमर, धीरज , जयकिशोर, सुनील व प्रविन्द्र तोमर आदि मौजूद रहे।



# कोतवाली में नवनिर्मित बहुउद्धेशीय हॉल का एसपी ने किया उद्धघाटन

## कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण कर संबंधितों को दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण किया और अर्दली रूम का आयोजन किया और लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

एसपी अर्पित विजय वर्गीय ने शनिवार को कोतवाली को वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होने कार्यालय में अभिलेखों का उचित रख रखाव करने के निर्देश दिए। उन्होने जनसुनवाई डेस्क, कर्मचारी बैरक, मेस व मालखाना आदि का निरीक्षण किया और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। आधे अधुरे अभिलेख मिलने पर एसपी ने नाराजगी व्यक्त की और अभिलेखों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कोतवाली में अर्दली रूम का भी आयोजन किया गया और इस अवसर पर विवेचनाएं लंबित मिलने पर एसपी ने नाराजगी जताई और संबंधितों को लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्ताराण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी ने कोतवाली में नवनिर्मित बहुउद्धेशीय हॉल को भी उद्धटन किया। इस मौके पर उनके साथ एएसपी एनपी सिंह, सीओ नगर हरीश भदोरिया व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगन मौजूद रहे।




# सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जे का प्रयास रोकने के लिए एसडीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील के गांव कोताना से आदलाबाद जाने वाले सरकारी रास्ते पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश। ग्रामीणों ने अवैध कब्जे को न करने की कहने वालों के साथ फौजदारी पर आमादा रहने का लगाया आरोप। एसडीएम से तत्काल कार्यवाही करने और अवैध रूप से कब्जे की फिराक में रहने वालों पर सख्त कार्यवाही की लगाई गुहार।

कोताना निवासी मनोज ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि, विकास त्यागी निवासी चौथला, उक्त मार्ग पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश कर रहा है तथा सरकारी रास्ते पर ईट आदि डालकर कब्जा करने की पूरी तैयारी में है। बताया कि जब उसने कहा कि, सरकारी गस्ता है। इस पर लोगों का आना जाना लगा रहता है, तो वह फोजदारी पर आमादा होता है। न्यायदित में उन्ह रास्ते पर अवैध कब्जा होने से रोका जाना बहुत जरूरी है। वहीं इस संबंध में एसडीएम ने त्वरित आदेश करते हुए थाना प्रभारी बडौत व हल्का लेखपाल को आदेशित किया है।



# ग्राम पंचायतों के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिक.ारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में टीवी मुक्त ग्राम पंचायत 2024 ग्राम प्रधान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के तहत जनपद की 33 टीवी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र एवं महात्मा गांधी की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए किए गए सराहनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। इसी क्रम में जिलाधिक.ारी ने सर्वोदय अस्पताल टटीरी के डायरेक्टर डा.दिनेश कुमार को प्राइवेट एक्स-रे केंद्र के चिकित्सक के रूप में लोगों की एक्स-रे जांच फ्री की जा रही है। उनकी इस कार्य प्रणाली को देखकर उन्होंने प्रशंसा की और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी प्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि टीबी मुक्त समाज की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों से टीबी उन्मूलन हेतु जागरूकता बढ़ाने एवं सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर डीपीआरओ अरुण कुमार सहित आदि मौजूद रहे।




## एक नजर

### पुरा स्थान भर जाने तक ईदगाह के गेट पर न लगाया जाए ताला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुस्लिम समाज के संभ्रांत लोगों ने प्रसासन से मांग की है कि ईद-उल-फितर के दिन ईदगाह का पुरा मैदान भरने तक गेट पर तालाबंदी न की जाए। उनका आरोप है कि ईदगाह में काफी मेदान खाली रह जाता है और प्रसासन इससे पहले ही गेट पर तालाबंदी करा देता है जिससे सैकड़ो नमाजी नमाज अता करने वंछित रह जाते है। समाज के लोगों ने इस संबंध में अपर जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देते हुए मांग की है कि जब तक ईदगाह का पुरा मैदान न भर जाए तब तक गेट पर तालाबंदी ने कराई जाए।

ईद-उल-फितर पर मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह में नमाज अता करने आते है। मुस्लिम समाज के लाोगें का आरोप है कि काफी लोगों की जगह इदगाह के अन्दर होते हुए भी पुलिस प्रसासन इदगाह के गेट पर तालाबंदी कर देता है। जिसकारण इदगाह के अन्दर जगह शेष होने के बाद भी समाज के काफी लोग ईद की नमाज अता करने से वंछित रह जाजे है। समाज के लोगों ने इस संबंध में अपर जिलाधिकारी को एक ज्ञानप देते हुए मांग की है कि जब तक ईदगाह के अन्दर पुरी जगह नमाजियों से न भर जाए तब तक किसी को भी ईदगाह के अन्दर जाने से रोका जाए और न ही गेट पर ताला लगाया जाए। ज्ञापन देने वालो में इरफान अख्तर, श्रीपाल कसयप, मौ.तालिब, नदीम राजपुत, दानिस व साजिद आदि मौजूद रहे।

श्रीमद् भागवत कथा के विराम पर भागवत के महत्व को कथा व्यास डक्क्टर गुन प्रकाश , --

### शराब की बिक्री पर दिए गए ऑफर की आप पार्टी ने की आलोचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आम आदमी पार्टी ने शराब की बिक्री पर दिए गए ऑफर की आलोचना की है और इस ऑफर को बंद करने की मांग की है। पार्टी ने इस संबंध में राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा है।

प्रदेस सरकार ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर शराब की बिक्री पर एक बंपर ऑफर दिया है। इसके अनुसार सराब की एक बोतल खरीदने पर उसके साथ दूसरी बोतल फ्री दी जा रही है। पार्टी ने इस योजना को समाज के लिए घातक बताया और कहां कि इससे नागरीकों के स्वस्थ और भविष्य को गंभीर खंतरा पेदा होगया है। पार्टी ने कहां है कि इस योजना से शराब के सेवन को बढ़ावा मिलेगा और समाज मे आर्थिक असमानताएं बढेंगी। पार्टी का कहना है कि यह योजना युवा वर्ग के लिए एक नकारात्मक संदेस देती है। सराब खरीदने के लिए दुकानों पर लोगों में होड मची हुई है और इससे कानून व्यवस्था भी बिगडने का खतरा बना हुआ है। पार्टी ने राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में मांग की है कि सरकार के सराब पर दिए गए इस ऑफर को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए और शराब के बढ़ते अवैध करोबार का खात्मा किया जाए। ज्ञापन देने वालों में आप जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह, किरणपाल व महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।




# क्रांति की लहर बना युवाओं का सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत में युवाओं की शक्ति और सामर्थ्य को कम नहीं आंका जा सकता। जब युवा किसी काम को करने का निर्णय लेते हैं, तो वे उसे पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते। ऐसा ही एक उदाहरण है निवाडा के युवाओं का सफाई अभियान, जो धीरे-धीरे एक क्रांति की लहर बनता जा रहा है।

शुक्रवार को जनपद के ग्राम निवाड़ा में माय भारत और युवा कल्याण विभाग से संबद्ध युवक मंगल दल निवाड़ा के स्वयंसेवकों ने ग्राम निवाड़ा में सफाई अभियान को 26वें दिन भी जारी रखा। इस दौरान रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक गांव की गलियों और मोहल्लों में सफाई अभियान चलाया गया। युवाओं ने इस अभियान में अपनी पूरी ताकत लगा दी और गांव की हर गली और मोहल्ले को सफ़ किया। इस अभियान के दौरान युवाओं ने न केवल सफाई की, बल्कि उन्होंने ग्राम निवाड़ा के लोगों को भी जागरूक किया कि वे अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कैसे योगदान कर सकते हैं। सफाई अभियान का नेतृत्व कर रहे युवक मंगल दल अध्यक्ष इनाम उल हसन ने बताया कि 2 मार्च से गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए यह स्फ़ाई अभियान शुरू किया गया था। जो अभी तक जारी है। दिन में सफाई अभियान चलाने से रास्तों में वाहनों की आवाजाही के कारण परेशानी होती है, इसलिए रात में स्फ़ाई अभियान चलाया जाता है। इस अभियान में सचिव चौधरी ताहिर अब्बास, खुशी मोहम्मद फिजियो, शामी, आशिफ, अरमान, हुसैन, जीशान पहलवान, मोहसिन, अफरीदी, सागर सहित कई स्वयंसेवक शामिल हुए।



# नवरात्रों में देवी मां को अर्पित करें नौ पावन प्रसाद, घर में रहेंगी कृपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव यमुना नदी के पावन पर्व पर शनिवार को ज्योतिषाचार्य विद्वान पंडित संजय शास्त्री ने कहा कि नवरात्रि में देवी मां को अर्पित करें ये नौ पावन प्रसाद तो घर में रहेगी।

देवी मां की कृपा नवरात्रि का पावन त्योहार रविवार से शुरू हो गया है। दुर्गा मां के नौ स्वरूपों की आराधना और पूजन का विशेष अवसर आज से मनाया जा रहा है। इन नौ दिनों की नवरात्रि में देवी को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालुओं को देवी मां की आराधना करने से शरीर के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। नवरात्रि के उपवास करने से देवी मां प्रसन्न रहती है और सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है पहले नवरात्रि को मां शैलपुत्री की पूजा के वक्त घी का भोग लगाना शुभ माना जाता है। इससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है और स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां दूर होती है। दूसरा दिन का नवरात्र मां ब्रह्मचारिणी तो चीनी और मिश्री का भोग लगाया जाता है। तीसरे नवरात्रि पर मां चंद्रघंटा देवी की कृपा होती है चौथे नवरात्रि पर मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना की जाती है। पांचवा नवरात्र मां केला देवी का होता है।। छठा नवरात्रा मां कात्यायनी देवी का होता है। सातवां नवरात्र मां कालरात्रि का होता है। आठवां नवरात्र महागौरी का होता है। नया नौवा दिन मां सिद्धिदात्री का होता है। इस दिन अन खीर का भोग अर्पित करना पुण्यता का प्रतीक है। इससे सभी कार्य सिद्ध होते हैं और जीवन में सफलता मिलती है। सभी श्रद्धालुओं के कष्ट दूर हो जाते हैं। इसलिए हमें हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अपने पापों को नष्ट करने के लिए नवरात्रि में देवी मां को अर्पित करते हुए उपवास रखकर पूजा अर्चना करनी चाहिए चैत्र नवरात्रों को लेकर पंडित आचार्य संजय शास्त्री आज शनिवार को मीडिया के सामने रूबरू हो रहे थे।



# जिलाधिकारी ने अम्बरेसिया नेचुरल प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शनिवार को कंडेरा स्थित अम्बरेसिया नेचुरल प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड का दौरा किया और वहां शहद निर्माण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कंपनी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि यह उद्योग न केवल स्थानीय किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि प्राकृतिक उत्पादों को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने शहद उत्पादन के विभिन्न चरणों को देखा और संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्थानीय कारीगरों और कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को भी समझा। इसके बाद, जिलाधिकारी ने महाभारत कालीन ऐतिहासिक धरो.हर लाक्ष्यगृह का भी भ्रमण किया। उन्होंने इस स्थल के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह स्थल भारतीय इतिहास और संस्कृति का एक अनमोल हिस्सा है, जिसे संरक्षित करना आवश्यक है। इस अवसर जिला उद्यान अधिकारी अरुण दिनेश कुमार संस्कृत विद्यालय लाक्षागृह प्रधानाचार्य अरविंद शास्त्री अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूद रही।



# परीक्षाफल वितरण कर सीनियर बच्चों को तिलक लगाकर दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्राथमिक विद्यालय नंबर एक अग्रवाल मंडी टटीरी में परीक्षाफल वितरण व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सीनियर बच्चों को तिलक लगाकर विदाई दी तथा उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

शनिवार को प्राथमिक विद्यालय नंबर एक की प्रधानाध्यापक ममता मानव ने कहा कि शिक्षा वह मूल मंत्र है। इसके माध्यम से जीवन के मूल उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। बताया कि प्राथमिक विद्यालय का परीक्षाफल घोषित कर सभी बच्चों को परीक्षाफल वितरण किया गया। साथ ही जूनियर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसी दौरान शिक्षकों ने सीनियर बच्चों को तिलक लगाकर विदाई दी तथा उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। इस मौके प्रबंधक समिति अध्यक्ष संजय कुमार मानव, आदेश कुमारी, पूनम उज्जवल, अनुपमा, वदंना, दीपा , भावना, आशा रानी, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



# फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री दिनेश खोखर का बीमारी के चलते हुआ निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की सीएचसी में कार्यरत फार्मासिस्ट एवं जिला फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री दिनेश खोखर का बीमारी के चलते निधन हो गया। वह 55 वर्षीय दिनेश खोखर कई साल से बड़ौत सीएचसी में कार्यरत थे। कुछ दिन पहले ही उन्हें पेट में समस्या हुई थी। मेरठ अस्पताल में आराम नहीं मिलने पर उन्हें दिल्ली एम्स में खार्ती कराया गया था। दिल्ली में इलाज के दौरान आराम नहीं बना। शुक्रवार की रात्रि में उसने दम तोड़ दिया। जिले खार की सीएचसी और पीएचसी के अलावा अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में शोक की लहर दौड़ गई। शोकावाश घोषित किया गया। अपने पीछे वह अपनी पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार उसके पैतृक गांव छपरौली ब्लाक के मुकंदपुर में किया गया। कई दिन पहले दिनेश खोखर ने जिला फार्मेसिस्ट एसोसिएशन का चुनाव लड़कर मंत्री पद पर विजय प्राप्त की थी। अखी तक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण खाी नहीं हुआ है। वह पांचवीं बार जिला सचिव के पद पर विजयी हो रहे थे।

# अर्वाचीन इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा घोषित, मैडल प्रकार झूमें छात्र-छात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** शनिवार को अर्वाचीन इंटर कॉलेज खेकड़ा का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं को मैडल, प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मैडल पाकर छात्र-छात्राएं झूम उठे। अभिभावकों ने अपने बच्चों को मैडल पहनाकर आशीर्वाद दिया।

अर्वाचीन इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित इस छात्रा ने सम्मान समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा प्रबंधक उमेश शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सोनिया, प्रज्ञा धामा, पिंटू तेवतिया, हर्ष धामा, अरशद, शिवानी धामा, नीति, मनीष कुमार हरिओम, कृष्णा धामा, दिव्या धामा, करुणा शर्मा, रेखा, किशन दत्त शर्मा शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी उत्तरी बच्चों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।



# डॉ.एमवी राजपूत को बेस्ट सेक्सोलॉजिस्ट से नवाजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सुप्रसिद्ध सेक्सलॉजिस्ट्स डा.एमवी राजपूत को मशहूर बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान द्वारा बेस्ट सेक्सलॉजिस्ट्स इन इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। बृहस्पतिवार 19.12.2024को दिल्ली स्थित होटल लीला में यूजी ई बिज़नेस अवॉर्ड 2024 -25 का अयोजन किया गया था जिसमे सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा.एमवी राजपूत को बेस्ट सेक्सलॉजिस्ट इन इंडिया का पुरुस्कार प्रदान किया गया।

यूजीई अवॉर्ड 2024-25 में मुख्य अतिथि के रूप में जाने माने बोलीवुड एक्टर अरबाज खान उपस्थित रहे। दिल्ली एनसीआर के आसपास के इलाकों में मशहूर आयुर्वेद चिकित्सक डा.एमवी राजपूत को बेस्ट सेक्सोलॉजिस्ट इन इंडिया के अवार्ड से नवाजा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के समय में सभी को अपने स्वस्थ को लेकर कम से कम एक घंटे का समय जरूर निकालना चाहिए जिससे की हम स्वस्थ रह सकते है। अपने खाने पीने की चीजों को भी ध्यान रखना चाहिए। जंक फूड़ से बचना चाहिए। जनता क्लीनिक ,जन्नत क्लीनिक के बारे में कहा कि डा.एमवी राजपूत मरीजों को ठीक करके समाज के लिए अच्छा कार्य कर रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि वह अपने इस कार्य को निरंतर जारी रखेंगे। कार्यक्रम के आखरी में डा.एमवी राजपूत ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि मै करीब 20 साल से अपने क्लीनिक पर कार्यरत हूं जो मरीज सभी जगह से निराश होकर आते है। उनको हम बहुत ही कम फीस में उनका आयुर्वेद के द्वारा संपूर्ण इलाज करते है उन्होंने ने कहा कि हम जरूरतमंद लोगों का इलाज बिना फीस के भी करते है। उन्होंने ने बताया कि मैंने हमेशा अपने कार्य को इमानदारी से करने की कोशिश की है और आगे भी मे इसी तरह से अपनी सेवाएं करने के लिए तत्पर हूं अवार्ड पाकर डा. एमवी राजपूत ने कहा कि जो सम्मान मुझे आज मिला है उसका में धन्यवाद करता हु और आगे भी मैं पूरी ईमानदारी के साथ लोगों की सेवाएं करता रहूंगा। इससे पूर्व इन्हें बेस्ट सेक्सोलॉजिस्ट इन इंडिया 2023 के खिताब से भी नवाजा जा चुका है बता दें कि डा.एमवी राजप.ूत द्वारा संचालित जनता क्लीनिक पिछले करीब 20 वर्षो से क्षेत्र के लोगों की सेवा कर रहा है। दिल्ली एनसीआर में काफी प्रसिद्ध है। इस दौरान डा.सलीम , डा.महरून निशा, सदर साब, शकील खान मौजूद रहे।




**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र वसीम व उसकी पत्नि जीनत से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
फारूख पुत्र मेहरूदीन निवासी कस्बा रटौल थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम KUMARI AAYUSHI गलत दर्ज हो गया जबकि आधार कार्ड व शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरी पुत्री का सही नाम AAYUSHI KHOKHAR दर्ज है इसलिए मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का सही नाम AAYUSHI KHOKHAR दर्ज करके जन्म प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रतिलिपि दे दी जाये।
अमित खोखर पुत्र सोजी सिंह निवासी पट्टी धंधान कस्बा छपरौली तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

# पति-पत्नी ने मॉडल्स के न्यूड वीडियो शूट किए

## 500 लड़कियां हायर कीं, अपलोड करके 22 करोड़ कमाए, ईडी ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा का एक शानदार बंगला...अंदर स्टूडियो, जहां मॉडल्स का न्यूड वीडियो शूट होता था। ईडी की टीम ने 28 मार्च को सी-234, सेक्टर-105 के बंगले में छापा मारा, तो ऑनलाइन पोर्नोग्राफी रैकेट का पता चला।

पूछताछ में सामने आया कि पति-पत्नी सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर मॉडल्स की भर्ती करते। फिर उनका लाइव कैम पर अश्लील वीडियो शूट करके विदेशी पोर्न वेबसाइटों पर अपलोड कर देते थे। इसके एवज में उन्हें मोटी रकम मिलती थी। जिसका करीब 25 प्रतिशत मॉडल्स को देते थे। पति-पत्नी 500 से ज्यादा मॉडल्स को हायर कर करीब 22 करोड़ कमा चुके हैं।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 22 करोड़ रुपए की फॉरेन फंडिंग का पता चला था। इसका पता लगाने के लिए जांच एजेंसी बंगले तक पहुंची थी। बंगला उज्ज्वल किशोर का है। उन्होंने 5 साल पहले अपनी पत्नी नीलू श्रीवास्तव के साथ मिलकर सब-डिजी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी बनाई थी। कंपनी का डायरेक्टर उज्ज्वल है। पति-पत्नी घर से ही कारोबार की आड़ में एडल्ट वेबकैम स्टूडियो चला रहे थे। टीम ने जब छापेमारी की तो कुछ मॉडल्स वहां वीडियो शूट करती मिलीं। जांच एजेंसी ने जब उनसे पूछताछ की तो ऑनलाइन पोर्नोग्राफी रैकेट का खुलासा हुआ।

**फ्लैट के ऊपरी हिस्से में बनाया हाईटेक स्टूडियो:** ईडी की छापेमारी में बंगले के ऊपरी हिस्से में एक प्रोफेशनल वेबकैम स्टूडियो मिला। स्टूडियो में हाईटेक सेटअप लगाया गया था, जहां से ऑनलाइन कंटेंट विदेशी साइटों को भेजा जाता था।

उज्ज्वल किशोर ने ईडी को बताया कि उन्होंने साइप्रस की एक कंपनी टेक्नियस लिमिटेड से समझौता किया था। टेक्नियस लिमिटेड एक्स हैम्सटर और स्ट्रिपचौट जैसी पोर्न वेबसाइट चलाती है। नोएडा में देसी पोर्न बनाकर यह कपल विदेशी वेबसाइट को भेजता था। बदले में उनके अकाउंट में मोटी रकम भेजी जाती थी। कस्टमर का पैसा पहले क्रिप्टो करेंसी के जरिए टेक्नियस लिमिटेड के पास जाता था। इसके बाद उज्ज्वल के पास भेजा जाता था।

**सरकार को बताया मार्केट रिसर्च और पब्लिक ओपिनियन पोल का फंड:** उज्ज्वल की कंपनी सब-डिजी के खाते में लगातार विदेश से मोटी रकम आ रही थी। कंपनी की ओर सरकार को बताया जाता था कि वह विज्ञापन, मार्केट रिसर्च और पब्लिक ओपिनियन पोल जैसे कारोबार में शामिल है। एफईएमए नियमों के उल्लंघन का शक होने पर म्क ने जब इसकी जांच शुरू की तो पूरा खेल सामने आ गया। ईडी के मुता. बिक, सब-डिजी कंपनी और इसके डायरेक्टर्स के अकाउंट्स में विदेशों से 15.66 करोड़ रुपए आने का पता चला है। इसके अलावा नीदरलैंड्स में भी एक अकाउंट का पता चला है, जिसमें 7 करोड़ रुपए भेजे गए थे। इस रकम को इंटरनेशनल डेबिट कार्ड्स के जरिए भारत में कैश निकाला जा चुका है। इस तरह अब तक 22 करोड़ से अधिक कमाई का पता चल चुका है। घर के एक कमरे से 8 लाख रुपए कैश भी बरामद हुआ है।

**लड़कियों को 1 से 2 लाख रुपये का लालच दिया जाता:** सूत्रों के मुताबिक, उज्ज्वल ने फेसबुक पर चेप्टो डॉट कॉम नाम का एक पेज बनाया था। जिसमें मॉडलिंग के ऑफर दिए जाते थे और लड़कियों को मोटी सैलरी का लालच देकर हायर किया जाता था। दिल्ली-एनसीआर की कई लड़कियों ने इस पेज के जरिए उनसे संपर्क किया था। जब वे नोएडा स्थित फ्लैट पर ऑडिशन देने पहुंचती थी तो आरोपी की पत्नी उन्हें इस पोर्न रैकेट का हिस्सा बनने का प्रस्ताव देती थी।लड़कियों को 1 से 2 लाख रुपए महीने कमाने का लालच दिया जाता था। जांच एजेंसियों को शक है कि इस रैकेट के जरिए 500 से ज्यादा लड़कियों को हायर किया जा चुका है।

# ग्रेटर नोएडा में जमीन अधिग्रहण पर खर्च होंगे 1400 करोड़ रुपये, 5600 करोड़ पर लगी मुहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5597 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है। प्रदेश के मुख्य सचिव और नोएडा- ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न बोर्ड मीटिंग में इस पर मुहर लग गई है। आगामी वित्त वर्ष में सर्वाधिक जोर जमीन अधिग्रहण, विकास एवं निर्माण कार्यों पर रहेगा। इसके अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने और गांवों व सेक्टरों के विकास कार्यों पर रहेगा। इसके साथ ही आगामी वित्त वर्ष में आमदनी और खर्च की रकम भी बराबर रहने का आकलन लगाया गया है। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के सीईओ एनजी रवि कुमार ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में ग्रेटर नोएडा के प्रति औद्योगिक निवेशकों का रुझान तेजी से बढ़ा है। तमाम निवेशक उद्योग लगाने के लिए जमीन मांग रहे हैं। उनको जमीन उपलब्ध कराने के लिए प्राधिकरण लगातार प्रयासरत है। इस वजह 2025-26 के बजट में जमीन अधिग्रहण और इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इस बार जमीन अधिग्रहण पर करीब 1400 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है।



**गांवों के विकास पर खर्च होंगे 515 करोड़ रुपये:** सीईओ एनजी रवि कुमार ने बताया कि निर्माण व विकास कार्यों पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। इसके लिए लगभग 1973 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इस साल गांवों के विकास पर 515 करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य है।

**इन पर खर्च होंगे 292 करोड़ रुपये:** आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पूंजीगत भुगतान पर 292 करोड़ रुपये खर्च करने का आकलन है। यह रकम ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक स्टेडियम/स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण, शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण, ग्रेटर नोएडा ईस्ट व वेस्ट में बड़े ग्राउंड का निर्माण, सेक्टरों में मल्टीपरपज हॉल या सामुदायिक केंद्र का निर्माण, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की मेट्रो का निर्माण, जेवर एयरपोर्ट में अंशदान आदि पर खर्च करने का लक्ष्य है।

**12 लाख लोगों को मिलेगा फायदा:** विकास और निर्माण कार्यों के लिए तय 1973 करोड़ रुपये को फुटओवर ब्रिज का निर्माण, एसटीपी, अंडरपास का निर्माण, स्ट्रक्चर पार्क, विद्युत सबस्टेशन, नए कॉलेजों का निर्माण, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अस्पताल/हेल्थ सेंटर का निर्माण, वेंडर मार्केट, क्योस्क का निर्माण आदि कार्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इससे करीब 12 लाख लोगों को फायदा मिलेगा।

**ग्रीनरी पर खर्च होंगे 100 करोड़ रुपये:** ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी सीईओ ने बताया कि 2025-26 वित्त वर्ष के लिए 100 करोड़ रुपये ग्रीनरी पर खर्च करने का लक्ष्य है। अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। जल्द ही ग्रीनरी का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

# दानपात्रों में चोरी करने वाले चार बाल अपचारी पकड़े

**नोएडा।** सेक्टर-58 पुलिस ने मंदिरों के दानपात्र से चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले लिटिल गैंग के चार बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया है। चारों को बाल किशोर न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-62 स्थित बीएचईएल विनायक सोसाइटी में रहने वाले अश्वनी कुमार ने शुक्रवार को एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि तीन मार्च की रात सोसाइटी में बने मंदिर के दानपात्र के अंदर रखे रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। यही नहीं आसपास की सोसाइटी सागर अपार्टमेंट और ओवरसीज टॉवर सोसाइटी के अंदर बने मंदिरों के भी दानपात्र से नकदी चोरी की वारदात हुई। शिकायत के आधार पर सोसाइटियों में और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार बाल अपचारियों को अभिरक्षा में ले लिया। चारों के पास से 19 हजार रुपये बरामद हुए हैं। यह रकम मंदिरों के दानपात्र से चोरी की गई थी। पुलिस के मुताबिक एक बाल अपचारी जिला बदायूं, एक गुरुग्राम, एक थाना क्षेत्र के गांव बिशनपुरा और चौथा गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी का रहने वाला है।

# सोसाइटी में गंदे पानी की समस्या बरकार

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर तीन स्थित पंचमुखी जनता फ्लैट में गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या बरकरार है। लोग इसकी शिकायत प्राधिकरण से भी कर चुके हैं, लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं हुआ है। सोसाइटी के आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी ने बताया कि सोसाइटी में करीब दो महीने से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। बीच में करीब 400 से अधिक लोग सोसाइटी में बीमार भी पड़ गए थे। सोसाइटी में गंदे पानी की आपूर्ति जगह-जगह पाइप लाइन में लीकेज की वजह से हो रही है। रोजाना सोसाइटी में नए स्थान पर लीकेज की समस्या मिलती है, जिसका समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सोसाइटी के सभी निवासी दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

# मां भगवती की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़ेंगे श्रद्धालु, आज मां शैलपुत्री का पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चैत्र नवरात्र रविवार (आज) से शुरू होंगे। इसको लेकर मंदिरों में सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मंदिरों में कलश स्थापना के साथ मां के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा होगी। प्रसिद्ध मंदिरों में सुख शांति के लिए महायज्ञ होगा और मां की अखण्ड जोत जलेगी। नवरात्र के पहले दिन जिले के सभी मंदिरों में श्रद्धालु की खासी भीड़ रहेगी। इसके लिए बड़े मंदिरों की समितियों ने तैयारी कर ली है और मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। घरों में श्रद्धालु उपवास रख मां की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे। दूसरी ओर, शनिवार को जिले के बाजारों में पूजा की थाली, मूर्ति, माला, चुनरी की खूब बिक्री हुई। साथ ही लोगों ने मां दुर्गा की प्रतिमा से लेकर अलग-अलग दिन के शृंगार के हिसाब से वस्त्र और पूजन सामग्री की खरीदारी की। चौत्र नवरात्रि को देखते हुए भक्तों ने घरों में नौ दिनों तक मां की दरबार को सजाने के लिए सामग्री खरीदी। नवरात्र में पूजन सामग्री में चुनरी, नारियल, कलश, कलावा समेत अन्य सामान पिछले साल के मुकाबले इस साल पांच से 10 रुपये महंगे हो गया है।

सेक्टर-22 स्थित मूर्ति बनाने वाले रमेश ने बताया कि मिट्टी और कारीगरी भी महंगी हुई है। ऐसे में मूर्ति के डिजाइन और फुट के हिसाब से पैसे बढ़ाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मिट्टी की मूर्ति 150 से 1000 रुपये और मार्बल की मूर्ति 1000 से 11000 रुपये तक है। इसके अलावा बाजार में पीतल की मूर्ति 1500 से 3000 रुपये, मोती की माला 50 से 1200 रुपये, फूलों की माला 150 से 1450 रुपये में मिल रही हैं। वहीं पूजा की थाली 350 से 1000 रुपये है।



**कुट्टू का आटा खरीदते समय सावधानी बरतें:** नवरात्र में भक्त नौ दिनों तक उपवास रखते है। व्रती फल, मिठाई और कुट्टू-सिंघाड़े के आटे का बना भोजन ग्रहण करते हैं। ऐसे में कुट्टू का आटा खरीदते समय ध्यान रखें कि यह ज्यादा समय का रखा हुआ न हो। साथ ही इसे छूकर देखें, यह खुरदुरा न हो और न ही इसमें काले दाने नजर आए। इसके अलावा आटे में कीड़े न हों। खुला आटा लेने से बचें। गौरतलब है कि पूर्व में कुट्टू का आटा खाकर कुछ लोग बीमार हो चुके हैं।

**इस तरह मिलावट की पहचान करें:** बता दें कि कुट्टू का आटा गहरे भूरे रंग का होता है। अगर आटे का रंग बहुत ज्यादा हल्का लगे तो इसे खाने से बचें। मिलावटी आटे की पहचान करने के लिए एक चम्मच कुट्टू के आटे को एक गिलास पानी में डालकर छोड़ दें। आटे में मिलावट होगी तो वह पानी में तैरने लगेगा और असली होगा तो आटा तुरंत नीचे बैठ जाएगा।

**दुर्गा सप्तशती की मांग बढ़ी:** नवरात्र में पूजा सामग्री के साथ दुर्गा सप्तशती और अन्य धार्मिक पुस्तकों की बिक्री भी बढ़ गई है। पूजन सामग्री की दुकान चलाने वाले विजेंद्र कुमार ने बताया कि नवरात्र में चुनरी और माता के पटका की मांग बढ़ जाती है। साथ ही पूजन सामग्री जैसे कपूर, चंदन, रोली, लौंग, इलायची, धार, अगरबत्ती, धूपबत्ती की भी अधिक बिक्री हो रही है।

नवरात्रों के आते ही फलों के दाम में भी बढ़ोतरी हो गई है। केले के दाम 50 रुपये से बढ़कर 80 रुपये प्रति दर्जन हो गए हैं। सेब 150 रुपये की बजाए अब 200 रुपये प्रति किलो, अंगूर 80 रुपये किलो थे, जो अब 100 रुपये प्रति किलो हो गए। इसके अलावा संतरा 80 रुपये किलो, अनार 120 रुपये किलो बिक रहा है।

# ज्योत लेकर आ रहे श्रद्धालुओं को बस ने मारी टक्कर, दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार बस ने ज्योत लेकर आ रहे श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। घटना में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

कोतवाली बादलपुर क्षेत्र में दिल्ली से माता की ज्योति लेकर लोट रहे चार दोस्तों को रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो गंभीर घायल हो गए, उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीड़ित की शिकायत पर रोडवेज बस नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। धर्मेंद्र सिंह निवासी गांव खानपुर चोला बुलंदशहर ने बताया कि उनका बीस वर्षीय बेटा गौरव अपने दोस्त निखिल, रचित व मनीष के साथ दिल्ली स्थित कालका मंदिर से माता की ज्योति लेने गया था। चारों दोस्त शुक्रवार को ज्योति लेकर पैदल एनएच 34 होकर लाल कुआं से दादरी की तरफ बढ़ रहे थे।रात में करीब साढ़े ग्यारह बजे डेरी मच्छा गांव के पास पीछे से आ रही रोडवेज चालक ने लापरवाही से बस चलाते हुए उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में चारों युवक गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।उपचार के दौरान गौरव व निखिल की मौत हो गयी। रचित व मनीष की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों का ग्रेटर नोएडा अस्पताल में उपचार हो रहा है। गौरव के पिता धर्मेंद्र ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरु दी है।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एक मैट्रिमोनियल साइट के जरिये युवक के संपर्क में आई झारखंड की युवती ने छत्तीसगढ़ के युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना फेज-तीन में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि झारखंड की एक युवती ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि एक मैट्रिमोनियल साइट के जरिये नवंबर 2024 में छत्तीसगढ़ निवासी इशांक नामक युवक के संपर्क में आई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। दोनों के बीच फोन पर ही शादी करने का निर्णय लिया। शादी करने से पहले युवक ने उसे नोएडा के सेक्टर-70 स्थित एक होटल में बुलाया। युवती का कहना है कि वह 20 मार्च को नोएडा आई और आरोपी ने उसे कमरे में बंद करके दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने शादी करने से इन्कार कर दिया। पीड़िता का कहना है कि उसने किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटी और पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में दुष्कर्म की बात सामने नहीं आई है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे के बाद स्कूटी चोरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में गेल सोसाइटी के समीप सड़क किनारे खड़ी एक स्कूटी चोरी कर ली गई। सड़क हादसे के बाद महिला अपनी स्कूटी सड़क किनारे खड़ी कर अपने घायल बेटे का इलाज करने के लिए अस्पताल लेकर गई थी। इसी बीच किसी ने स्कूटी चोरी कर ली। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी है। सेक्टर पाई-4 स्थित वृंदा सिटी सोसाइटी में बबीता सिंह परिवार के साथ रहती है। बबीता सिंह ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने बेटे के साथ स्कूटी पर सवार होकर किसी काम से दूसरी सोसाइटी की तरफ जा रही थी। जब वह गेल सोसाइटी के समीप पहुंची तो एक बाइक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में महिला के बेटे को चोट आई। इसके चलते महिला अपनी स्कूटी को सड़क के किनारे छोड़कर बेटे को तुरंत नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंची। बेटे को प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद महिला वापस घटना स्थल पर पहुंची तो वहां स्कूटी नहीं मिली। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है की घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है। चोरों का पता लगाकर स्कूटी को बरामद किया जाएगा।

### युवकों को पीटकर किया अधमरा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना फेज-तीन क्षेत्र के गांव मामूरा में कार सवार युवकों ने तीन युवकों को रंजिशन लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसे बचाने आए दो लोगों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर कार को जब्त कर लिया। आरोपियों को पकड़ने के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। जिला बरेली के गांव परशुरामपुर निवासी महताब ने पुलिस को बताया कि भाई अरबाज गांव मामूरा में किराए के घर में रहता है। 27 मार्च की शाम करीब सात बजे अरबाज घूमने के लिए गांव मामूरा की गली नंबर दो से बाहर आया। तभी स्विफ्ट कार सवार युवक उतरे और रंजिशन गाली-गलौज करने लगे। इसका विरोध किया तो अरबाज के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने शोर मचाया तो अफरोज, रहीश उर्फ बाबू उसे बचाने के लिए आए। कार सवार आरोपियों ने लाठी-डंडों से उनके साथ भी मारपीट की। इसी दौरान आरोपियों ने अफरोज और रहीश के सिर में डंडा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### ग्रेनो वेस्ट को मिलेगी जाम से राहत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर चार से एनएच-24 तक शाहबेरी होते हुए एलिवेटेड रोड बनाने के प्रस्ताव पर भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मुहर लगा दी है। बताया जा रहा है कि इससे करीब 2 लाख लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिल जाएगी। जल्द ही शाहबेरी मार्ग कार्य शुरू कर दिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आबादी तेजी से बढ़ रही है। आने वाले 10 वर्षों में 15 से 20 लाख आबादी रहने वाली है। नोएडा एयरपोर्ट के शुरू होने से भी यातायात का लोड बढ़ेगा। इसे ध्यान में रखते हुए एक मूर्ति चौराहे से एनएच-24 तक एलिवेटेड रोड बनाने की योजना है। इस पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से सहमति मिल चुकी है। निर्माण में सहयोग के लिए भी एनएचएआई तैयार हो गया है।

# यूपी की पहली जेल डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश की पहली जेल डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन ग्रेटर नोएडा की जिला जेल में हुआ। प्रमुख सचिव कारागार अनिल गर्ग ने शारदा विश्वविद्यालय के कुलपति पी. के. गुप्ता के साथ लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

प्रोमेटियस स्कूल नोएडा के चेयरमैन मुकेश शर्मा और स्कूल के छात्रों ने इस पहल में सहयोग किया है। डिजिटल लाइब्रेरी में बंदी कंप्यूटर प्रोजेक्टर के माध्यम से किताबें पढ़ सकेंगे। वे मोटिवेशनल स्पीच और वीडियो भी देख सकेंगे। स्कूल के बच्चों और अभिभावकों ने लाइब्रेरी के लिए पुस्तकें दान की हैं।प्रमुख सचिव ने जेल में शुरू किए गए मधुमक्खी पालन सेंटर का भी निरीक्षण किया। यहां बंदी शहद का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने जेल ब्रांडिंग के तहत शहद की बिक्री के निर्देश दिए। जेल में ऑर्गेनिक खेती भी की जा रही है। छह महीने में ही 350 कुंतल से अधिक सब्जियां गाजियाबाद जेल को भेजी गई हैं।कारागार में कौशल विकास कार्यक्रम भी चल रहे हैं। इनमें नृत्य और गायन-वादन जैसे हॉबी कोर्स शामिल हैं। प्रमुख सचिव ने सिलाई केंद्र में नई मशीनें लगाने के निर्देश दिए हैं। इससे बंदियों का कौशल विकास होगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।कारागार के बंदियो हेतु उच्चतर संस्थाएं जैसे शारदा विश्व. विद्यालय-मेडिकल कॉलेज से सहयोग प्राप्त कर मेडिकल कैम्प आयोजित करने तथा विशेषज्ञ मनोचिकित्सकों ,द्वारा कारागार के बंदियो की कांउसिलिंग करा कर उन्हें तनाव मुक्त करने व सुधार पुनर्वास के लिए प्रेरित करने के भी निर्देश दिये गये।।निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने जेल में चल रहे सुधारात्मक कार्यक्रमों की भी समीक्षा की, जिसमें शिक्षा, योग, कौशल विकास, और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित गति. विधियाँ शामिल हैं। उन्होंने जेल अधिकारियों को कैदियों के पुनर्वास के लिए समर्पित होकर काम करने की सलाह दी और जेल में कैदियों के अधिकारों का सम्मान बनाए रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक बृजेश कुमार, राजीव कुमार सिंह कारापाल, व संजय कुमार शाही कारापाल एवं शिशिरकांत कुशवाहा, उपकारापाल, सुरजीत सिंह उपक. ारापाल, ज्ञानलता पाल उपकारापाल व मनोरमा सिंह उपकारापाल, रामप्रकाश शुक्ला उपकारपाल, मनोज कुमार उपकारपाल आदि उपस्थित रहे।



# नाबालिग को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सूरजपुर कस्बे से एक युवक की बाइक चोरी कर ली गई। पीड़ित ने खुद बाइक चोर की तलाश की। इसके बाद पीड़ित ने तीन दिन में चोर को ढूंढ निकाला। शातिर नाबा. लिग चोर चोरी की गई बाइक को लेकर जा रहा था। पीड़ित ने चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद की है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कस्बे की महा मेधा वाली गली में सुरजीत कुमार परिवार के साथ रहते हैं। सुरजीत ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च को उनकी गली में खड़ी बाइक चोरी कर ली गई थी। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की और खुद चोर की तलाश में जुट गए। सुरजीत ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च को वह अपने दोस्त आशीष के साथ रात के समय में खुद बाइक सवार को ढूंढने के लिए निकले थे। इसी दौरान अचानक से शातिर नाबालिग चोर बाइक लेकर सामने से आता हुआ दिखाई दिया। सुरजीत और उसके दोस्त ने चोर को रोक लिया और अपनी बाइक की पहचान कर उसे पकड़ लिया। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई बाइक बरामद की है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी नाबालिग है। पुलिस की छानबीन में पता चला है कि आरोपी पूर्व में भी बाइक चोरी की घटना कर चुका है।


# कंप्यूटर साइंस की परीक्षा कठिन रही

**नोएडा।** जनपद में सीबीएसई 12वीं कक्षा की शनिवार को इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिमेट एवं कंप्यूटर साइंस की परीक्षा हुई। परीक्षा के बाद केंद्र से बाहर निकले छात्र-छात्राओं ने बताया कि कंप्यूटर साइंस विषय की परीक्षा कठिन रही। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र में पूछे गए ज्यादातर प्रश्न एनसीईआरटी पर आधारित रहे। कंप्यूटर साइंस विषय के प्रश्नपत्र में कुल 26 प्रश्न पूछे गए। परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू होकर 1:30 बजे तक चली। परीक्षा में सीबीएसई की गाइडलाइंस के मुताबिक 15 मिनट पहले छात्रों को पढ़ने के लिए प्रश्नपत्र बांटे गए। तीन घंटे तक चले इस पेपर को लेकर छात्रों ने बताया कि पेपर थोड़ा कठिन था। वहीं, कुछ छात्रों ने कहा कि वो परीक्षा को समय पर खत्म कर सकते थे लेकिन कुछ कठिन सवालों की वजह से उनका समय खराब हुआ।

# डीपीएस जीबी नगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एआरटीओ प्रवर्तन डा उदित नारायण पाण्डेय द्वारा आज स्कूल बस चालकोंं को यातायात नियमो के पालन हेतु स्वरचित कविताओं /गीतों के माध्यम से प्रेरित किया गया। सडक सुरक्षा पर लघु फिल्म भी दिखायी गयी। दिल्ली पब्लिक स्कूल गौतम बुध नगर के सभागार में सेक्टर 132 स्थित बस के प्रपत्र सही होने व सुरक्षा मानक पूरे होने पर ही उसे विद्यार्थियों के आवागमन हेतु प्रयोग करें। यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें, आपके सुरक्षा के लिये है। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि ऑटो और ई रिक्शा विद्यार्थियो के आवागमन के लिए सुरक्षित नहीं है। सुरक्षा के लिए ग्रिल न होने, बंद बाडी न होने से इनमे स्कूल के बच्चों को ले जाना जोखिम भरा है, साथ ही क्षमता से अधिक बच्चों को ढोना दुर्घटना की सम्भावनाओं को कई गुना बढ़ाता है। डॉ पाण्डेय ने बताया कि यदि चालक वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करें, ओवर स्पीडिंग करे, अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करें तो उसकी सूचना विद्यालय और माता-पिता को अवश्य दें। बच्चे बस से बाहर अपने शरीर का कोई- अंग हांथ, सर ना निकालें चढ़ते उतरते समय पूरी सावधान रखें। चलती बस में चढ़ना उतरना खतरनाक है। पैदल सड़क पार करते समय पहले रुकें, देखें और सुरक्षित होने पर ही सुरक्षित स्थान, जेब्रा क्रॉसिंग से सड़क पार करें। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल सुप्रिती चौहान, राहुल जैन के अलावा कार्यशाला में 250 से अधिक चालक, परिचालक व सहायक उपस्थित रहे।





# खेल में बच्चों ने गिराई बुग्गी, नीचे दबकर पांच माह के बच्चे की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना रबूपुरा क्षेत्र में मां की गोद में खेलने वाले मासूम को परिवार ने जंगल में बुग्गी के पीछे कपड़े का पालना बना झूलने के लिए छोड़ था। लेकिन खेलकूद करते पहुंचे अन्य बच्चों ने बुग्गी पर चढकर उसे पीछे गिरा दिया। हादसे में बुग्गी के पीछे कपड़े के पालने में लटके पांच साल के मासूम बच्चे की दबकर मौत हो गई। खेतों में कटाई कर वापस लौटे परिजनों की बुग्गी को पिछे गिरा देख चीख निकल पड़ी दौड़कर बुग्गी को उठाया लेकिन तबतक मासूम की मौत हो चुकी थी। रबूपुरा के मोहल्ला फूल विहार निवासी धर्मवीर पत्नी रेनू के साथ परिवार के पालन पोषण के लिए शनिवार को खेतों में मजदूरी पर गेहूं काटने गए थे। रेनू ने फसल कटाई करने से पहले बच्चों को कुत्तों व जंगली जानवारों से बचाव के लिए पेड़ के नीचे खड़ी बुग्गी में कपड़े का पालना बनाकर झुला दिया। रेनू और धर्मवीर गेहूं की कटाई के लिए खेतों में चले गए इसी दौरान वहां खेल रहे परिवार व पड़ोस के छोटे बच्चे खेल-खेल में बुग्गी चढ़ गए जिससे बुग्गी पीछे गिर गई।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# प्रदर्शनी में दिखीं हीटवेब को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** सरकार ने विगत आठ वर्षों में श्सेवा, सुरक्षा और सुशासनश की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की है। प्रदेश सरकार ने 11 आपदाओं को राज्य आपदा के रूप में अधिसूचित कर रखा है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक पीडित व्यक्तियों को राहत फण्ड से आच्छादित किया जा सकें इसलिए गत पाँच वर्षों में राज्य सरकार द्वारा कई दुर्घटनाओं को राज्य आपदा के रूप में अधिसूचित किया गया है जैसे नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई व गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, मानव वन्य जीव द्वन्द, डूबना तथा सांड एवं वन्य नील गाय के आघात से मृत्यु। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आपदा प्रबंधन क्षेत्र में भी जनपद स्तर पर क्षमता संवर्धन व् राहत बचाव कार्यों में तीव्रता के साथ कार्य किया जा रहा है। राहत वितरण प्रणाली को समयबद्ध व पारदर्शी बनाने के लिए राहत पोर्टल पर सभी प्रकार के राहत देय को ई-कुबेर के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में भेजे जाने की प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया था, जिससे राहत वितरण की सम्पूर्ण प्रक्रिया पेपरलेस हो गयी हैं। साथ ही मौसम संबंधी पूर्व चेतावनी तंत्र को बेहतर करने हेतु जनपद की समस्त तहसील में व प्रति ब्लॉक ।ट्ठ की स्थापना की गयी है जिससे मौसम संबंधी पूर्व चेतावनी तंत्र को बेहतर किया जा सकें। आपदाओं में क्या करे, न करें के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद मुख्यालय व तहसील परिसरों पर एक-एक डिजीटल साइन बोर्ड की स्थापना की गयी है। उक्त के अतिरिक्त इस वर्ष शीतक. ालीन अवधि में कुल 18225 कम्बल ससमय क्रय कर जरूरतमंद लोगो को नि:शुल्क वितरित किये गये है। आपदाओं से बचाव के उपायों को समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से आम जन मानस के समक्ष साझा किया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग हापुड़ द्वारा जनपद में आगामी लू को देखते हुए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं जिसके क्रम में आपदा मित्रों एवं अन्य विभागीय स्तरों पर प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम किये जाने की तैयारी भी की जा रही है

।हीटवेव से बचाव के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जो लोगों को गर्मी से संबंधित खतरों और सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करते हैं। इन कार्यक्रमों में हीटवेव के लक्षणए प्राथमिक उपचारए और गर्मी में सुरक्षित रहने के उपायों की जानक. ारी दी जाती है। हीटवेव (लू) एक ऐसी मौसम स्थिति है जब किसी क्षेत्र में तापमान सामान्य से अधिक बढ़ जाता है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारत में, हीटवेव की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान 40 तटीय क्षेत्रों में 37 और पहाडी क्षेत्रों में 30 से ऊपर चला जाता है, जो सामान्य से कम से कम 4.5 अधिक होता है। हीट डेज का मतलब उन दिनों से है, जब किसी स्थान का अधिकतम तापमान सामान्य से बहुत अधिक बढ़ जाता है, और यह तापमान विशेष सीमा से ऊपर रहता है। इन दिनों को हीटवेव या लू के दिनों के रूप में जाना जाता है। आमतौर पर, जब किसी क्षेत्र में अधिकतम तापमान 40 या उससे ऊपर होता है, तो उसे हीट डेज के रूप में पहचाना जात

ा है। हीट डेज के प्रभाव स्वास्थ्य पर प्रभावरू अत्यधिक गर्मी से शरीर में पानी की कमी, थकान, सिरदर्द, उल्टी, और हीटस्ट्रोक जैसी

**समस्याएं उत्पन्न हो सकती है।** कृषि पर प्रभाव- अत्यधिक गर्मी फसलें और बागवानी को नुकसान पहुंचाती है, जिससे उत्पादन में गिरा वट होती है। जलवायु परिवर्तन- हीट डेज का बढ़ना जलवायु परिवर्तन का संकेत है, जो पर्यावरण के लिए खतरे की घंटी हो सकती है। ऊर्जा की मांग- इन दिनों में बिजली की खपत बढ़ जाती है क्योंकि लोग एयर कंडीशनर और पंखों का ज्यादा उपयोग करते हैं। हीट डेज से बचाव के उपाय-पानी का सेवन शरीर में पानी की कमी न होने दें, अधिक से अधिक पानी पिएं। सुरक्षित स्थान पर रहें यदि संभव हो, तो गर्मी से बचने के लिए घर के अंदर ठंडे स्थान पर रहें। स्ट्रोक से बचाव- हीटस्ट्रोक से बचने के लिए शरीर को ठंडा रखने का प्रयास करें। सिर पर ठंडी पट्टी रखें और हल्के कपड़े पहनें। प्राकृतिक शीतलन- घर की खिड़कियों और दरवाजों को बंद रखें और पंखा या एयर कंडीशनर का उपयोग करें। गर्मी में बाहर न जाएं जब भी संभव हो, गर्मी के अत्यधिक दिनों में घर से बाहर जाने से बचें। इस प्रकार, हीट डेज केवल तापमान बढ़ने के दिन नहीं होते, बल्कि यह संकेत हैं कि हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव करने की आवश्यकता

है ताकि हम और हमारे पर्यावरण पर इसका प्रभाव कम कर सकें।

# चैत्र वसंत नवरात्रि की शुरुआत आज, शक्तिशाली व न्यायाधीश ग्रह शनि: केसी पाण्डेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**संजय त्यागी**



**हापुड़।** विक्रम नव संवत्सर 2082 सनातन वर्ष का सूर्योदय तथा चैत्र वसंत नवरात्रि की शुरुआत आज शक्तिशाली व न्यायाधीश ग्रह शनि की बदली हुई चाल के साथ 30 मार्च, रविवार को हो रहा है जिसका व्यापक प्रभाव देश, दुनिया,समाज तथा व्यक्तिगत जीवन पर होगा ज्योतिर्विद पं. केसी ने बताया ब्रह्माण्ड में ग्रहों के बदलाव का प्रभाव सकारात्मक व नकारात्मक अवश्य पड़ता है 29 मार्च की रात में शनि के 30 साल बाद मीन राशि में आने से राशि स्थिति अनुसार कोई मालामाल होगा तो कोई कंगाल भी हो सकता है अगले ढाई वर्षतक पिछले कर्म व राशि अनुसार शुभाशुभ फल प्राप्त होते रहेंगे।

जहाँ मकर राशि पर साढ़ेसाती समाप्त हुई तो मेष राशि वालों के लिए साढ़ेसाती के साथ संघर्ष का समय शुरु हुआ, कर्क व वृश्चिक राशि वालों की ढैय्या समाप्त होकर अब सफलता मिलेगा तो अगले ढाई साल तक सिंह व धनु राशि के लिए शुरु हुई ढैय्या से परिश्रम का दौर शुरु होगा।

शनि एक मंदगति से चलने वाला ग्रह है जो एक राशि में ढाई सालतक रहता है जब शनि का गोचर किसी भी राशि के चतुर्थ, अष्टम भाव में होता है तो ढैय्या तथा बारहवें, लग्न व प्रथम भाव में होता है तो साढ़ेसाती होती है अत: मीन राशि में गोचर होने से कुम्भ, मीन व मेष पर साढ़ेसाती रहेगी।

इस प्रकार वृष, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ के लिए शुभ, मिथुन, कन्या, मकर के लिए मिश्रित तथा मेष, सिंह, धनु राशि वालों के लिए कठिन परिश्रम व संघर्ष वाला समय रहेगा, मीन राशि वालों पर सर्वाधिक प्रभाव होगा क्योंकि मीन राशि में पहले से ही सूर्य, चंद्र, बुध, शुक्र और राहु हैं शनि के प्रवेश करने पर यहाँ षडग्रही योग बनेगा साथ ही केतु की दृष्टि भी पड़ेगा शनि के राशि परिवर्तन का कुंडली में शनि की स्थिति के अनुसार प्रभाव अधिक अथवा कम हो सकता है।

शनि के राशि परिवर्तन का देश दुनिया पर प्रभाव भी व्यापक प्रभाव रहेगा नव संवत्सर 2082 का राजा सूर्य तथा मंत्री भी सूर्य है तथा वर्ष नाम सिद्धार्थ होगा भारत देश की वृषभ लग्न व कर्क राशि की कुंडली है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

वृश्चिक राशि के है अत: शनि का ये गोचर भारत के लिए हर प्रकार से लाभदायक रहेगा प्रधानमंत्री जी अनेक स्वतंत्र व बड़े निर्णय देशहित में लेंगें हालांकि अति आत्मविश्वास से बचना चाहिए तथा सावधानी भी रखना चाहिए अमेरिका आदि देशों के लिए मुश्किल रहेगी।

शनि से प्रभावित लोगों को शनिदेव के पूजन के साथ शं शनैश्चराय नम: या प्रां प्रीं प्रौं स: शनैश्चराय नम: मंत्रजप, दशरथ कृत शनि स्तोत्र,श्रमिकों व गरीबों की सेवा साथ ही भगवान शंकर जी , हनुमान जी की पूजा भी अवश्य करना चाहिए। शनि मीन राशि अर्थात वृहस्पति के घर में आये है अत: धर्म कार्य व नैतिकता पूर्ण कार्य शनि की पीड़ा को कम कर सफलता प्राप्त किया जा सकता है

ब्रह्म पुराण के अनुसार चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था इस बार तृतीया तिथि क्षय होने कारण नवरात्रि 8 दिन का ही रहेगा नवरात्रि में माता का आगमन हाथी तथा प्रस्थान भी हाथी पर ही होगा जो अत्यधिक वर्षा का संकेत लेकिन शुभदायक है।

चैत्र नवरात्र की तृतीया 31मार्च को मत्स्य अवतार तथा भगवान श्रीराम का जन्म रामनवमी 6 अप्रैल रविवार को मनाया जाएगा नवरात्रि की शुरुआत भद्रा आदि दोष ना होने के कारण अत्यंत शुभफल प्रदान करने वाला होगा, (घट) स्थापना के लिए रेवती नक्षत्र,इंद्र योग में सुबह 6.14 से दोपहर 12.49 तक का समय शुभ है। घट स्थापना विशेष शुभ मुहूर्त :- सुबह 8.30 से 10.26 स्थिर लग्न दोपहर 11.59 से 12.49 अभिजीत मुहूर्त। घट स्थापना के लिए मिट्टी का घड़ा उत्तम रहता है कलश स्थापना करने वाले नवमी तिथि को 9 कुमारी कन्या का पूजन कर भोजन कराये, हवन मंत्र ष्ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाये विच्चेष मंत्र व नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नम:,नम: प्रकृत्यै भदायै नियता: प्रणता: स्मताम्।।

उपवास, पूजन व हवन के बाद नवरात्रि व्रत पारण दशमी तिथि 7 अप्रैल सोमवार को होगा।

# मुख्य आरक्षी अंकुर राणा की मौत पर एसपी ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुख्य आरक्षी अंकुर राणा पुत्र रामबल सिंह जो मूल रूप से ग्राम दाहा थाना दोघट जनपद बागपत के निवासी थे, जिनकी गत दिवस को हृदय गति रुकने से दु:खद मृत्यु हो गयी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन हापुड़ में मुख्य आरक्षी के पार्थिव शरीर के अन्तिम दर्शन किए गए एवं दिवंगत आत्मा के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शोक. ाकुल परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी गयी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा भी शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवे. दनाएं प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य आरक्षी के पार्थिक शरीर को रिजर्व पुलिस लाइन में अन्तिम शोक सलामी देने के उपरान्त उनके शरीर को ससम्मान उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# एंटी करप्शन की टीम ने चकबंदी विभाग के लेखपाल का रिश्वत लेते दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**आरिफ अली**



**हापुड़।** हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। एंटी करप्शन की इस कार्रवाई के बाद जिलेभर के सरकारी कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर काकौड़ी के वंश चौधरी ने एंटी करप्शन में शिकायत की थी। जिसमें वंश चौधरी ने बताया था कि उनका गांव काकौड़ी चकबंदी में है। उनके पिता चार भाई थे। जिनमें से एक भाई की मृत्यु हो चुकी है और उन्होंने शादी नहीं की थी। उनके हिस्से की जमीन अन्य तीनों भाईयों के नाम होनी थी। इसके लिए उन्होंने चकबंदी लेखपाल नरेंद्र कुमार गौड़ से संपर्क किया। लेखपाल से मिलने पर उसने तीनों भाईयों के नाम जमीन चढ़ाने की एवज में 15 हजार रुपयों की रिश्वत मांगी। इसके बाद पीड़ित व लेखपाल के बीच दस हजार रुपये की रिश्वत तय हुई। एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल को रंगेहाथ दबोचने के लिए जाल बिछाया। शनिवार सुबह एंटी करप्शन की टीम निरीक्षक मयंक कुमार अरोड़ा के नेतृत्व में निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, किशन अवतार, कैलाश चंद, अर्चना आदि जिला मुख्यालय पर पहुंचे। वंश चौधरी भी लेखपाल से मिलने के लिए जिला मुख्यालय पहुंच गए। इसी बीच लेखपाल नरेंद्र कुमार गौड़ भी वहां पहुंचे। जैसी लेखपाल के हाथ में वंश ने रिश्वत के रुपये दिए तुरंत टीम ने उसे दबोच लिया। एंटी करप्शन की टीम की कार्रवाई की जानकारी जिला मुख्यालय में तैनात अन्य कर्मचारियों को हुई तो उनमें अफरा-तफरी मच गई। लेखपाल को दबोचा के बाद लेखपाल ने एंटी करप्शन टीम को बताया कि उसकी तबीयत खराब हो रही है। टीम उसे लेकर गढ़ रोड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। जहां लेखपाल के स्वास्थ्य की जांच की। जहां उसकी जांच कराई गई। चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद बताया कि उनका स्वास्थ्य ठीक है। टीम ने इस पर राहत की सास ली।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैंकर्स की समीक्षा बैठक

**हापुड़।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़, में जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, वित्तीय समावेशन, एवं विकास परियोजनाओं के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना था। मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम ने बैठक में जिले के आर्थिक विकास में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और कहा कि बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने पर बल दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ मिल सकें। उन्होंने बैंकिंग के विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की एवं बैठक मे भाग ले रहे सभी बैंक समन्वयक अधिकारियों को बैंको मे लंबित पड़े आवेदन पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण करने एवं ऋण जमा अनुपात बढ़ाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सभी बैंकों से आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक रूपरेखा तैयार करने और जिले के आर्थिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला अग्रणी बैंक कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवम अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी बैंकों द्वारा जिले में चल रही सरकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें मुख्य रूप से मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, और अन्य योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान त्ठप् के सहायक महाप्रबंधक , जिला विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप जी, कृषि विकास अधिकारी मनोज कुमार, डीडीएम नाबार्ड डीके सिंह, शीशपाल सिंह प्रबन्धक लीड बैंक एवं सभी बैंको के जिला समन्वयक अधिकारी उपस्तिथ रहे।

# प्रेमजाल में फंसाकर नकदी जेवर लेकर महिला हुई फरार

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने एक महिला पर प्रेम जाल में फंसाकर घर से नकदी और जेवर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी एक युवक ने बताया कि वह एक स्कूल में काम करता है। वहां से आने जाने के दौरान एक महिला ने उसको अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। उसके बाद उस महिला ने उसके साथ रहने और न रहने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि पिछले दिनों वह झूठे मामले से बचने के लिए महिला को गाजियाबाद ले गया। वहां से महिला उसके घर के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई। पीड़ित ने बताया कि अब महिला उसको झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रही है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम ने घर-घर जाकर बताई 8 वर्ष की सरकार की उपलब्धियां

**पिलखुवा।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में प्रदेश की उपाध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद कांता कर्दम आज हापुर उत्तर मंडल में घर-घर जाकर उन्होंने सरकार की उपलब्धियां बताएं उन्होंने कहा कि यह सरकार समस्त वर्गों का सम्मान करते हुए उत्तर प्रदेश को विकास की ओर ले जा रही है उन्होंने अलग-अलग घर में जाकर महिलाएं बड़े बुजुर्गों से नवयुवक युवतियों से सरकार के विषय में चर्चा की और सरकार द्वारा किए गए कार्य को बताया उन्होंने बताया कि किस प्रकार नवयुवकों को रोजगार मिल रहा है महिलाएं सुरक्षित हो रही है।

# शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती ने क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर दोस्ती की शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला निवासी युवती ने बताया कि वह एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए जाती थी। वहां उसको क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने उसको प्रेमजाल में फंसा लिया। उसने उससे शादी करने की बात कहते हुए कई बार शारीरिक संबंध में बना लिए। पीड़िता ने बताया कि अब उसको आरा. पी युवक शादी करने से मना कर रहा है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। **क्या बोले अर्धधिकारी?** युवती की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। मामले की सच्चाई सामने आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नीरज कुमार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक।

# शादी के बाद गांव में न रहने का पंचों ने सुनाया था फैसला

**ब्रजघाट/गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने प्रेम विवाह के प्रयास पर प्रेमिका के भाई पर बहन की हत्या कर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी है। पीड़ित का आरोप है कि पंचों ने उसको शादी करने पर गांव से बाहर रहने का भी फैसला सुनाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी युवक ने बताया कि उसका गांव निवासी युवती से प्रेम प्रसंग हो गया था। दोनों ने एक साथ शादी करने की बात कर ली थी। पिछले दिनों इसकी जानकारी प्रेमिका के घर के लोंगों को हो गई । इस बात को लेकर उसके परिजन ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उस समय उसकी प्रेमिका ने पुलिस के सामने उसके साथ शादी करने की बात कहीं। उस दौरान दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान किया गया। पीड़ित ने बताया कि दोनों पक्षों के गण मान्य लोगों की बैठक हुई जिसमें पंचों ने उसको शादी करने पर गांव से बाहर रहने की बात कहीं। उस बात पर वह सहमत हो गया। पीड़ित ने बताया कि अभी तक उसकी शादी नहीं हुई है, लेकिन प्रेमिका का भाई उस को खुले आम बहन की हत्या कर उसको झूठे मामले में फंसने की धमकी दी है। धमकी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सपा सांसद के अमर्यादित बयान को लेकर पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक ने जताया विरोध

**गढ़मुक्तेश्वर।** राणा सांगा को लेकर अमर्यादित बयान दिए जाने से नाराज पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए सपा सांसद की सदस्यता रद्द कराने के साथ ही दंडात्मक कार्रवाई कराए जाने की मांग भी उठाई। प्रदेश के पूर्व मंत्री मदन चौहान और क्षेत्र के पूर्व विधायक कमल मलिक शनिवार को समर्थकों की भीड़ के साथ तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। इस दौरान सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा को लेकर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। पूर्व मंत्री मदन चौहान ने कहा कि सपा सांसद ने राणा सांगा पर अमर्यादित टिप्पणी करते हुए पूरे क्षत्रिय समाज की भावना को गहरी ठेस पहुंचाने का काम किया है। क्योंकि राणा सांगा ने देश की संस्कृति के साथ ही सनातन धर्म की एकता और अखंडता की लड़ाई लड़ी थी, जिन्हें अपमानित करने से हर किसी की भावना आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि सपा सांसद का बेतुका बयान देश को विकास और धर्म के रास्ते से भटकाने की सोची समझी साजिश का हिस्सा है। इसके उपरांत राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को साक्षी शर्मा को सौंपा गया, जिसके माध्यम से सपा सांसद की सदस्यता रद्द कराने के साथ ही उनके विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई कराए जाने की मांग भी की गई है। इस दौरान दिनेश तोमर, नगेंद्र सोम, डॉ.रामपाल चौहान, ठाकुर सोरन सिंह, कैलाश तोमर, प्रधान रणधीर, नरेंद्र त्यागी, जगतसिंह गुर्जर, श्रीपाल जिद्दी, अवनीश चौहान, भुजेंद्र प्रधान, भोजवीर, नरेश तोमर, संदीप चौहान, उदय तोमर, प्रशांत, अनुज तोमर, रितिक चौहान, विपिन चौहान समेत काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्नी पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव रझेड़ा निवासी कपिल ने बताया कि उसकी शादी गाजियाबाद निवासी युवती से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से उसकी पत्नी का व्यवाहर बदलने लगा। समय समय पर उसकी पत्नी उसका और उसके माता पिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़ित ने पत्नी को कई बार समझाया लेकिन वह नहीं मानी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्लाट पर अवैध रूप से कब्जे का आरोप

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद मेरठ के गांव किला परीघक्षित गढ़ निवासी आमिर ने बताया कि उसने एक प्लाट सिंभावली के गांव बक्सर में लिया हुआ है। उस प्लाट पर पड़ोसी गांव निवासी एक युवक अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। पीड़ित ने उसको ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उसके फोन को छीनकर उसके सिर में मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तमंचे की बट मारकर किया जानलेवा हमला

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव फुल्डेहरा निवासी संजीव कुमार ने बताया कि वह शनिवार को अपने खेत पर जा रहा था। खेत पर जाने के दौरान उसके खेत पर पहले से खड़े पड़ोसी ग्रामीण ने उसको देखकर गाली गलौज की। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विब्गयोर इंटरनेशनल स्कूल में बेबी शो का आयोजन किया गया

**पिलखुवा।** विब्गयोर इंटरनेशनल स्कूल में बेबी शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश पाल सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने कहा, बेबी शो का उद्देश्य बच्चों को उनके प्राथमिक वर्षों में विकसित करने में मदद करना है। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक आनंदमय और शिक्षाप्रद अनुभव है। बच्चों ने अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया। प्रबंधक जनार्दन गुप्ता ने कहा कि दो से पांच वर्ष की आयु वाले बच्चे खुली किताब की तरह होते हैं। इन्हें जंक फूड व मोबाइल से दूर रखकर स्वस्थ जीवन दिया जा सकता है ।सभी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कारों के द्वारा सम्मानित किया गया ।

# पिलखुवा में हिंदू नववर्ष महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

**पिलखुवा।** श्री मुखर्जी पुस्तकालय एवं वाचनालय के तत्वावधान में विराट हिंदू नववर्ष महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुधीर गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित जनसमूह द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन कवयित्री बीना गोयल व विशाल कौशिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुतियां दी। महोत्सव में जादूगर वीसम्राट द्वारा ऐसी जादू की प्रस्तुतियां मंच पर प्रस्तुत की गई की उपस्थित जनसमूह रोमांच से भर गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक सुधीर गोयल, सुशील अग्रवाल ,बीके मित्तल सीए, सुधीर गोयल, सुरेश चंद्र गुप्ता, कवि अशोक गोयल, डॉ वागीश दिनकर, सुशील सिंहल, राजपाल शर्मा, विनय कुमार, विपिन अग्रवाल, हरीश अग्रवाल,अंकित गोयल, वीर सैन बंसल,तरुण बंसल, आशीष गुप्ता, राहुल लिबर्टी,प्रदीप सिंहल उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने छिजारसी टोल पर दिया ज्ञापन

**पिलखुवा।**भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने संगठन ने छिजारसी टोल प्लाजा प्रबंधन को ज्ञापन देकर संगठन के वाहन निशुल्क निकाले जाने की मांग की है। संगठन के यूपी प्रदेश अध्यक्ष अनिकेत सिंह ने बताया कि संगठन किसान हित के लिए कार्य करता है और समय समय पर दूसरे क्षेत्रों में आवागमन करता है। ऐसे में संगठन के पदाधिकारियों के वाहनों को टोल प्लाजा से निशुल्क निकाला जाएं। जिस पर टोल प्रबंधन ने उन्हें उचित कार्रवई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर इसराइल, गंगानंद, यशवीर, आमिल, नइम,दीपक, राजकुमार, यश, सत्येंद्र सिंह, उदयवीर सिंह तथा डॉक्टर योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित करने के साथ ही स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया

**गढ़मुक्तेश्वर।** अभिभावक अध्यापक सम्मेलन के दौरान वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित करने के साथ ही स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया। गढ़ में शाहपुर रोड पर स्थित देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित करते हुए अभिभावक एवं अध्यापक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और मेडिटेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्कूल प्रबंधन ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों के साथ ही उनके अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सा शिविर में डॉ.दीपक शर्मा, डॉ.नंदकिशोर, डॉ.संजय किशोर, दंत चिकित्सक डॉ.अंकुर शर्मा, डॉ.अंकित मुद्गल, नेत्र चिकित्सक डॉ.अनुराग सिंह मौजूद रहे। स्कूल प्रबंधक राजेंद्र सिंह और प्रिंसिपल मंजू चौधरी ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारते हुए शिखर पर पहुंचाना है। में कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों की उपलब्धियों को अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग से सर्वोच्च स्तर पर पहुंचाना है।

# हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में निकला संघ का पथ संचलन

**गढ़मुक्तेश्वर।** नव वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में संघ के स्वयं सेवकों ने पथ संचलन किया, जिसका रास्तों में खड़ी भीड़ ने पुष्पवर्षा से जोरदार ढंग में अभिनंदन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में नव वर्ष प्रतिपदा के उपलक्ष्य में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेष में कदमताल करते हुए गढ़ क्षेत्र के गांव भैना में पथ संचलन निकाला। जिसका शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गढ़ स्याना रोड किनारे स्थित आईएमआईआरसी स्कूल से शुरू होने के बाद मैन रोड से होते हुए गांव के मुख्य रास्तों से निकलने के बाद पथ संचलन संपन्न हुआ। जिला प्रचार प्रमुख उत्तम सिंह ने अपने कहा कि सनातन संस्कृति से जुड़ी वास्तविक नया साल चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है। जो संघ के छह प्रमुख उत्सवों में से एक है। संघ राष्ट्र और समाज की उन्नति के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला कार्यवाह पंकज सिंह, सह जिला बौद्धिक प्रमुख विनय आर्य, जिला ग्राम विकास गतिविधि प्रमुख राकेश शर्मा, खंड कार्यवाह अतुल कुमार, वेदप्रकाश, अरुण आर्य, कुंव. रपाल, सत्यम, देवेंद्र समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने टीबी मुक्त घोषित किया गांव ढाना

**गढ़मुक्तेश्वर।** गांव ढाना के टीबी मुक्त होने के उपलक्ष्य में ग्राम प्रधान को सम्मानित करते हुए सफाई और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प भी दिलाया गया। गढ़ क्षेत्र के गांव ढाना को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी से मुक्त घोषित कर दिया गया है, जिसके उपलक्ष्य में ग्राम प्रधान अंशु सिंह के पति विपिन सिंधू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हापुड़ में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान और उनके पति की गांव में जन जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चलाए जा रहे अभियान के संबंध में जमकर प्रशंसा की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और ग्राम पंचायत सदस्य भी उपस्थित रहे। जिन्होंने टीबी की घातक बीमारी के खिलाफ लड़ाई में ग्राम प्रधान की भूमिका की सराहना करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का संकल्प भी दिलाया।

# शोभित विवि में रिवर्स कोडिंग चैलेंज का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर क्लब द्वारा स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के सहयोग से 'रिवर्स कोडिंग चैलेंज' का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में कोडिंग कौशल, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

### तीन चरणों में हुआ मुकाबला

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसे तीन स्तरों इजी, मीडियम और हार्ड में विभाजित किया गया था, जिससे छात्रों को उनकी क्षमतानुसार चुनौती पूर्ण समस्याओं को हल करने का अवसर मिला।

### मुख्य अतिथियों के प्रेरणादायक विचार

कार्यक्रम की शुरुआत कंप्यूटर क्लब के संकाय प्रभारी राज. ेश पांडेय के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने इस प्रतियोगिता के महत्व को रेखांकित किया और छात्रों को नवाचार व तार्किक सोच के प्रति प्रेरित किया। इसके बाद, डॉ. निधि त्यागी, निदेशिका, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग ने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं की औद्योगिक और शैक्षिक प्रासंगि. कता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को प्रोग्रामिंग कौशल में दक्षता प्राप्त करने और प्रतिस्पर्धात्मक तकनीकी जगत में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कुलपति, प्रोफेसर डॉ. वी.के. त्यागी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक सोच और तकनीकी कुशलता में वृद्धि होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया।



### प्रतियोगिता के विजेता और उनके शानदार प्रदर्शन

इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रोग्रामिंग लॉजिक, एल्गोरिदम और डिबगिंग कौशल का परिचय दिया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बाद, विजेता का नाम, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्होंने अपनी तेज कोडिंग क्षमता और तार्किक कौशल से सभी को प्रभावित किया। द्वितीय स्थान पर विजेता का नाम, रहे, जबकि तृतीय स्थान विजेता का नाम, ने हासिल किया, जिनकी रणनीतिक सोच और सटीक समाधान निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित कर गए।

### आयोजन समिति की सराहनीय भूमिका

इस आयोजन की सफलता में कंप्यूटर क्लब के संकाय सदस्यों व छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अद्रिका आदित्य, अतिकुर रहमान, सक्षम पाठक, शुभम चौधरी, वंशिका जैन, सौरव भदाना और आदर्श मिश्रा ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### भविष्य के लिए नवाचार का संकल्प

कार्यक्रम के समापन पर राजेश पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों, आयोजकों, संकाय सदस्यों और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों की नवाचार क्षमता को विकसित करने और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तकनीकी दक्षता प्रदान करने में सहायक होती हैं। रिवर्स कोडिंग चैलेंज न केवल छात्रों के लिए सीखने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मंच बना, बल्कि उनके भविष्य के तकनीकी नेतृत्व की नींव को भी मजबूत किया। विश्वविद्यालय आगे भी ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# विनीत भराला ने किया रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

■ सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व विधायक योगेश वर्मा हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** क्षेत्र के भराला गांव में पूर्व विधायक स्व. सत्य प्रकाश के पुत्र सपा नेता विनीत भराला ने हिंदू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए अपने आवास पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया।

जिसमें सरधना विधानसभा से सभी गांवों के लोगों के साथ-साथ आसपास क्षेत्र के काफी संख्या में मुस्लिमों के अलावा सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं राजनीतिक लोग शामिल हुए इफ्तार में शामिल होने आए सभी लोगों पर पुष्प वर्षा भी की गई। जिसे देखकर सभी ने विनीत भराला की जमकर प्रशंसा की। विनीत के द्वारा कराए गए इस आयोजन में पहुंची हजारों लोगों की भीड़ आने के बाद कुछ राजनीतिक लोगों में हलचल मच गई और लोग तरह-तरह के कयास लगाने लगे। वहीं आयोजन में पहुंचे बड़े बुजुर्गों ने भी विनीत के सर पर हाथ रखकर





अपना आशीर्वाद दिया। इफ्तार पार्टी में मुजफ्फरनगर लोकसभा के सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, नेहा गौड़, जिला पंचायत वार्ड 6 के उम्मीदवार वाइज अब्बास, सलीम रिजवी, सीमाब रिजवी, नेता शमशाद, साजिद जैदी, हादी रिजवी, भजन सिंह वर्मा, नादिर रिजवी, राजकुमार देदवा, मास्टर नौमान, आशु, साईम रिजवी, गौरव चौधरी, शहंशाह जफर, विष्णु प्रधान महल आदि हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# विज्ञान प्रयोगात्मक प्रोजेक्ट प्रयोगशाला में छात्र-छात्राओं ने दिखाए अपने हुनर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मोहल्ला पछाली पट्टी निकट संतोषी माता मंदिर के समीप स्थित विवेक शिक्षा सदन मॉडर्न हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न- प्रकार के प्रोजेक्ट तैयार किये गये। जिसमें छात्र छात्राओं ने अत्याधिक रुचि के साथ भाग लिया। जिसमें छात्र छात्राओं ने चंद्रयान, मिसाइल, जल संरक्षण कुआं, फेफड़ों में हवा भरने का सिस्टम, जल शुद्धीकरण प्रोजेक्ट, पवन ऊर्जा, मौसम विभाग गतिविधियां, हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट, सौरमंडल कार्यविधि, ग्रीनहाउस प्रभाव, वेस्ट वाटर सिस्टम, चुंबकीय झूला, इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य किया तथा उनके महत्व को प्रदर्शनी लगाकर प्रस्तुत किया। प्रोजेक्ट बनाने में प्रथम स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि भाजपा नेता अनुज सैनी व सभासद वकार आलम, सभासद मिंटू जाटव ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य विनोद कुमारी बिश्नोई, प्रबंधक हरिकिशन सैनी, अध्यापिका मोनिका सैनी, मास्टर हितेश कुमार ने सभी मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी मौजूद रहे हैं।

# ट्रांसलेम एकेडमी स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शिवाय देशवाल ने किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मवाना थाना क्षेत्र के समीप स्थित ट्रांसलेम एकेडमी में क्षेत्र के गांव मोडखुर्द निवासी ग्राम पंचायत सचिव वैभव देशवाल उर्फ राजा का पुत्री शिवाय देशवाल ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए फर्स्ट क्लास 97.63 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

जिसमें स्कूल के शिक्षकों ने छात्रा को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वैभव देशवाल ने बताया कि उनकी



पुत्री शिवाय देशवाल ने स्कूल में कड़ी मेहनत लगन से तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नहीं बल्कि क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# फैज-ए-आम में वार्षिक परिणाम घोषित, छात्रों के खिले चेहरे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** शनिवार सुबह फैज ए आम इंटर कॉलेज में शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। प्रधानाचार्य एहतेशाम रिजवी ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी, साथ ही अपनी कक्षा में एक से 10 स्थान पर आने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर कर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य एहतेशाम रिजवी ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें बच्चों से आगामी कक्षाओं में भी इसी प्रकार के परिणाम की अपेक्षा है इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# राज्यसभा सांसद सुमन के खिलाफ क्षत्रिय समाज करेगा उग्र प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राजपूत संघर्ष समिति के अध्यक्ष राकेश सोम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन मंगल पांडे नगर में किया उनका कहना था कि रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा को गद्दार व अभद्र टिप्पणी करने का समाज के लोग विरोध करते हैं उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव रामजीलाल राज्य सभा सदस्य तथा अबू आजमी भारत के महान वीर पुरुषों का अपमान करते हैं और औरंगजेब बाबर जो आक्रांत थे उनको अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने कहा कि रामजी लाल सुमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होनी चाहिए अगर सांसद के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो क्षत्रिय समाज सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि जिस महापुरूष के बारे में अपशब्दों का प्रयोग किया गया है पहले सपा नेता उनका इतिहास जान लें तब उन पर टिप्पणी करने का साहस करें।

# चर्च की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चर्च मिशन भूमि 960 पर डेनियल एल्वर्ट द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध कब्जा करने का आरोप क्षेत्रीय लोगों ने लगाया है उनका कहना था कि शनिवार को ईसाई धर्मगुरु यूसुफ दास को सूचना मिली की डेनियल एल्बर्ट अभिकर्म बिल्डिंग के सामने आईजी आवास से पहले चर्च मिशन भूमि 960 पर अपने कुछ मुस्लिम भूमाफिया साथियों के साथ बिना किसी कोर्ट आदेश के अवैध कब्जा कर निर्माण कर रहा था यूसुफदास ने इसकी सूचना 112 पुलिस को दी इसी दौरान डेनियल एल्बर्ट ने यूसुफदास को जान से मारने की धमकी दे दी। यूसुफदास ने जब अपने समाज के लोगों को इस घटना से अवगत कराया तो वहां दर्जनों समाज के लोग पहुंच गए और उन्होंने इसका विरोध किया। हंगामा बढ़ते देख थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई इसी को लेकर एक ज्ञापन समाज के लोगों ने जिलाधिकारी को सौंपा है। उनका कहना है कि डेनियल एल्बर्ट कुछ लोगों के साथ मिलकर धार्मिक भूमि पर कब्जा करने की फिराक में है पुलिस के सामने ही उसने पीड़ित पक्ष पर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी है उन्होंने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

# राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को सुरक्षा दिलाए जाने की मांग

■ राज्यसभा सांसद के घर में हो चुकी है तोड़फोड़ सपाईयों ने ज्ञापन सौंपकर की आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अजय सागर ने बताया कि उनकी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में राणा सांगा पर दिए गए बयान के विरोध में करणी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा बीती 26 मार्च को पुलिस बल की उपस्थिति में सांसद के आगरा स्थित मकान और गाड़ियों में तोड़फोड़ की थी।

सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि सासंद रामजीलाल सुमन ने पहले ही कह दिया था कि उनका मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाना अथवा किसी महापुरुष का अपमान करना नहीं था। फिर भी लोग हिंसा पर उतारू हो गए, उनकी मांग



कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता।

है कि उत्तर प्रदेश में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर हर रोज हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए सशक्त कदम उठाया जाए। राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की सुरक्षा बढ़ाई जाए तथा उक्त प्रकरण में दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही न होने पर सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी उत्तर प्रदेश में दलितों, पिछड़ों, की सुरक्षा हेतु व्यापक आंदोलन करेगी। जिसकी रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह, डॉ. हरविंदर, सिद्धांत सिंह जाटव, संजीव वर्मा, कर्मवीर, रतन पाल सिंह, रजत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एआईएमआईएम के नगर अध्यक्ष ने पूछा सवाल

# क्या पुलिस प्रशासन निष्पक्ष होकर कर रहा है काम?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के महानगर अध्यक्ष इमरान अंसारी ने मेरठ पुलिस के उस बयान पर आपत्ति दर्ज की है जिस पर नमाज पढ़ने को लेकर पासपोर्ट रद्द करने की बात कही गई है। इमरान अंसारी ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है जब कावड़ शुरू होती है तो पूरा एक मार्ग ही कांवड़ के लिए बना दिया जाता है लेकिन उसके बावजूद भी कांवड़ उस मार्ग से अलग मार्ग पर भी चलते हैं कई-कई जगह शोभा यात्राएं निकलती हैं राम बारात निकलती है। सड़कों पर ही पूजा पाठ होती है, और उसको लेकर पुलिस प्रशासन हेलीकॉप्टर से फूलों की बरसात भी करता है। इसको लेकर अधिकतर धार्मिक आयोजन सड़कों पर ही होते हैं। लेकिन नमाज मात्र 10 मिनट की होती है इसलिये नियम सबके लिए बराबर होने चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या दूसरे धर्म के आयोजनों के लिए पुलिस प्रशासन में सड़के आरक्षित कर दी हैं यह पुलिस प्रशासन को तय करना होगा कि देश संविधान से चलेगा या उनके दौहरे मापदंड से। क्या मुसलमान भारत के नागरिक नहीं है मेरठ शहर में मुस्लिम समाज और दूसरे धर्म के लिए अलग-अलग कानून बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का एक चलन हो



गया है कि वह ऐसे बयान दे रहे हैं जिससे राजनी. तिक आका खुश हो जाए। क्या संविधान की शपथ भूल कर ये भी हिंदुत्व के एजेंडे को बढ़ावा देना चाहते हैं। और यही हमारा सवाल है जिसका जवाब पुलिस प्रशासन को देना होगा कि क्या वह मुसलमान को देश का नागरिक नहीं मानते या फिर वह मुसलमान को परेशान करके कोई राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। पुलिस प्रशासन को निष्पक्ष होकर हमारी बात का जवाब देना होगा अन्यथा हम समझेंगे कि पुलिस प्रशासन निष्पक्ष नहीं है।

# आयशा फाउंडेशन ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को बांटी खाद्य सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** आयशा फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से जरूरतमंदों को ईद के त्यौहार को देखते हुए खाद्य सामग्री का राशन दिया गया। मैनापुटी गांव में 25 महिलाओं को राशन वितरण कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट की अध्यक्ष आयशा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से समाज में जरूरतमंदों लोगों की विभिन्न प्रकार से मदद कर रही है। उसी मुहिम के तहत सबका साथ सबको शिक्षा रोजगार के साथ-साथ आने वाले ईद के त्यौहार को लेकर गरीबों को राशन बांटने का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में बड़े पैमाने पर जरूरतमंदों को राशन वितरित करने का काम कर रही है। ईद के अवसर पर जमात ने गरीबों को उनकी खुशियों में शामिल करने के लिए ईद की किट का वितरण किया। 25 महिला को राशन किट बांटी। जिसमें चावल चीनी तेल व शीर बनाने का आदि सामान दिया गया है। इस अवसर ट्रस्ट के पदाधिकारी व गांव की महिलाओं का विशेष सहयोग रहा।

# स्टार अल-फलाह का गृह परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** स्टार अल-फलाह इंटर कालेज में शनिवार को आंतरिक गृह परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा छह में प्रियांशु व आतिफा, कक्षा सात में शिदरातुल मुन्तहा, कक्षा आठ में मीनाक्षी, कक्षा नौ में यमशी और कक्षा ग्यारह में अजीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कालेज प्रबंधन ने टापर छात्र-छात्राओं को मुख्यातिथि बीडीओ माछरा अजय कुमार से ट्रॉफी के साथ एक-एक साईकिल 2100 रुपए नकद धनराशि प्रदान कराई। इस दौरान मुख्यातिथि ने कहा कि छात्र प्रत्येक देश का भविष्य होते हैं जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

# श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को वार्षिक प्रगति पत्र रिजल्ट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर सूर्य प्रकाश, प्रधानाचार्या भावना चौधरी, प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। कॉलेज प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह द्वारा कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया गया। जिसमें विद्यालय के लगभग सभी अभिभावक अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्या भावना चौधरी, मनफूल एकेडमी के प्रधानाचार्य प्रवेंद्र लांबा के द्वारा मेडल व स्मृति चिन्ह देकर छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेज प्रधानाचार्या भावना ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से कक्षा के सभी छात्राओं में एक प्रतियोगिता की भावना जागृत होती है और अभिभावकों में भी अपने बच्चों का आकलन करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा दोनों तरफ से होती है एक तरफ से विद्यालय बच्चों को शिक्षित करता है और दूसरी ओर से घर जाने के बाद बच्चों के अभिभावक उसे शिक्षित करते हैं। तभी एक संपूर्ण छात्र की उत्पत्ति होती है ऐसे छात्र अपने जीवन में हमेशा कामयाबी के शिखर पर पहुंचते हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह, कालेज प्रधानाचार्या भावना चौधरी, प्रवेंद्र लांबा, अमित कुमार, रिता मित्तल, पूजा मित्तल, कमलेश, कुमारी मानसी, कुमारी स्नेहा, कुमारी वैशाली, कुमारी गोल्डी आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

## बाल शिशु मंदिर में वार्षिक परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बाल शिशु मंदिर में 2024-25 सत्र का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले मेधावी छात्र-छात्राओ को विद्यालय की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राहुल बंसल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार शर्मा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका आशीर्वाद प्रदान किया।






# राजस्थान को स्पिन के जाल में फंसाने उतरेगी सीएसके

**आईपीएल-2025**

● **सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर और जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर की बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती है**

**गुवाहटी, वार्ता।** बरसापारा की धीमी मानी जाने वाली पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की स्पिन तिकड़ी रविवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बल्लेबाजों को दवाब में लाने की रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी।

आईपीएल 2025 का 11 वां मैच रविवार शाम 7:30 बजे में यहां खेला जायेगा। पिच के टर्न के अनुकूल होने की उम्मीद के बीच सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर अहमद और रवींद्र जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती हैं। सीएसके ने इस सीजन की मिश्रित शुरुआत की है, उसने मुंबई इंडियंस को एक शानदार जीत से चैंका दिया था, लेकिन चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, आरआर ने शुरुआती दोनों मैच हारकर खुद को मुश्किल में पाया है और फॉर्म में वापसी की कोशिश कर रही है। आमने-सामने की स्थिति में, सीएसके 29 मुकाबलों में 16 जीत के साथ थोड़ा आगे है। हालांकि, हाल के वर्षों में आरआर का दबदबा रहा है, जिसने 2020 से पांच बार की चैंपियन के खिलाफ अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं। नूर अहमद सीएसके के ट्रम्प कार्ड के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने अब तक दोनों मैचों में महत्वपूर्ण प्रहार किए हैं। उनकी विविधता और स्पिन के अनुकूल ट्रैक पर पनपने की क्षमता उन्हें एक बड़ा खतरा बनाती है। उधर, हमेशा भरोसेमंद रहने वाले रवींद्र जडेजा रन रोकने और बीच के ओवरों में साझेदारी तोड़ने में महत्वपूर्ण होंगे। संजू सैमसन समेत आरआर के शीर्ष क्रम के साथ उनका द्वंद्व मुकाबले को दिलचस्प सकता है। सीएसके के मिस्ट्री स्पिनर महेश दीक्षाणा एक निराशाजनक शुरुआत के बावजूद पावरप्ले में नुकसान पहुंचाने के लिए सक्षम हैं। गुवाहाटी की धीमी सतह पर उनकी कैरम बॉल एक महत्वपूर्ण हथियार हो सकती है। आरआर की किस्मत यशस्वी जायसवाल पर निर्भर हो सकती है, जो 2023 से 160-4 की स्ट्राइक रेट से 1060 रन बनाकर उनके स्टैंडआउट बल्लेबाज रहे हैं। पावरप्ले में उनकी धमाकेदार शुरुआत सीएसके को शुरुआत में ही बैकफुट पर ला सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 66 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले कप्तान संजू सैमसन एक बार फिर आगे से नेतृत्व करने के लिए उत्सुक होंगे। सीएसके के लिए रचिन रवींद्र ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच जीतने वाली 65 रनों की पारी खेलकर पहले ही अपनी क्लास दिखा दी है और वह शीर्ष क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। हालांकि, सीएसके के मध्य क्रम की असंगतता चिंता का विषय बनी हुई है। बरसापारा ट्रैक पारंपरिक रूप से धीमे गें. दबाजों के अनुकूल रहा है, जिसमें स्पिनर 7-8 रन प्रति ओवर की इकॉनमी बनाए रखते हैं। मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 173 रहा है, जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने औसतन 158 रन बनाए हैं।

## केएल राहुल की मौजूदगी देगी दिल्ली कैपिटल्स को ताकत



○ **दिल्ली ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में आखिरी ओवन में जीत के साथ अभियान की शुरुआत की**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** केएल राहुल की मौजूदगी से दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में मजबूती मिलने की संभावना है।

दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पिछले मैच के आखिरी ओवर में रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। आशुतोष शर्मा (31 गेंदों पर 66 नाबाद) और विप्रज निगम (15 गेंदों पर 39) की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने एक विकेट शेष रहते 210 रन का लक्ष्य हासिल किया था। हालांकि डीसी के लिए उसका शीर्ष और मध्य क्रम चिंता का सबब बना हुआ है। एलएसजी के खिलाफ जेक फेजर-मैकगर्क, फाफ डु प्लेसिस और अभिषेक पोरेल संघर्ष करते नजर आए थे वहीं मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव और मोहित शर्मा एसआरएच के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाने का लक्ष्य रखेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद ने अपने सीजन की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स पर शानदार जीत के साथ की, लेकिन अपने दूसरे मैच में लखनऊ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ट्रैविस हेड (28 गेंदों पर 47 रन) के शानदार प्रयास के बावजूद, एसआरएच केवल 190/9 रन ही बना सका, जिसे एलएसजी ने आसानी से हासिल कर लिया। एसआरएच टूर्नामेंट में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी लाइनअप में से एक है, जिसमें अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा से अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। हालांकि, उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें सिमरजीत सिंह और एडम ज़म्पा फॉर्म में नहीं हैं। कप्तान पैट कमिंस और वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को डीसी के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए कदम बढ़ाना होगा। विशाखापत्तनम की पिच ने हाल के मैचों में हाई स्कोर की प्रवृत्ति दिखाई है, जिसमें 200 से अधिक स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा किया गया है। स्पिनरों का प्रभाव पड़ने की संभावना है, साथ ही मैच के अंतिम चरणों में गेंद के नीचे रहने की उम्मीद है। दोनों टीमों के पास मजबूत बल्लेबाजी होने के कारण, उच्च स्कोरिंग मुकाबला होने की संभावना है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### टूर्नामेंट में हमारा अनुभव रहा शानदार: पूजा

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीतने वाली हॉकी हरियाणा की कप्तान ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट में उनका अनुभव शानदार रहा है। हॉकी हरियाणा ने झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर एक करीबी मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीता है। चार जीत, दो हार और एक शूटआउट जीत के साथ, हॉकी हरियाणा ने सात मैचों में 15 अंक दर्ज किए और पूल चरण को तालिका में शीर्ष पर समाप्त किया। ओडिशा हॉकी एसोसिएशन ने भी 18 गोलों के साथ समान अंक प्राप्त किए, हालांकि हॉकी हरियाणा का गोल अंतर बेहतर रहा। सुप्रिया और सावी ने हॉकी हरियाणा के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में चार-चार गोल किए। कप्तान पूजा मलिक ने भी शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने आगे बढ़कर तीन गोल किए। फाइनल में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए अहल्या लाकड़ा (8') ने पहला गोल किया, लेकिन हॉकी हरियाणा के लिए काजल (12', 22') ने दो गोल किए, इसके बाद सावी (44') ने एक गोल करके जीत सुनिश्चित की।

### ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी दारिया कसात्किना

**दुबई, वार्ता।** स्थायी निवास के लिए आवेदन को स्वीकार किए जाने के बाद रूसी मूल की टेनिस खिलाड़ी दारिया कसात्किना अब ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। रूस के एलजीबीटीक्यू+ नियमों की आलोचना करने वाली और यूक्रेन में युद्ध का विरोध करने वाली 27 वर्षीय दारिया कसात्किना फिलहाल दुबई में रह रही हैं और पिछले ढाई साल से रूस नहीं लौटी हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने उन्होंने इस बात का खंडन किया था कि डब्ल्यूटीए टूर ड्रॉ समारोह में उनके नाम के आगे इस्तेमाल किए गए झंडे में गड़बड़ी के बाद उन्होंने स्पेन की नागरिकता ले ली है। आठ एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी जगह है जिसे मैं प्यार करती हूं, यह एक ऐसी जगह है जहां मैं पूरी तरह से घर जैसा महसूस करती हूं। मुझे मेलबर्न में रहना पसंद है और मैं वहां अपना घर बनाने के लिए उत्सुक हूं। उन्होने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि मैं अब से अपने पेशेवर टेनिस करियर में अपनी नई मातृभूमि ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करूंगी। जाहिर है, इस निर्णय के कुछ हिस्से ऐसे हैं जो आसान नहीं रहे हैं।

## जडेजा के नाम अनोखा डबल रिकॉर्ड



**3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने**

**चेन्नई, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उन्हीं के होमग्राउंड चेपाक में हराया। टीम को 2008 में आखिरी जीत मिली थी। आरसीबी ने 196 रन बनाए, जवाब में सीएसके 146 रन ही बना सकी। बेंगलुरु ने 50 रन से मैच जीत लिया। सीएसके के विकेटकीपर एमएस धोनी ने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। आरस. ीबी के कप्तान रजत पाटीदार के 3 कैच छूटे। रवींद्र जडेजा आईपीएल में 3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने। चेन्नई सुपर किंग्स को पहला विकेट विकेटकीपर एमएस धोनी की बहुत तेज स्टंपिंग के चलते मिला। 5वें ओवर की आखिरी बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। साल्ट कवर ड्राइव खेलने गए, लेकिन मिस कर गए। धोनी ने बाल कलेक्ट की और साल्ट का पैर क्रीज में आने से पहले ही गिल्लियां उड़ा दीं। उन्होंने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। फिल साल्ट 32 रन बनाकर आउट हुए। धोनी ने मुंबई के खिलाफ टीम के पहले मैच में भी इसी तरह की तेज स्टंपिंग की थी। तब उन्होंने सूर्यकुमार यादव को पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में मथीश पथिराना की बाउंसर विराट कोहली के हेलमेट पर लगी। विराट पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए। फिजियो मैदान में आए और कोहली को चेक करने लगे। विराट ने कुछ देर बाद बैटिंग शुरू की और अगली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार को 3 जीवनदान मिले। दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और खलील अहमद ने 8 गेंद के अंदर रजत के 3 कैच छोड़े। इसके बाद उन्होंने 51 रन की पारी खेली। 12वें ओवर की तीसरी बाल रवींद्र जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। पाटीदार ने शाट खेला, लेकिन गेंद लान्ग आफ पर खड़ी हो गई। हुड्डा तेजी से बाल के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 17 रन पर थे। 13वें ओवर की पहली बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर फेंकी। पाटीदार ने बड़ा शाट खेला, लेकिन गेंद कवर्स पोजिशन पर खड़ी हो गई। त्रिपाठी ने डाइव लगाई, लेकिन मुश्किल कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 19 रन पर थे। 13वें ओवर की पांचवीं बाल नूर अहमद ने फुलर लेंथ फेंकी। पाटीदार ड्राइव करने गए, लेकिन बाल थर्ड मैन की ओर खड़ी हो गई। खलील अहमद ने डाइव लगाई, लेकिन कैच छूट गया। पाटीदार इस वक्त 20 रन पर थे। 20वें ओवर में बेंगलुरु के टिम डेविड ने सैम करन के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। करन ने ओवर की शुरुआती 2 गेंदें डाट करा दीं। डेविड ने तीसरी बाल पर लान्ग लेग, चौथी गेंद पर सामने और पांचवीं गेंद पर लान्ग आन की दिशा में छक्का लगा दिया। उन्होंने 8 गेंद पर 22 रन बनाए। बेंगलुरु के जोश हेजलवुड ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद बाउंसर फेंकी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पाकिस्तान को शिकस्त

■ **मार्क चैपमैन ने 132 और डेरिल मिचेल ने 76 रनों की पारी खेली**

**नेपियर, वार्ता।** मार्क चैपमैन (132) और डैरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में 73 रनों की बड़ी जीत दर्ज की।

मैकलीन पार्क में बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 344 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 44-1 ओवरों में 271 रनों पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड की जीत में बल्लेबाजों का अहम योगदान रहा। शुरुआती तीन विकेट मात्र 50 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम के दवाब में आने की संभावना दिखने लगी थी मगर चैपमैन और मिचेल ने आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुए मैदान के चारों ओर कई आकर्षक शाट खेले। पारी के 42वें ओवर में इरफान खान की गेंद पर आउट होने से पहले मिचेल चार चौके और इतने ही छक्के लगा चुके थे। दूसरे छोर पर चैपमैन ने पाकिस्तानी गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं बरता हालांकि वह भी जल्दी आउट होकर पवेलियन लौट गए। चैपमैन ने अपनी शतकीय पारी में 111 गेंद खेलकर 13 चौके और छह छक्के लगाये। जवाब में बाबर आजम (83 गेंदों पर 78 रन) की शानदार पारी और उस्मान खान (39), अब्दुल्ला शफीक (36), सलमान आगा (58) की बल्लेबाजी के बावजूद पाकिस्तान कीवी टीम के विशालकाय लक्ष्य को पाने में असफल रही।

## मियामी ओपन के फाइनल में नोवाक, 100वें खिताब के करीब

■ **मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशि कर रहा हूं जो मुझे बड़ी ट्रॉफी दिलाएगा: जोकोविच**

**फ्लोरिडा, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रेव को हराकर 2016 के बाद पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही वह अपने 100वें एटीपी खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। दिमित्रेव ने दूसरे सेट में खराब शुरुआत की और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इसका फायदा उठाते हुए 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में अपना 99वां खिताब जीतने के बाद मैं स्पेशल 100 खिताब जीतने की संभावना के साथ खेल रहा हूं। मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे एक बड़ी ट्रॉफी के लिए लड़ने की स्थिति में लाएगा। मैं टूर्नामेंट के लिए जिस तरह से तैयार हुआ हूं और जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार अवसर है। देखते हैं कि दो दिनों में क्या होता है। 14वीं वरीयता प्राप्त 33 वर्षीय दिमित्रेव के लिए हवा की स्थिति खेल की शुरुआत अच्छी रही, जिन्होंने जोको. विच की सर्विस पर पहला गेम जीता, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए । इस बीच दिमित्रेव को परेशान करने के लिए कुछ कहने पर एक प्रशंसक को बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद बुल्गारियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट की धीमी शुरुआत की। पिछले साल के परा. जित फाइनलिस्ट दिमित्रेव ने अपने तीन सर्विस गेम जीते, लेकिन जोकोविच बहुत अच्छे थे।

## तमीम ने शुभचिंतकों के प्रति व्यक्त किया आभार

● **आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं: तमीम**



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने उन शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होने बीमारी के मुश्किल समय में उनकी सला. मती की दुआ की। तमीम को सोमवार को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद एंजियोप्लास्टी के लिए उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होने फेसबुक पर शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। जनवरी 2025 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद तमीम घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखे हुए हैं। वह ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग के मैच में शिनेपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की अगुआई कर रहे थे, जब टॉस के तुरंत बाद उन्हें बेचैनी महसूस हुई। शुरुआती उपचार के लिए उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत बिगड़ गई और सोमवार को उन्हें एंजियोप्लास्टी सर्जरी के लिए ले जाया गया। तमीम को घटना के चार दिन बाद शुक्रवार को छुट्टी दे दी गई और उन्होंने मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। अपने फेसबुक पेज पर बांग्ला में पोस्ट किए गए संदेश में तमीम ने कहा कि आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं। इन चार दिनों में मैंने अपने आस-पास के माहौल को समझा है और एक नई जिंदगी पाई है। इस अहसास में सिर्फ प्यार और कृतज्ञता है। मुझे अपने पूरे करियर में आपका प्यार मिला है। लेकिन अब मैंने इसे और भी ज़्यादा तीव्रता से महसूस किया है। मैं वाकई अभिभूत हूँ। उन्होंने चिकित्सा पेशेवरों, अस्पतालों, सहयोगी कर्मचारियों और उन व्यक्तियों के प्रति भी अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने जीता 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने शनिवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित मैंग्रम आमंत्रण 2025 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब जीता। इस इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, अंकिता ने 9:44-05 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, जो आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के 9:48:48 के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर गया। पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली अंकि. कता ने 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लिया है। 26 वर्षीय धावक ने राष्ट्रीय खेलों 2025 में दर्ज अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 9:53:63 सेकंड से लगभग नौ सेकंड कम समय लिया। हालांकि, कोरिया गणराज्य के गुमी में इस साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए उनका चयन एएफआई के विवेक पर निर्भर है। मैंग्रम आमंत्रण में सोफी मैकमैनस ने 10:50:93 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हन्ना चाउ 10:58:98 सेकंड में तीसरे स्थान पर रहीं। अंकिता की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में यह तीसरी प्रतिस्पर्धी उपस्थिति थी। उन्होंने पटना में इंडियन ओपन यू 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में इस स्पर्धा में अपनी शुरुआत की थी, जहाँ वह विजयी हुई थीं। पारुल चौधरी ने बुडापेस्ट में 2023 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 9:15:31 सेकंड के समय के साथ महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है।

### मनीषा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**अम्मान, वार्ता।** भारत की मनीषा भानवाला ने शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं के 62 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। मनीषा ने रोमांचक फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर 2021 के बाद महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत का पहला महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती स्वर्ण पदक हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत तकनीकी श्रेष्ठता के जरिए कजाकिस्तान की टाइनिस दुबेक पर शानदार जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य की हनबिट ली को हराया और सेमीफाइनल में गत चैंपियन किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराया।

## गुजरात ने मुंबई को 197 का लक्ष्य दिया

● **रोहित ने लगातार दो चौके मारे, सिराज ने अगली बॉल पर बोल्ड किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 के 9वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 197 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में मुंबई ने 8 रन पर पहला विकेट गंवा दिया हैं। रोहित शर्मा लगातार दो चौके मारकर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने बोल्ड किया। 3 ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 30/1 है। तिलक वर्मा और रियान रिकेल्टन क्रीज पर हैं।



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 41 बाल पर 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और दो छक्के लगाए। साई के अलावा, जोस बटलर ने 39 और शुभमन गिल ने 38 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंडया ने 2 विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और एस राजू को एक-एक विकेट मिला। रोहित शर्मा की जगह बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने दूसरा ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा के ओवर में लगातार 3 बाउंड्री लगाई। इनमें दो चौके और एक छक्का शामिल रहा। 197 रन चेज कर रही मुंबई इंडियंस ने पहले ओवर में विकेट गंवाया। रोहित शर्मा ने पहला ओवर डाल रहे सिराज पर लगातार दो चौके लगाए। फिर अगली बाल पर सिराज ने रोहित को बोल्ड कर दिया। गुजरात टाइटंस ने ईशांत शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे शेरफेन रदरफोर्ट की जगह मैदान पर आए हैं। गुजरात की पारी के आखिरी ओवर से 10 रन आए और 2 विकेट भी गिरे। पारी की आखिरी बाल पर साई किशोर रनआउट हुए। जबकि चौथी बाल पर राशिद खान पवेलियन लौटे। इस तरह गुजरात ने 196 रन बनाए। गुजरात ने लगातार तीसरी बाल पर विकेट गंवाया।रदरफोर्ट, राहुल तेवतिया और साई सुदर्शन आउट हुए। 19वें ओवर की दूसरी बाल पर शरफेन रदरफोर्ड (18 रन) को दीपक चाहर ने मिचेल सैंटनर के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर की पहली बाल पर राहुल तेवतिया (शून्य) रनआउट हुए। उन्हें हार्दिक पंडया ने डायरेक्ट थ्रो पर आउट किया। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर साई सुदर्शन (63 रन) को ट्रेंट बोल्ट ने एलबीडब्ल्यू किया। 16वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया।


# चीन को मित्र के रूप में देखना महत्वपूर्णः मोहम्मद यूनुस

## चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर बोले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार

**बीजिंग, वार्ता**

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना 'महत्वपूर्ण' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रगति करेंगे। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि कि हमारा रिश्ता वर्षों से बहुत मजबूत रहा है।

हमारा व्यापारिक सहयोग अच्छा है और हम चीन के साथ साझेदारी से लाभान्वित हो रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चीन से अधिक निवेश की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है। मोहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में साझेदारी, जल संसाधन प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण में सहयोग शामिल है। इसके अलावा, तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में चीनी कंपनियों के शामिल होने का भी स्वागत किया गया। बता दें कि, पहले की शेख हसीना सरकार इस परियोजना को भारत के सहयोग से पूरा करना चाहती थी, लेकिन अब चीन इसमें भूमिका निभाने को तैयार है। मौजूदा समय में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। चीन से बांग्लादेश का आयात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश के कई मरीज इलाज के लिए भारत जाते हैं, लेकिन अब चीन इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। वहीं चटगांव से चीन के कुनमिंग शहर के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बांग्लादेशी मरीज चीन में इलाज करा सकें। रही मोहम्मद यूनुस अब थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है, लेकिन अभी भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।





चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है: मोहम्मद यूनुस

## नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, दो की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, प्राइवेट प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था।




म्यांमार। भूकंप प्रभावित लोगों के लिए रवाना होने से पहले राहत सामग्री के साथ गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डे पर एनडीआरएफ के जवान।

## अफगानिस्तान ने ईद-उल-फितर पर दो हजार से ज्यादा कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** अफ़गान अधिकारियों ने मुसलमानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर 2,463 कैदियों को रिहा किया है। स्थानीय मीडिया 'टोलो न्यूज़' ने शनिवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरिम सरकार के सर्वोच्च नेता मावलवी हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा के आदेश के आधार पर कैदियों को रिहा किया गया और जिन कैदियों में अपेक्षाकृत हल्के मामले थे, उन्हें अफ़गानिस्तान के 34 प्रांतों की जेलों से रिहा किया गया। अफ़गानिस्तान रमजान के 29वें दिन अर्धचंद्र के दिखने के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की घोषणा के बाद ईद-उल-फितर मनाएगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प को कोर्ट से फिर बड़ा झटका

## सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह वॉइस ऑफ अमेरिका से कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर न्यायालय ने लगाई रोक



कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक बार फिर कोर्ट ने झटका दिया है। संघीय न्यायालय ने देश के सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह- वॉइस ऑफ अमेरिका को सरकारी आर्थिक मदद और कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने कहा कि वॉइस ऑफ अमेरिका को चुप नहीं कराया जा सकता। कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा। न्यायाधीश जेम्स पॉल ओटकेन ने वॉइस ऑफ अमेरिका को चलाने वाली यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को 1200 से अधिक पत्रकारों, इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकालने से रोक दिया। ओटकेन ने एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके एजेंसी को कर्मचारियों या कांट्रैक्टरों को नौकरी से निकालने, कर्मचारियों की संख्या कम करने, छुट्टी पर भेजने और किसी भी कार्यालय को बंद करने या विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लौटने के लिए मजबूर करने से रोक दिया है। इसके अलावा एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी, रेडियो फ्री एशिया और रेडियो फ्री अफगानिस्तान सहित अपने अन्य प्रसारण आउटलेट के लिए दिए जाने वाले फंड को समाप्त करने से रोका गया है। एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि वह न्यायाधीश के आदेश के बाद रेडियो फ्री यूरोप की फंडिंग बहाल कर रही है।

जज ओटकेन ने ट्रम्प प्रशासन को एक ऐसी एजेंसी को नुकसान पहुंचाने के लिए दोषी ठहराया, जिसे कांग्रेस द्वारा वैधानिक रूप से अधिकृत और वित्त पोषित किया गया है। न्यायाधीश ने एजेंसी के नेतृत्व की आलोचना करते हुए कि उन्होंने अमेरिकी सरकार के वैश्विक, सॉफ्ट-पावर मेगाफोन पर प्रभावों पर विचार किए बिना रातोंरात हाथ खींच लिए। जज ने वॉइस ऑफ अमेरिका के पत्रकारों, श्रमिक संघों और गैर-लाभकारी पत्रकारिता वकालत समूह रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के गठबंधन के बाद पिछले हफ्ते ट्रम्प प्रशासन पर कटौती को रोकने के लिए दायर मुकदमे पर सुनवाई की। संघीय अदालत में दर्ज किए गए मुकदमे में कहा गया है कि वॉइस ऑफ अमेरिका के कर्मचारियों को 15 मार्च को अपने लाइव प्रसारण समाप्त करने और फिर इमारत खाली करने के लिए कहा गया। इसके तुरंत बाद उन्होंने ईमेल सहित एजेंसी के कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच खो दी। वॉइस ऑफ अमेरिका की समाचार वेबसाइट को तब से अपडेट नहीं किया गया है। पूर्व टीवी समाचार एंकर और राजनीतिक उम्मीदवार लेक ने कहा कि वह यह निर्धारित कर रही हैं कि न्यूनतम स्टाफिंग स्तरों पर कुछ आउटलेट्स को संचालित करने के लिए कितने लोगों की आवश्यकता है? उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को काम पर वापस लाया गया है और क्यूबा में रेडियो मार्टी सेवा शुरू कर दी गई है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये एजेंसियां हमारे अमेरिकी मूल्यों के अनुरूप हों। हम अमेरिका की कहानी बता रहे हैं। हम अपने विरोधियों की कहानियां नहीं बता रहे हैं। हम अमेरिका विरोधी कचरा नहीं फैलाएंगे।

### कनाडा और अमेरिका ने दोनों देशों के आपसी संबंधों पर की चर्चा

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से आयात-निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर दोनों देशों के आपसी संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक सूचना विज्ञप्ति के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति ने कनाडा के आम चुनाव, जो 28 अप्रैल को निर्धारित है, के बाद नए आर्थिक और सुरक्षा संबंधों पर व्यापक वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बताया कि कनाडा की सरकार दो अप्रैल को अमेरिका की ओर से व्यापार संबंधी अतिरिक्त कदमों की घोषणा के बाद कनाडा के श्रमिकों और अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिशोधी शुल्क लागू करेगी।

# इजरायल ने बेरूत उपनगर को बनाया निशाना

**बेरूत/पेरिस, वार्ता**

युद्ध विराम के बाद पहली बार दक्षिणी उपनगरों में इमारत पर बोला हमला

मैक्रों ने की लेबनान को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों की निंदा

**इज़रायली** हवाई हमलों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक इमारत को निशाना बनाया। पिछले नवम्बर में युद्ध विराम पर सहमति बनने के बाद से यह पहला ऐसा हमला था। हवाई हमलों के तुरंत बाद इज़रायल रक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने लेबनान की राजधानी के पास हिजबुल्लाह से 'संबंधित ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया था। हवाई हमलों से पहले आईडीएफ ने सोशल मीडिया पर निकासी अलर्ट जारी किया, जिसमें लेबनानी नागरिकों को साइट के आस-पास के 300 मीटर के क्षेत्र को छोड़ने की सलाह दी गई।

आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्राई ने स्थान को चिह्नित करने वाला एक नक्शा साझा किया और निवासियों से तुरंत खाली करने का आग्रह किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब परिवार अपने घरों से भाग रहे थे, तो वहां अफरा-तफरी का माहौल था, कुछ लोग जल्दबाजी में स्कूल खाली कर रहे थे। आगे भी हमले की आशंका के चलते बच्चे पजामा पहनकर निकलते देखे गए। लेबनान के शिक्षा मंत्रालय ने लक्षित क्षेत्र के पास सभी सरकारी और निजी स्कूलों, माध्यमिक संस्थानों, व्यावसायिक केंद्रों और राफिक हरीरी विश्वविद्यालय परिसर को बंद करने का भी आदेश दिया। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायल के हवाई हमलों को 'अस्वीकार्य' और संघर्षविराम का उल्लंघन बताया। मैक्रों ने पेरिस में लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि ये हमले एकतरफा कार्रवाई हैं जो पूर्व प्रतिबद्धता को तोड़ते हैं। वह शुक्रवार की बमबारी से टूटे हुए चार महीने के संघर्ष विराम का जिक्र कर रहे थे। यह संघर्षविराम लागू होने के बाद से बेरूत पर इजरायल का पहला आक्रमण था। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला लेबनान से इजरायल की ओर रॉकेट हमलों के जवाब में था, जो सीमा पर तनाव बढ़ने का संकेत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानी जेलों से 223 अफगान कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 223 अफगान कैदियों को रिहा कर दिया गया है और वे अपने वतन वापस लौट आए हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, बंदी पिछले दो दिनों में पूर्वी नंगरहार में तोरखम सीमा पार बिंदु और दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग बिंदु के माध्यम से अफगानिस्तान लौट आए हैं। पाकिस्तान ने पिछले साल जेल में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें स्वदेश भेजा है। गौरतलब है कि कथित तौर पर 20 लाख से अधिक अफगानिस्तानी पाकिस्तान में रह रहे हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन सभी अफगानिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहा है, जिनके पास कानूनी यात्रा दस्तावेज और निवासी परमिट नहीं हैं।

### इराक में हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए

**बगदाद।** पश्चिमी इराकी प्रांत अनबर में हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए इराकी बलों ने अनबर प्रांत के एक रेगिस्तानी इलाके में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। बयान में कहा गया है कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए, साथ ही हथियार, गोला-बारूद, उपकरण और रसद आपूर्ति नष्ट हो गई। जबकि इराक ने 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की।

# अमेरिका ने यमन पर किए 26 नए हवाई हमले

**सना/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर 26 नए हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। अल-मसीरा टीवी ने बताया कि दक्षिणी सना में अल-सवाद क्षेत्र पर आठ हवाई हमले किए गए और 18 हवाई हमलों में सादा और अल-जौफ प्रांतों के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी पक्ष ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

इससे पहले दिन में अल-मसीरा टीवी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने भोर से पहले यमन पर 40 से अधिक हवाई हमले किए, जिसमें सना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, कमांड कैंप, सरीफ क्षेत्र और सनहान क्षेत्र में जरबन साइट के साथ-साथ उत्तरी प्रांतों में कई अन्य स्थानों को निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया है कि एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं ईरान ने यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों के जारी रहने और लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाकर किए गए नये इजरायली हमलों की निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बागई ने शुक्रवार रात को जारी बयानों में यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे 'अवैध और अनुचित' बताया। उन्होंने हमलों को आपराधिक कार्रवाई कहा, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक नियमों का 'घोर उल्लंघन' है। बागई ने एक अन्य बयान में कहा कि बेरूत में आवासीय क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रवक्ता ने इजरायल की 'आपराधिक कार्रवाई' को लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताते हुए इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संघर्ष विराम समझौते के इजरायल के लगातार उल्लंघन पर लगाम लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने का आह्वान किया। इजरायली सेना ने हालांकि कहा कि बेरूत पर उसके हवाई हमलों में हिजबुल्लाह से संबंधित 'ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया गया। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना ने कल शाम यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।



- राजधानी सना व अन्य प्रांतों पर साधा निशाना, एक की मौत, तीन घायल
- ईरान ने यमन पर अमेरिकी और लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा की

# एलन मस्क ने एक्सएआई को बेचा 'एक्स'

## कंपनी से 33 अरब डॉलर में ऑल-स्टॉक सौदा तय हुआ

**वाशिंग्टन।** अमेरिकी उद्योग पति एलन मस्क ने घोषणा की कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को अपनी खुद की एआई कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर के ऑल-स्टॉक सौदे में बेच दिया है।

दोनों कंपनियां निजी स्वामित्व वाली हैं, इसलिए उन्हें अपने वित्तीय विवरणों को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अधिग्रहण एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमताओं को एक्स की विशाल वैश्विक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का 33 अरब डॉलर है। मस्क, जो टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ भी हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार हैं, ने 2022 में ट्विटर के नाम से मशहूर इस प्लेटफॉर्म को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों की संख्या में कमी की, अभद्र भाषा, गलत सूचना और उपयोगकर्ता सत्यापन पर नीतियों में बदलाव किया और प्लेटफॉर्म को एक्स के रूप में पुनः ब्रांड किया। एक्स को खरीदने के एक साल बाद मस्क ने एक्सएआई की स्थापना की, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उनका अगला प्रमुख उद्यम था। उन्होंने एक्स पर लिखा एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है।

आज, हम आधिकारिक तौर पर डेटा, मॉडल, कंप्यूट, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के हमारे मूल मिशन के प्रति सच्चे रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी। एआई उद्योग में प्रमुखता सक्रिय मस्क खुद को एआई उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहे हैं, एक ऐसा फोकस जिसने ट्रम्प प्रशासन और तकनीकी क्षेत्र दोनों से महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।



# म्यांमार भूकंप से पड़ोसी चीनी प्रांत में 1700 लोग प्रभावित



**बीजिंग/कोलंबो।** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप से दक्षिण-पश्चिमी चीनी प्रांत युन्नान में 1,700 से ज़्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। सरकारी चीनी टेलीविजन चैनल सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। भूकंप से सीमावर्ती जिले रुइली में 458 घर प्रभावित हुए, कुल 1,705 लोग प्रभावित हुए।

दो लोग घायल हुए। कई ऊंची इमारतें और पुराने घर क्षतिग्रस्त हो गए। पानी और बिजली की आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन और दूरसंचार सेवाएँ बाधित हुईं। भूकंप का असर म्यांमार के पड़ोसी पांच देशों में भी महसूस किया गया। म्यांमार के प्रधानमंत्री मिन आंग लाइंग ने कहा कि इस आपदा में कम से कम 144 लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन स्थिति के रूसी मंत्रालय ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयास में म्यांमार की सहायता के लिए बचाव दल को ले जाने वाले दो विमान भेजे। वहीं श्रीलंका के विदेश मंत्रालय, विदेशी रोजगार और पर्यटन ने एक बयान में कहा कि वह म्यांमार और थाईलेंड में आए भूकंप से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मंत्रालय ने उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने थाईलैंड और म्यांमार में श्रीलंकाई लोगों से सतर्क रहने और यांगून और बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावासों से संपर्क करने का अनुरोध किया। इससे पहले, बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावास ने कहा कि अभी तक थाईलैंड में श्रीलंकाई नागरिकों के भूकंप से प्रभावित होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, जिसके कारण बैंकॉक और अन्य देशों में झटके महसूस किए गए।

भूकंप के बाद श्रीलंका ने म्यांमार, थाईलैंड के प्रति संवेदना व्यक्त की

## पाक में चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमला विफल तीन आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब के डेरा गाजी खान जिले में पुलिस ने एक चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमले को विफल कर दिया है और तीन हमलावरों को मार गिराया है। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 20 से 25 आतंकवादियों ने शुक्रवार रात उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे जिले में लखानी चेकपोस्ट पर हमला किया, जिसमें मोर्टार, रॉकेट लांचर, स्नाइपर राइफल और अन्य भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि हमले की तीव्रता के बावजूद, पुलिस बलों, एलीट फोर्स और स्पेशल ऑपरेशन यूनिट ने जमकर मुकाबला किया, जिससे हमलावरों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

# गिनी के पूर्व तानाशाह कैमारा को मिला क्षमादान

**डकार (सेनेगल)।** गिनी के सत्तारूढ़ जुंटा ने पूर्व तानाशाह मूसा श्दादिस्श कैमारा को माफ कर दिया है। वे 2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की सजा काट रहे थे। इस नरसंहार में कम से कम 157 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया था।

इस अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर जुलाई 2024 में कैमारा को सजा सुनाई गई थी। एक बयान के अनुसार, तख्तापलट करने के एक साल बाद जब प्रदर्शनकारी स्टेडियम में राष्ट्रपति पद के लिए कैमारा की योजना का विरोध कर रहे थे, तब सैनिकों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। उस समय जुंटा ने कहा था कि सेना के 'अनियंत्रित' तत्वों ने दुष्कर्म और हत्याओं को अंजाम दिया। हालांकि, ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब स्टेडियम में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, तब कैमारा के करीबी सहयोगी वहां मौजूद थे और उन्होंने इस नरसंहार को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। गवाहों के अनुसार, नरसंहार के दौरान कई पीड़ितों को गोली मार दी गई। कुछ को चाकू घोंपकर मारा गया। इस दौरान कुछ महिलाएं छिप गईं, लेकिन उन्हें वहां से घसीटकर बाहर निकाला गया और सेना ने कई दिनों तक उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

**2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की काट रहे थे सजा**

# अनन्या से तुलना करने पर बिफरी पलक तिवारी

**मुंबई।** श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे पैपराजी से इरिटेट होती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, पलक तिवारी मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची थीं, तभी पैपराजी ने उनसे यह सवाल पूछा, श्आपको पलक कहें या अनन्या पांडे, हालांकि, पलक ने इस सवाल को नजरअंदाज करते हुए कोई रिएक्शन नहीं दिया। इसके बाद, पलक के एक्सप्रेशन को देखकर एक पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या आप नाराज हैं, इस पर पलक ने जवाब दिया कि आप लोग हमेशा ऐसे क्यों बोलते हो, फिर



पैपराजी ने उनकी अपकमिंग फिल्म 'भूतनी' के बारे में पूछा, जिसका ट्रेलर आने वाला है। इस पर पलक हंसते हुए सिर हिलाती हैं और वहां से चली जाती हैं। साल 2023 में सलमान स्टारर श्किसी का भाई किसी की जानश से पलक तिवारी ने डेब्यू किया था। फिल्म में पूजा हेगड़े, वेंकटेश, भूमिका चावला, जगपति बाबू, विजेंदर सिंह, राघव जुयाल, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, शहनाज गिल, पलक तिवारी, विनाली भटनागर और सतीश कौशिक भी नजर आए थे। वहीं, अब जल्द पलक फिल्म 'भूतनी' में दिखाई देंगी, जिसमें संजय दत्त, मौनी राय, सनी सिंह, आसिफ खान और बेयानिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर 30 को सिनेमाघरों में सलमान खान की सिकंदर के साथ जोड़ा जाएगा।







## सलमान ने बताई पेरेंट्स की शादी की सबसे बड़ी रुकावट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अदाकार सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच सलमान ने अपने पिता सलीम खान और मां सलमा खान की शादी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता के रिश्ते में सबसे बड़ी समस्या उनका धर्म नहीं, बल्कि उनके पिता का प्रोफेशन था। खान ने कहा कि भले ही उनके माता और पिता अलग-अलग धर्मों से हों, लेकिन उनकी शादी में ए कोई खास मुद्दा नहीं था। असली समस्या ए थी कि उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री में काम करते थे। सलमान ने बताया कि उनकी मां के परिवार को फिल्म इंडस्ट्री में उनके भविष्य को लेकर चिंता थी। उन्हें लगता था कि ये एक परमानेंट करियर नहीं है।

# मां की इजाजत बगैर एक रुपया भी खर्च नहीं करतीं सारा अली खान

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा कि वह अपनी मां की इज्जत के बिना एक रुपया भी खर्च नहीं कर सकतीं।

उन्होंने यह भी कहा कि उनका गूगल पे अकाउंट उनकी मां के अकाउंट से लिंडीएम है और ओटीपी भी उनके पास आते हैं। सारा अली खान ने कहा कि मैंने सीखा है कि छोटी-छोटी चीजों को आपको अलग-अलग जगहों पर निवेश करना चाहिए। मेरी मां मेरा फाइनेंशियल अकाउंट हैंडल करती हैं। मेरा गूगल पे अकाउंट भी उनके साथ लिंडीएम है और ओटीपी उनके पास आते हैं। मैं बिना उनसे ओटीपी लिए टिकट बुक नहीं कर सकती। इसी वजह से उन्हें



हमेशा पता होता है कि मैं कहां हूं। सारा ने आगे कहा कि मैं जानती हूं और ध्यान रखती हूं कि मैं अपना पैसा कहां खर्च करती हूं। मुझे पैसे का बेवजह खर्च करना पसंद नहीं है, लेकिन हां, मुझे लगता है कि थोड़ी बहुत शापिंग या सेलिब्रेशन में कोई हर्ज नहीं है, अगर आप चाहें तो। हालांकि, मुझे यात्रा करना बहुत पसंद है, तो मैं यात्रा के लिए अपने पैसे बचाती हूं। कपिल शर्मा के शो में सारा अली खान ने बताया था कि वह अपनी मां को महंगी चीजें खरीदने से रोकती हैं। जैसे कि एक बार उनकी मां 1600 रुपये का तौलीया खरीद लाई थीं, तो सारा ने उन्हें डांटते हुए कहा कि ऐसा खर्च करना ठीक नहीं है। वहीं, सारा अली खान की बात करें तो उन्होंने साल 2018 में फिल्म श्केदारनाथश से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा की श्स्काई फोर्स इसी साल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला था।




# आलिया भट्ट को पसंद नहीं, बदल गई हो कहना

**मुंबई।** आलिया भट्ट ने हाल ही में शेयर किया कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि लोग उनसे बोले कि वह काफी बदल गई हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि हमेशा एक ही व्यक्ति बने रहना काफी खराब और मुश्किल है। आलिया का कहना है कि जिंदगी में बदलाव होना अच्छा है।

आलिया भट्ट ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत की। इस दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि उन्हें कौन-सी बात सबसे ज्यादा नाप. संद है। सवाल का जवाब देते हुए आलिया ने कहा कि एक बात मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है, वो है लोगों का मुझसे कहना, 'अरे, तुम बदल गई हो।' मेरे हिसाब से यह ठीक है, मुझे लगता है कि समय के साथ बदलना अच्छा है। 16 साल की उम्र में आप जो थे, वही बने रहना डरावना है।'



आलिया भट्ट ने इस बातचीत के दौरान कहा कि ऐसी कई बात हैं, जो वह चाहती थी कि इंडस्ट्री में आने से पहले कोई उन्हें बताता।































